राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 टीम इंडिया के खिलाड़ी कोच और सपोर्टिंग स्टाफ को कितना ...

एकनाथ शिंदे देवेन्द्र फडणवीस के नेतृत्व वाली ... 12

वर्ष : 15 | अंक : 132 | नई दिल्ली, रविवार, 08 दिसंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03 .00 | www.pratahkiran.com

# पीएम, रक्षा मंत्री व सीएम ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने का किया आग्रह

## सैनिकों का समर्पण हमें सुरक्षित रखता है : पीएम मोदी




नयी दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस देश के साहसी सैनिकों की वीरता, दृढ़ संकल्प और बलिदान को सलाम करने का दिन है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने का आग्रह किया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, सशस्त्र सेना झंडा दिवस हमारे साहसी सैनिकों की वीरता, दृढ़ संकल्प और बलिदान को सलाम करने के बारे में है। उनकी बहादुरी हमें प्रेरित करती है, उनका बलिदान हमें विनम्र बनाता है और उनका समर्पण हमें सुरक्षित रखता है। आइए सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में भी योगदान दें। यह दिन हर वर्ष शहीद नायकों और वर्दी में जवानों को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है जो मातृभूमि की रक्षा के लिए सीमाओं पर बहादुरी से लड़ते हैं। रक्षा मंत्रालय का भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग युद्ध विधवाओं, शहीद सैनिकों के आश्रितों और विकलांगों सहित भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण और पुनर्वास के लिए काम कर रहा है। विभाग पूर्व सैनिकों की व्यक्तिगत जरूरतों जैसे गरीबी अनुदान, शिक्षा अनुदान, अंत्येष्टि अनुदान, चिकित्सा अनुदान और अनाथ,विकलांग बच्चों का अनुदान के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

## सैनिकों का कल्याण सुनिश्चित करना सामूहिक जिम्मेदारी : राजनाथ



नयी दिल्ली/एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देशवासियों से सशस्त्र बल झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान करने का आह्वान करते हुए कहा है कि सेवारत और सेवानिवृत्त दोनों सैनिकों के कल्याण को सुनिश्चित करना देश की सामूहिक जिम्मेदारी बताया है। श्री सिंह ने शनिवार को इस अवसर पर अपने वीडियो संदेश में कहा कि यह दिन नागरिकों के लिए सैनिकों के अदम्य साहस, बलिदान तथा समर्पण को पहचानने और इनके प्रति जिम्मेदारियों को पूरा करने के संकल्प की पुष्टि करने का अवसर होता है। उन्होंने कहा, हमारे सशस्त्र बल एक अभेद्य सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करते हैं, जो हर स्थिति में हमारी रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं, न केवल बाहरी खतरों से, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी। उनका बलिदान और हमारे सैनिकों का अनुशासन हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। पूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपनी भूमिका निभाने का आग्रह करते हुए इस बात पर जोर दिया कि उनका योगदान सैनिकों और उनके परिजनों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के कल्याण के लिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह सौ हाथों से कमाए और हजार हाथों से दान दे। यह दिन हर वर्ष शहीद नायकों और जवानों को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है जो मातृभूमि की रक्षा के लिए सीमाओं पर बहादुरी से लड़ते हैं। रक्षा मंत्रालय का भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग युद्ध विधवाओं, शहीद सैनिकों के आश्रितों और विकलांगों सहित भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण और पुनर्वास के लिए काम कर रहा है। विभाग पूर्व सैनिकों की व्यक्तिगत जरूरतों जैसे गरीबी अनुदान, शिक्षा अनुदान, अंत्येष्टि अनुदान, चिकित्सा अनुदान और अनाथ,विकलांग बच्चों का अनुदान के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

## आपका अंशदान बहादुर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता होगी : नीतीश



पटना। सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर शनिवार को सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर मृगेन्द्र कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुख्यमंत्री आवास में मुलाकात कर उन्हें सशस्त्र सेना झंडा दिवस का फ्लैग लगाया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बिहार स्टेट एक्स सर्विसमैन बेनेवोलेंट फंड में अंशदान किया और देश के बहादुर सैनिकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट किया। उन्होंने कहा कि उनकी कुर्बानियों अमर है। वे अपनी जान के मूल्य पर राष्ट्र पर आए बाह्य एवं आंतरिक संकटों का मुकाबला बहादुरी के साथ करते हैं। नीतीश कुमार ने इन बहादुर सैनिकों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिये राज्यवासियों से बिहार स्टेट एक्स सर्विसमैन बेनेवोलेंट फंड में अंशदान किये जाने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि आपका यह अंशदान बहादुर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता होगी। सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर मृगेन्द्र कुमार ने सरकार द्वारा बिहार के सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों को दी जाने वाली सम्मान राशि एवं दी जाने वाली अनुग्रह अनुदान राशि में की गई बढ़ोतरी के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। बिहार सरकार द्वारा बिहार निवासी सैनिकों, पूर्व सैनिकों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। अनुग्रह अनुदान की राशि को 11 लाख रुपए से बढ़ाकर 21 लाख रुपए कर दिया गया है। सशस्त्र सेना की सैन्य सेवा से विमुक्त दिव्यांग सैनिकों के लिए अनुग्रह अनुदान की राशि को 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर दिया गया है। साथ ही बिहार निवासी शौर्य पुरस्कार विजेताओं को दी जाने वाली सम्मान राशि में भी वृद्धि की गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, गृह विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी, गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, सैनिक कल्याण निदेशालय के निदेशक ब्रिगेडियर मृगेन्द्र कुमार, सैनिक कल्याण निदेशालय के संयुक्त सचिव परवेज आलम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### फडणवीस, शिंदे और पवार ने विस सदस्य के रूप में ली शपथ

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा के तीन दिवसीय विशेष सत्र के पहले दिन शनिवार को सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने भी विधानसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली। पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर कालिदास कोलंबकर ने तीनों नेताओं को विधायक के रूप में शपथ दिलाई। उनसे पहले, चैनसुख संचेती और जयकुमार रावल दोनों भाजपा, माणिकराव कोकाटे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और आशीष जायसवाल शिवसेना ने शपथ ली। ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने उन्हें प्रोटेम स्पीकर पैनल के सदस्य के रूप में नियुक्त किया। इन चारों ने शनिवार को सदन के सदस्य के रूप में सबसे पहले शपथ ली। नागपुर दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले मुख्यमंत्री फडणवीस ने राज्य विधानमंडल के निचले सदन के सदस्य के रूप में छठी बार शपथ ली।

### सीरिया को लेकर भारत चिंतित, एडवाइजारी में कहा- जल्द से जल्द वहां से निकलें

नई दिल्ली। भारत सरकार ने सीरिया में रह रहे सभी भारतीय नागरिकों के लिए देर रात एक एडवाइजरी जारी की। इसमें सलाह दी गई है कि वे अगली सूचना तक सीरिया की यात्रा करने से पूरी तरह बचें। एडवाइजरी में आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी भी साझा की गई है। विदेश मंत्रालय ने सीरिया में वर्तमान में सभी भारतीयों से दमिश्क में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की अपील की है। इसके अलावा सलाह दी गई है कि जो लोग वहां से निकल सकते हैं।

### बारिश के आसार, दिल्ली समेत आस-पास क्षेत्रों में बढ़ेगी ठंड

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में सर्दियों की पहली बारिश का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 8 दिसंबर को हल्की बारिश की संभावना है, जिससे ठंड में इजाफा होगा। बारिश के बाद न्यूनतम तापमान गिरकर 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। दिन के तापमान में भी 2-3 डिग्री की गिरावट देखने को मिल सकती है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य है, जबकि न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री कम रहा है। हवा में नमी का स्तर 32 से 90 प्रतिशत तक रहा। शनिवार को सुबह के समय स्मॉग छाने के साथ ही 8 दिसंबर को संभावित बारिश के बाद 9 दिसंबर से मौसम साफ होने की संभावना है, जिससे ठंड बढ़ने लगेगी।

# वाराणसी में बोले सीएम योगी- हमारा देश सुरक्षित तो हमारा धर्म सुरक्षित, इसके बाद ही हम सुरक्षित

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को स्वर्वेद महामंदिर धाम में आयोजित विहंगम योग संत समाज की स्थापना के शताब्दी समारोह महोत्सव में शामिल हुए। 25000 कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का भी आयोजन किया गया है। लाखों लोगों के होने के बावजूद यहां की सुचारू व्यवस्था की सीएम योगी ने तारीफ की**

प्रात: किरण/ एजेंसी



वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम मोदी जी कहते हैं कि हर काम देश के नाम होना चाहिए। देश सुरक्षित है तो धर्म भी सुरक्षित है। धर्म सुरक्षित है तो हम भी सुरक्षित हैं, इसलिए जो भी कार्य हो, वह व्यक्ति, समाज, मत-मजहब के दायरे से ऊपर उठकर सनातन धर्म के मूल्यों के अनुरूप भारत की वैदिक-आध्यात्मिक परंपरा का अनुसरण करते हुए देश के नाम होना चाहिए। भारतीयता और सनातन सबको जोड़ने की ताकत रखता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को स्वर्वेद महामंदिर धाम में आयोजित विहंगम योग संत समाज की स्थापना के शताब्दी समारोह महोत्सव में शामिल हुए। 25000 कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का भी आयोजन किया गया है। लाखों लोगों के होने के बावजूद यहां की सुचारू व्यवस्था की सीएम योगी ने तारीफ की।

**1924 में सद्गुरु सदाफल देव महाराज ने की थी विहंगम योग संत समाज की स्थापना:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 1888 में बलिया के छोटे से गांव में सद्गुरु सदाफल देव महाराज का अवतरण हुआ। उन्होंने 1924 में विहंगम योग संत समाज की स्थापना की। जब समाज शताब्दी समारोह कार्यक्रम के साथ जुड़ रहा है, तब हम भी इसके साक्षी बन रहे हैं। हम सभी को संत की यौगिक साधना का प्रसाद प्राप्त हो रहा है।

विहंगम योग संत समाज स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट के माध्यम से दिव्य-भव्य मंदिर बनाकर कोटि-कोटि श्रद्धालुजनों को अपने पुरुषार्थ के माध्यम से जोड़ने के साथ ही भारत की योग परंपरा व आध्यात्मिक धारा को जन-जन तक पहुंचाने को कृतसंकल्पित दिख रहा है।

**हाथ पर हाथ रखकर बैठा नहीं रह सकता सच्चा योगी व संत:** सीएम योगी ने कहा कि सद्गुरु सदाफल देव महाराज ने आध्यात्मिक अभियान को आगे बढ़ाया और यह भी बताया कि सच्चा योगी-संत देश व समाज की परिस्थितियों को देखकर हाथ पर हाथ रखकर बैठा नहीं रह सकता। देश जब गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा था, तब सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज ने अपनी आध्यात्मिक साधना के साथ विदेशी दासता से मुक्त कराने के लिए आजादी के आंदोलन में भाग लेकर बैरकपुर से देश के प्रथम स्वातंत्र्य समर के शंखनाद के साथ खुद को जोड़ा था। आप सब भी समृद्ध आध्यात्मिक परंपरा के साथ राष्ट्रधर्म के लिए समर्पित महत्वपूर्ण कड़ी से खुद को जोड़ रहे हैं।

**सद्गुरु की परंपरा का आज भी हो रहा निर्वहन:** सीएम योगी ने कहा कि सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज ने उत्तराखंड ने स्वर्वेद रचा। उनकी अद्भुत परंपरा का निर्वहन आज भी हो रहा है। विज्ञान देव जी महाराज एक वर्ष से कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा पर थे। आचार्य जी भी विदेश में भक्तों को जगाने के लिए आध्यात्मिक यात्रा पर निकले थे। यह संदेश देता है कि चुपचाप नहीं बैठना है, बल्कि एक कार्य पूरा हुआ तो अगले कार्य की शुरूआत करनी है और हर काम देश-सनातन धर्म के नाम है। आज हम जिस कार्यक्रम के साथ जुड़ रहे हैं, यह उसी विरासत का सम्मान है, जिसे 100 वर्ष पहले सद्गुरु सदाफल देव महराज ने प्रारंभ किया था। आचार्य स्वतंत्र देव जी महाराज, संत प्रवर विज्ञान देव महाराज उसी परंपरा का अनुसरण करते हुए उसे आगे बढ़ाते हुए जनजागरण के वृहद अभियान से जुड़ रहे हैं।

**पहले की तुलना में 2014 के बाद से 100 गुना बेहतर हुई काशी की कनेक्टिविटी:** सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र काशी को 10 वर्ष में चमका दिया है। अब काशी विश्वनाथ धाम, दुनिया का सबसे बड़ा स्नान घाट (नमो घाट) है। यहां हैलीपेड भी है। यहां बड़े-बड़े कार्यक्रम हो सकते हैं। काशी के घाट अब नए भव्य स्वरूप में देखने को मिलते हैं। देव मंदिरों का कायाकल्प हुआ है। पहले की स्थिति के मुकाबले 2014 के बाद से सड़क, रेल, वायुसेवा की कनेक्टिविटी 100 गुना बेहतर हुई है। अब काशी से हल्दिया के बीच में जलमार्ग का उपयोग कर यात्रा को बढ़ा सकते हैं। यह क्षेत्र भी अब तीर्थ के रूप में विकसित हो गया है। स्वास्थ्य हो या शिक्षा, विकास के विभिन्न पक्षों को लेकर काशी आज चमक रही है और काशी के साथ पूरा यूपी पीएम मोदी के मार्गदर्शन में आगे बढ़ रहा है। अब 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के दर्शन हो रहे हैं, जहां विकास भी है और विरासत का सम्मान भी।

**अच्छा नेतृत्व मिलता है तो परिणाम सुखद आते हैं:** सीएम योगी ने कहा कि अच्छा नेतृत्व मिलता है तो सुखद परिणाम आते हैं। आज विरासत का सम्मान भी है तो विकास के माध्यम से लोककल्याण का बड़ा अभियान भी। योग की परंपरा को वैश्विक मंच पर ले जाने का श्रेय पीएम मोदी को जाता है। दुनिया के 175 से अधिक देशों के अंदर लोग योग के साथ जुड़े हैं। जब भी योग की चर्चा होगी, भारत के ऋषियों के प्रति श्रद्धा का भाव दुनिया के नागरिकों के मन में जुड़ेगा। पीएम मोदी ने 21 जून की तिथि को विश्व योग दिवस के रूप में कर दिया। प्रयागराज में 13 जनवरी से महाकुंभ प्रारंभ होने वाला है। पीएम मोदी ने इसे भी मान्यता के अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दिला दी। मोदी जी के मार्गदर्शन में 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भगवान श्रीरामलला अपने दिव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं।

**पीएम मोदी ने भी की थी विहंगम योग संत समाज व ट्रस्ट के कार्यों की सराहना:** सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18 दिसंबर 2023 को इस समारोह का शुभारंभ किया था। शताब्दी महोत्सव के अवसर पर उन्होंने स्वर्वेद महामंदिर का भव्य उद्घाटन भी करते हुए विहंगम योग संत समाज व स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट के कार्यों की सराहना की थी। 2021 में भी पीएम मोदी के सानिध्य में इस पूरे कार्यक्रम में हमें सहभागी बनने का अवसर प्राप्त हुआ था। इस दौरान आचार्य स्वतंत्र देव जी महाराज, स्वतंत्र प्रवर विज्ञान देव जी महाराज, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर आदि मौजूद रहे।

## हर वर्ग तक शिक्षा पहुंचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मोदी

# 85 केंद्रीय व 28 नए नवोदय विद्यालय खोलेगी केन्द्र सरकार

प्रात: किरण



नई दिल्ली/ एजेंसी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने देश में 85 केंद्रीय विद्यालयों और 28 नए नवोदय विद्यालयों को खोलने की मंजूरी दे दी है। सर्वाधिक 13 केंद्रीय विद्यालय जम्मू-कश्मीर में खोले जाएंगे। जिन 28 नए नवोदय विद्यालयों को खोलने की घोषणा की गई है, उनमें सबसे अधिक आठ नवोदय विद्यालय अरुणाचल प्रदेश में खोले जाएंगे। इससे 15,680 छात्रों को फायदा होगा। इन विद्यालयों के खोलने पर अगले आठ सालों में आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च होंगे। यह सभी पीएम-श्री स्कूलों के रूप में कार्य करेंगे। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि ये 85 नए केंद्रीय विद्यालय देश के 19 राज्यों में खोले जाएंगे। उन्होने बताया कि 85 नए केंद्रीय विद्यालयों के खुलने से इनमें 82 हजार से अधिक छात्रों को शिक्षा मिल सकेगी। इसके साथ ही पांच हजार से अधिक लोगों को शिक्षक सहित दूसरे पदों पर नौकरी मिलेगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कैबिनेट के इस फैसले को शिक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम बताया है। पीएम मोदी ने इस योजना की तारीफ करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप स्कूली शिक्षा समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी कड़ी में हमारी सरकार ने देशभर में 28 नए नवोदय विद्यालयों को मंजूरी दी है। इससे आवासीय और गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा का बड़े दायरे में विस्तार होगा। 28 नवोदय विद्यालयों की स्थापना के लिए 2024-25 से 2028-29 तक पांच वर्षों में कुल 2,359.82 करोड़ रुपये की धनराशि की आवश्यकता है।

# मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर शुभकामनाएं दी

नई दिल्ली,एजेंसी। देश में आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के वीर जवानों के सम्मान में मनाया जाता है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दीं और भारतीय सशस्त्र बलों के वीर कर्मियों को उनके बेजोड़ साहस, वीरता और धैर्य के लिए सलाम किया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सशस्त्र सेना झंडा दिवस हमारे बहादुर सैनिकों के असाधारण साहस और वीरता और धैर्य और हमारे देश के प्रति उनकी वीरता और निस्वार्थ सेवा के प्रति सच्ची कृतज्ञता व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से, मैं अपने सभी साथी नागरिकों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने की अपील करता हूं।

**उद्घाटन** | सामाजिक न्याय मंत्रालय के नेतृत्व आयोजित राष्ट्रीय पहल नशा मुक्त भारत अभियान को भी आगे बढ़ाया गया।

# पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने किया नशा मुक्ति अभियान का उद्घाटन

नई दिल्ली, एजेंसी

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने शुक्रवार को राज्य में नशा मुक्त रंगला पंजाब अभियान का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम सिखों के नवें गुरु, गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर आयोजित किया गया। सामाजिक न्याय मंत्रालय के नेतृत्व आयोजित राष्ट्रीय पहल नशा मुक्त भारत अभियान को भी आगे बढ़ाया गया। अभियान का एक प्रमुख आकर्षण पीपुल्स वॉक अगेंस्ट ड्रग्स है, जिसे रेड क्रॉस सोसायटी के साथ साझेदारी में आयोजित किया गया है। इसका नेतृत्व सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक, खुशवंत सिंह कर रहे हैं। शनिवार 7 दिसंबर से 11 दिसंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के नागरिकों को नशीली दवाओं की लत के खिलाफ एकजुट होने के लिए प्रेरित किया जाएगा। यह पदयात्रा 10 दिसंबर को महान धावक सरदार फौजा सिंह के घर व्यास गांव से शुरू होगी और शाम को जालंधर जिले के बाथे गांव में समाप्त होगी। आगामी 11 दिसंबर को प्रतिभागी बाथे से करतारपुर में जंग-ए-आजादी स्मारक तक जाएंगे। इसके तहत प्रतिभागी नशीली दवाओं के खिलाफ चल रहे अभियान में एकता और एकजुटता का संदेश देंगे। राज्यपाल ने सामूहिक कार्रवाई को प्रेरित करने में इसके महत्व पर जोर देते हुए पदयात्रा के समापन दिवस में व्यक्तिगत भागीदारी की भी पुष्टि की है।

उन्होंने कहा, जब मैंने पंजाब में कदम रखा, तो मैंने देखा कि नशे का प्रभाव यहां के लोगों में काफी बढ़ा है।



बहुत से प्रयास पहले से हो चुके हैं, लेकिन और प्रयासों की आवश्यकता है। मैंने सोचा कि मैं इस अभियान में शामिल होकर इसे और बढ़ावा दूं। मैंने उनसे कहा था कि मैं भी उनके साथ पैदल चलने का प्रयास करूंगा, और 10 तारीख को इस अभियान को ज्वाइन करूंगा। हालांकि, मैं इंग्लैंड में रहते हुए बड़े नेताओं से मिलने का अनुभव रखता हूं, जहां उन्हें सम्मानित किया जाता है, लेकिन यहां मैं 108 किलोमीटर जरूर तय करूंगा, जितना हो सके, उन सभी के साथ, जनता और छात्रों के साथ जुड़कर इस अभियान को सफल बनाने का प्रयास करूंगा। यह पहला अवसर नहीं है जब मैं ऐसा कर रहा हूं, पहले भी मैंने इस तरह के प्रयास किए हैं।

उन्होंने आगे कहा, पंजाब में कई लोगों ने अपने स्तर पर इस मुद्दे पर जागरूकता फैलाने की कोशिश की है। मैं सोचता हूं कि इसमें सबसे बड़ी मदद हमारे माताओं और बहनों से मिल सकती है, क्योंकि यदि परिवार में किसी लड़की या बच्चे का कोई नुकसान होता है, तो उस दर्द को एक माता या बहन ही समझ सकती है। मुझे लगता है कि हमें उन्हें इस अभियान से जोड़ने की जरूरत है। पहले हमारे परिवार का ढांचा मजबूत था, जिसमें हम हर बच्चे पर ध्यान देते थे, लेकिन अब समय की कमी के कारण हम बच्चों को समय नहीं दे पा रहे हैं। इस मुद्दे पर परिवार को भी जागरूक करने की जरूरत है। हमारा प्रयास यह होना चाहिए कि बच्चों को खेलों में जोड़ा जाए, ताकि उनका समय सही दिशा में व्यतीत हो। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि खेलों में पदक जीतने वाले लोग अधिकतर नशे से मुक्त रहते हैं, और इससे बच्चे एक अच्छे वातावरण में रहकर कुछ करने की स्थिति में आते हैं। इसलिए हमें बच्चों को खेलों और अन्य गतिविधियों में शामिल करने की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, मैंने पंजाब में आने के बाद गांवों की समितियों और जन प्रतिनिधियों से चर्चा की है, और हम सभी मिलकर इस मुद्दे का समाधान खोजने की कोशिश कर रहे हैं। यहां हम बीएसएफ, पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि इस समस्या पर काबू पाया जा सके। साथ ही, हम राजभवन से भी सहयोग प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। हमने यह निर्णय लिया है कि गांव की समितियों को आर्थिक मदद दी जाएगी, ताकि वे इस अभियान में सहयोग कर सकें। हमारा मुख्य उद्देश्य यह है कि हम युवा पीढ़ी को नशे से मुक्त कराएं, ताकि वे देश के निर्माण में योगदान कर सकें। इसके लिए हमें समाज के सभी वर्गों से सहयोग प्राप्त करना होगा। आने वाले दिनों में, हम विभिन्न धर्मगुरुओं और समाजसेवियों से भी मिलकर एक अभियान की योजना बनाएंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस अभियान से जुड़ सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम धामी ने लोहाघाट में स्कूल भवन का किया लोकार्पण, बोले- शिक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता



**चम्पावत, एजेंसी।** स्कूल भवन का लोकार्पण कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अच्छी शिक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता है। स्कूल भवन का लोकापर्ण करने के दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता है। और हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उत्तराखंड के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले। हम सभी इसके लिए प्रतिबद्ध हैं।

### तल्लीताल बाजार दोपहिया पार्किंग का अड्डा बनी



**नैनीताल, एजेंसी।** तल्लीताल बाजार दोपहिया पार्किंग का अड्डा बन गई है। बाजार के प्रवेश द्वार समेत क्रांति चौक पर दिनभर दर्जनों दोपहिया वाहन खड़े रहते है। इसके अलावा बाजार के अन्य स्थानों पर भी दोपहिया वाहन पार्क होते हैं। यही नहीं, गूगल मैप में इसे नगर का प्रवेश मार्ग दिखाने पर कई बार सैलानियों के चौपहिया वाहन भी यहां आ जाते हैं। यहां पूर्व में व्यापार मंडल की ओर से मल्लीताल बाजार तथा अन्य बाजारों की तर्ज पर दिन में वाहनों की आवाजाही को प्रतिबंधित किया गया था, लेकिन वर्तमान में ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं होने से दिक्कतें बढ़ गई हैं। व्यापारियों के मुताबिक वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित करने को लेकर व्यापारियों में भी दोफाड़ है।

### राज्यपाल ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि दी



**देहरादून, एजेंसी।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने राजभवन में शुक्रवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के मौके पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने अपने पूरे जीवनकाल में दलितों, शोषितों और पिछड़ों को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। राज्यपाल ने कहा कि हम सबको उनके दिखाए गए सामाजिक न्याय और समरसता के मार्ग पर चलते हुए एक महान व श्रेष्ठ समाज और मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था का मार्ग प्रशस्त करने में अपना योगदान देना चाहिए।

### आजादी के बाद पहली बार बमेथ से कमेठ सौड़ा गांव तक जाएगी सड़क

**ऋषिकेश, एजेंसी।** रानीपोखरी न्याय पंचायत के दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र में आजादी के बाद पहली बार बमेथ से मादसी कमेठ और सौड़ा गांव तक सड़क पहुंचेगी। क्षेत्रीय विधायक ने संबंधित अधिकारियों के साथ मार्ग कटिंग के लिए भूमि पूजन किया। विधायक बृजभूषण गैरोला ने मार्ग कटिंग के लिए भूमि पूजन करते हुए कहा कि पहाड़ी क्षेत्र में आजादी के बाद करीब 75 साल बाद पहली बार सड़क पहुंचने जा रही है। वन मंजूरी के कारण यह सड़क दशकों तक फाइलों में उलझी रही। अब वन मंजूरी मिलने के बाद राज्य योजना के अंतर्गत एक करोड़ 57 लाख की लागत से पांच किलोमीटर लंबाई और सात मीटर चौड़ाई में पहाड़ को काटकर मार्ग बनाया जाएगा। विधायक ने कहा कि मार्ग के लिए कटिंग कार्य लोनिवि द्वारा किया जाएगा।

# बम धमाके को दस साल बीते पर नहीं मिल पाया तुषार को न्याय, रुड़की में पहली बार हुई थी आतंकी घटना

**रुड़की, एजेंसी।**
रुड़की में पहली बार छह दिसंबर को 2014 में आतंकी घटना हुई थी। बम विस्फोट में 11 साल के मासूम तुषार की जान चली गई थी। तुषार राजकीय इंटर कॉलेज में कक्षा छह में पढ़ता था।

छह दिसंबर 2014 को हुए बम धमाके में 11 साल के मासूम तुषार की मौत हो गई थी। देश की सबसे बड़ी सुरक्षा एजेंसी एनआईए इस मामले की जांच कर रही है। इन 10 सालों में करीब तीन हजार से अधिक लोगों से एनआईए ने पूछताछ की लेकिन आज तक इस आतंकी घटना का खुलासा नहीं हो पाया है। तुषार को न्याय नहीं मिल पाया है। परिवार के लोग न्याय की मांग कर रहे हैं।

केएल डीएवी इंटर कॉलेज के मैदान में छह दिसंबर को शौर्य दिवस पर कार्यक्रम चल रहा था। इसमें हिंदू संगठन के बड़े नेता संगीत सोम व सुरेश राणा आदि समेत कई बड़े हिंदू नेता शामिल हुए थे। कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान कार्यक्रम स्थल में महज कुछ ही दूरी पर एक जोरदार बम धमाका हुआ जिससे अफरा-तफरी मच गई। इस धमाके की चपेट में राजकीय इंटर कॉलेज की कक्षा छह का छात्र व



कृष्णानगर गली नंबर-3 निवासी तुषार धीमान आ गया था। उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

घटना के समय वह स्कूल की छुट्टी के बाद अपने घर जा रहा था। इस आतंकी घटना से पूरा शहर हिल गया था। बम विस्फोट होने के चलते मामले की जांच का जिम्मा देश की सबसे बड़ी सुरक्षा एजेंसी एनआईए को सौंपा गया। एनआईए ने कई महीनों तक जांच के लिए रुड़की में ही डेरा डाले रखा। इस दौरान एनआईए ने तीन हजार से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए गए। हर स्तर पर पड़ताल की लेकिन आज तक भी इस आतंकी घटना का खुलासा नहीं हो पाया है।

मासूम तुषार की मौत के जिम्मेदार आज भी खुले घूम रहे हैं। तुषार को 10 साल बीतने पर भी न्याय नहीं मिल पाया। तुषार के पापा सतीश कुमार धीमान, मम्मी किरण धीमान व बड़े भाई विशाल को अभी इंसाफ का इंतजार है। उनका कहना है कि इस बम धमाके के दोषियों को जरूर पकड़ा जाना चाहिए। उन्हें सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। उनका पकड़ा न जाना देश के लिए एक बड़ा खतरा है। तुषार के पिता सतीश कुमार धीमान बताया कि वर्ष 2018 तक मामले में कार्रवाई चली लेकिन उसके बाद कभी किसी ने नहीं बताया कि उनका केस कहां तक पहुंचा। उन्होंने कई बार इस संबंध में संपर्क भी करना चाहा लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। तुषार को न्याय भले न मिल पाया हो लेकिन शहर के लोगों ने उन्हें बेहद सम्मान दिया। तुषार की याद में लीथोप्रेस कॉलोनी के बराबर से शास्त्रीनगर व कृष्णानगर को जाने वाले मार्ग पर एक द्वार बनाया गया है। इसका नाम शहीद तुषार द्वार रखा गया है। यही नहीं तुषार की याद में हर साल पुण्यतिथि पर कार्यक्रम भी होता है। हालांकि उस समय घोषणा की गई थी कि तुषार के परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी। यह वादा भी प्रदेश सरकार ने आज तक पूरा नहीं किया है।

## संत महात्माओं के सानिध्य में निकलेगी गोमुख कलश यात्रा

**ऋषिकेश, एजेंसी।** श्यामपुर लक्कड़घाट स्थित श्रीराम जानकीधाम में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन जन चेतना अभियान गोमुख संकल्प यात्रा की बैठक आयोजित की गई। महामंडलेश्वर स्वामी दयाराम दास, महामंडलेश्वर भारत भूषण दास, महामंडलेश्वर चक्रपाणि दास, युवराज स्वामी गोपालाचार्य महाराज, महंत आलोक हरि, महंत छोटन दास, महंत रवींद्र दास महाराज को गोमुख संकल्प यात्रा का संरक्षक चुना गया है। वर्ष 2025 की गोमुख संकल्प यात्रा इन्हीं संत महात्माओं के सानिध्य में की जाएगी।

बृहस्पतिवार को महामंडलेश्वर स्वामी दयाराम दास महाराज की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में यात्रा के संयोजक महंत रवि प्रपन्नाचार्य ने बताया कि वर्ष 2025 में 24 से 29 जून तक होने वाली गोमुख संकल्प यात्रा जगतगुरु, आचार्य, महामंडलेश्वर और महंतों की अध्यक्षता में निकाली जाएगी।

यात्रा के दौरान पढ़ने वाले पड़ावों में पर्यावरण संरक्षण के लिए नुक्कड़ नाटक भी किए जाएंगे। महामंडलेश्वर स्वामी दयाराम दास महाराज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए गोमुख संकल्प यात्रा 16 वर्षों से निरंतर कार्य कर रही है, जो कि उत्तराखंड के लिए बड़े गौरव की बात है।

यात्रा के सदस्यों की ओर से लोगों को पर्यावरण के लिए जागरूक किया जाता रहा है। यह यात्रा वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना के साथ आगे बढ़ रही है। गोमुख संकल्प यात्रा आज देश-विदेश में मां गंगा की छाप छोड़ रही है।

# उत्तराखंड में अगले 48 घंटे में बिगड़ेगा मौसम, बारिश और हिमपात का अलर्ट

**देहरादून, एजेंसी।**
उत्तराखंड में मौसम का मिजाज 7 दिसंबर से बिगड़ने वाला है, जब पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इससे 08 और 09 दिसंबर को राज्य के कई हिस्सों में बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है। देहरादून, नैनीताल, पौड़ी और टिहरी जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। इस बारिश के साथ ठंड में वृद्धि होगी और सूखी ठंड से राहत मिलेगी। हालांकि, 10 दिसंबर से मौसम साफ रहने की उम्मीद जताई जा रही है।

राज्य मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने बताया कि मौसम में ये बदलाव



प्रदेशभर में तापमान में गिरावट लाएंगे, जिससे कड़ाके की ठंड बढ़ेगी। ऊंचे पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी भी हो सकती है, जो पर्यटकों के आकर्षण का कारण बनेगी। ऐसे में लोग सर्दी से बचाव के लिए सतर्क रहें और बारिश के दौरान यात्रा करते वक्त सतर्क रहें। विशेषज्ञों का मानना है कि ठंड के बढ़ते प्रभाव से बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और गर्भवती महिलाओं को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्हें अत्यधिक ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े पहनने और पर्याप्त आहार लेने की सलाह दी गई है, ताकि सर्दी से संबंधित बीमारियों से बचा जा सके।

## चार प्रमुख अध्ययनों से लिखेंगे प्रदेश की तरक्की की इबारत, राज्य सेतु आयोग की पहल

**देहरादून, एजेंसी।** राज्य सेतु आयोग के उपाध्यक्ष ने बताया कि चारों अध्ययन अगले छह से सात महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अध्ययनों से यह पता लगाया जाएगा कि वर्तमान और भविष्य की आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच चारों क्षेत्रों की कार्यप्रणाली और क्षमता किस स्तर की है और जो कमजोरियां और खालीपन हैं, उन्हें दुरुस्त जा सकता है।

उत्तराखंड सरकार की परामर्श एजेंसी राज्य सेतु आयोग की पहल शहरी विकास और जन सरोकारों जुड़े विभागों की कार्यप्रणाली और भावी संभावनाओं को लेकर चार प्रमुख अध्ययन शुरू हो गए हैं। एक अध्ययन राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में स्थानीय लोगों के रोजगार और उनकी आजीविका में बढ़ोतरी की संभावनाओं पर केंद्रित है। अलग-अलग एजेंसियों से कराए जा रहे इन अध्ययनों से यह पता लगाया जाएगा कि वर्तमान और भविष्य की आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच चारों क्षेत्रों की कार्यप्रणाली और क्षमता किस स्तर की है और जो कमजोरियां और खालीपन हैं, उन्हें दुरुस्त जा सकता है। सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी के मुताबिक, चारों अध्ययन अगले छह से सात महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है

अध्ययन पूरा होने के बाद इसकी रिपोर्ट सरकार और संबंधित विभागों से साझा की जाएगी।

### घाटों पर गंदगी से शहर की छवि हो रही धूमिल

**ऋषिकेश, एजेंसी।** नगर पंचायत स्वर्गाश्रम जौंक अंतर्गत वार्ड नंबर चार के नावघाट पर गंदगी पसरी हुई है। गंगा घाट पर बने चेंजिंग रूम के अंदर और घाट किनारे गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। निकाय प्रशासन गंगा घाटों की सफाई को लेकर गंभीर नहीं है। इससे शहर की छवि धूमिल हो रही है।

## अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी, आत्महत्या की आशंका



**हरिद्वार, एजेंसी।**
रोड़ी बेलवाला चौकी क्षेत्र में शुक्रवार को एक महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव मिलने की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। सूचना मिलने पर नगर कोतवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास किए, किन्तु शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रोड़ी बेलवाला चौकी क्षेत्र में एक महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव के आसपास चूड़ियां, कुछ सामान व कीटनाशक दवा भी मिली। महिला के मुंह से झाग निकल रहा था। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला ने कीटनाशक खाकर जान दी है। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि पृथमदृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव के पास में मिर्गी की दवा मिली है। इससे लगता है कि महिला बीमारी से भी पीड़ित रही होगी। महिला की उम्र करीब 25-28 वर्ष प्रतीत हो रही है। शव की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### विवि ने परीक्षाओं की नई तिथियां कीं घोषित

**ऋषिकेश, एजेंसी।** श्रीदेव सुमन विवि प्रशासन ने शुक्रवार को आयोजित होने वाली सभी परीक्षाओं की नई तिथियां घोषित कर दी हैं। शुक्रवार को राजपत्रित अवकाश होने के कारण इस दिन की सभी परीक्षाएं निरस्त कर दी गई थी। शुक्रवार को शासन की ओर से गुरु तेग बहादुर शहीद दिवस पर राजपत्रित अवकाश घोषित किया गया है। जिसके चलते विवि प्रशासन ने शुक्रवार को आयोजित होने वाली सभी परीक्षाएं निरस्त कर दी थी। अब विवि प्रशासन ने निरस्त की गई परीक्षाओं की नई तिथियां घोषित कर दी हैं। विवि के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय से आदेश जारी किया गया है। परीक्षा 31 दिसंबर, स्नातक प्रथम सेमेस्टर ऋषिकेश/गोपेश्वर की परीक्षा 31 दिसंबर, बीकॉम आनर्स तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 13 दिसंबर, बीकॉम ऑनर्स पंचम सेमेस्टर की परीक्षा 10 दिसंबर, पीजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 16 दिसंबर, पीजी तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 16 दिसंबर व स्नातक प्रथम सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षा अब सात जनवरी 2025 को आयोजित होगी।

## नया साल प्रदेश के 16 हजार परिवारों के लिए लेकर आएगा खुशखबरी, मार्च तक बनेंगे आशियाने



**देहरादून, एजेंसी।**
गरीबों के लिए मार्च तक 16 हजार आशियाने बनेंगे। प्राधिकरणों के जरिये कुल 3,104 आवास तैयार किए जा रहे हैं। अपर आयुक्त आवास ने बताया कि निजी भागीदारी के साथ 1,760 घर लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं।

नया साल 16 हजार परिवारों के लिए खुशखबरी लेकर आएगा। आवास विभाग ने प्रदेश में मार्च तक 16 हजार आवास तैयार करने का लक्ष्य तय किया है। उत्तराखंड आवास विकास परिषद राज्य बनने के बाद पहली बार अपनी आवासीय परियोजनाओं पर काम कर रही है।

परिषद 15 परियोजनाएं निजी निवेशकों के साथ तैयार कर रही है, जिसमें कुल 12,856 आवास शामिल हैं। शेष पांच परियोजनाएं संबंधित विकास प्राधिकरणों की ओर से विकसित की जा रही हैं। प्राधिकरणों के जरिये कुल 3,104 आवास तैयार किए जा रहे हैं। अपर आयुक्त आवास पीसी दुम्का ने बताया कि निजी भागीदारी के साथ 1,760 घर लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं।

14,635 आवासों का भी आवंटन किया जा चुका है। बाकी परियोजनाओं को मार्च 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उधर, एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने बताया कि के धौलास में 240 फ्लैट मार्च 2025 तक तैयार हो जाएंगे।

## मोहंड से बनेगा 1.3 किमी लंबा वायाडक्ट, सीधे डाटकाली मंदिर जा सकेंगे भक्त

**देहरादून, एजेंसी।**
दिल्ली, मेरठ, सहारनपुर की ओर से मां डाटकाली मंदिर आने वाले भक्तों के लिए अच्छी खबर है। एक्सप्रेस वे पर अब मोहंड से वायाडक्ट का निर्माण किया जा रहा है, जो एक्सप्रेस वे से सीधे मां डाटकाली मंदिर को जोड़ेगा। इसके बनने के बाद दिल्ली, मेरठ, सहारनपुर की ओर से आने वाले भक्तों को मंदिर पहुंचने में आसानी होगी। एनएचएआई की ओर से इसका निर्माण कराया जा रहा है। देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेस-वे के शुरू होने के बाद जहां दिल्ली की दूरी करीब ढाई घंटे की रह जाएगी। इससे कई जगह के लोगों को फायदा होगा और उनकी राह आसान होगी। इस एक्सप्रेस वे पर अब एक वायाडक्ट का काम शुरू किया गया है,



जो एक्सप्रेस को मां डाटकाली मंदिर से जोड़ेगा। दरअसल, कंपनी की ओर से इसका निर्माण एक्सप्रेस-वे पर रफ्तार को देखते हुए किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि एक्सप्रेस-वे पर वाहनों की रफ्तार तेज होती है।वहीं, बड़ी संख्या में दिल्ली, मेरठ, सहारनपुर क्षेत्र के लोग मां डाटकाली मंदिर जाते हैं। इसे देखते हुए वायाडक्ट का निर्माण कराया जा रहा है। ताकि, डाटकाली मंदिर जाने के लिए लोग एक्सप्रेस-वे पर यू-टर्न न लें और वायाडक्ट के माध्यम से सीधे मंदिर पहुंच सकें।

एक्सप्रेस-वे पर मोहंड में एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। अब यहां वायाडक्ट का काम शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि दो महीने में इसका निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। वायाडक्ट की लंबाई 1.3 किलोमीटर की होगी। इसका निर्माण 26 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। ये आशारोड़ी में सहारनपुर की ओर टनल से 800 मीटर दूर से बनेगा। वहां से शुरू होकर ये एक्सप्रेस-वे के किनारे होते हुए डाटकाली मंदिर तक पहुंचेगा।

## शोपीस बनकर रह गए हैं हर घर जल योजना के नल

**ऋषिकेश, एजेंसी।** विकासखंड यमकेश्वर के नीलकंठ क्षेत्र में पुंडरासू पेयजल योजना के तहत दो वर्ष पूर्व पाइप लाइन बिछाई गई थी। लेकिन आज तक इस पाइप लाइन से पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। जिसके चलते हर घर जल योजना के तहत लगाए गए नल शोपीस बन कर रह गए हैं।

जल संस्थान कोटद्वार की ओर से क्षेत्र में वर्ष 2022 में करीब छह करोड़ रुपये की लागत से हर घर जल योजना के तहत 20 किमी की दूरी में पाइप लाइन बिछाई गई थी। इस योजना से करीब एक दर्जन से अधिक गांवों के परिवारों को पेयजल की आपूर्ति की जानी थी। जिसमें पुंडरासू, तोली, भादसी, भौन, मराल, तलाई, सिमल खेत, जुड्डा, घाईकल गांव सहित नीलकंठ का बड़ा क्षेत्र शामिल है।

करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद इन गांवों की 10 हजार आबादी को इस पेयजल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जल संस्थान कोटद्वार की ओर से दो वर्ष बीतने के बाद भी पाइप लाइनों में पेयजल की आपूर्ति नहीं हो सकी है। वर्तमान समय में करीब 20 वर्ष पुरानी पेयजल लाइन से स्टैंड पोस्ट के माध्यम ग्रामीणों को पेयजल मुहैय्या कराया जा रहा है। जिनकी संख्या भी ग्रामीण आबादी के सापेक्ष न के बराबर हैं। इसकी वजह से ग्रामीणों को पेयजल के लिए दूर दराज से पानी ढोना पड़ रहा है। वहीं दो वर्ष पूर्व योजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइन भी कई जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गई है।

इस संबंध में जल संस्थान के अधिकारियों का कहना है कि ऊर्जा निगम की ओर से खैरखाल स्थित पंप हाउस के निकट ट्रांसफार्मर को स्थापित किया जाना है। ग्रामीणों के विरोध के कारण इसमें कुछ दिक्कतें आ रही हैं। ऊर्जा निगम की ओर से ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाने के बाद पुंडरासू पेयजल योजना के तहत बिछाई गई लाइनों में पेयजल की आपूर्ति कर दी जाएगी।

# भाजपा शासित केंद्र सरकार ने दिल्ली में लॉ एंड ऑर्डर का पूरी तरह ब्रेक डाउन किया: सीएम आतिशी

प्रात: किरण/ एजेंसी

- केंद्र सरकार की दिल्ली में बस एक जिम्मेदारी दिल्लीवालों को सुरक्षा देना है लेकिन भाजपा इसमें भी पूरी तरह फेल हो गई है-सीएम आतिशी
- शहर में बिगड़ती कानून व्यवस्था के कारण दिल्लीवालें परेशान है, लोग अपने घर से बाहर निकलने में सुरक्षित महसूस नहीं करते-सीएम आतिशी
- शहर में अपराधी बेखौफ घूम रहे है उन्हें पुलिस का कोई डर नहीं है-सीएम आतिशी
- दिल्ली में लोगों को सुरक्षा देने का भाजपा शासित केंद्र सरकार अपना काम ठीक से करें वरना सबक सिखाने के लिए सभी दिल्ली के लोगों को साथ आना पड़ेगा-सीएम आतिशी
- सीएम आतिशी ने एम्स ट्रामा सेंटर में गोविंदपुरी चाकूबाजी के पीड़ित परिवार से मुलाकात की



नई दिल्ली। सीएम आतिशी ने शनिवार को एम्स ट्रामा सेंटर में गोविंदपुरी में हुई चाकूबाजी के पीड़ित परिवार से मुलाकात की। चाकूबाजी के कारण परिवार के एक सदस्य की मौत हो गई है और दूसरा गंभीर रूप से घायल है। इस मौके पर सीएम आतिशी ने कहा कि, भाजपा शासित केंद्र सरकार ने दिल्ली में लॉ एंड ऑर्डर का पूरी तरह ब्रेक डाउन कर दिया है। केंद्र सरकार की दिल्ली में बस एक जिम्मेदारी दिल्लीवालों को सुरक्षा देना है लेकिन भाजपा इसमें भी पूरी तरह फेल हो गई है। उन्होंने कहा कि, शहर में बिगड़ती कानून व्यवस्था के कारण दिल्लीवालें परेशान है, लोग अपने घर से बाहर निकलने में सुरक्षित महसूस नहीं करते जबकि शहर में अपराधी बेखौफ घूम रहे है उन्हें पुलिस का कोई डर नहीं है। सीएम आतिशी ने कहा कि, दिल्ली में लोगों को सुरक्षा देने का भाजपा शासित केंद्र सरकार अपना काम ठीक से करें वरना सबक सिखाने के लिए सभी दिल्ली के लोगों को साथ आना पड़ेगा। सीएम आतिशी ने मीडिया से साझा करते हुए कहा कि गोविंदपुरी में आज सुबह हुई चाकूबाजी में एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है जिसकी कई घंटों की सर्जरी चल रही है। उन्होंने कहा कि, ये वही इलाका है जहाँ से 100-200 मीटर की दूरी पर दो हफ़्ते पहले एक ऑन ड्यूटी बीट कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि, आज सुबह शाहदरा इलाके में भी सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले एक व्यक्ति पर गोलियाँ चल गई।

सीएम आतिशी ने कहा कि, मैं ये जानना चाहती हूँ कि, केंद्र सरकार क्या कर रही है। भाजपा शासित केंद्र सरकार की दिल्ली में बस एक जिम्मेदारी है, और वो है दिल्ली की लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था को संभालना, दिल्लीवालों को सुरक्षा देना। लेकिन भाजपा इसमें भी पूरी तरह फेल हो गई है। रोज कभी किसी की हत्या हो रही है, कभी गोलीबारी हो रही है, कभी किडनैपिंग की घटना हो रही है, कभी किसी को फिरौती की कॉल आ रही है।

उन्होंने कहा कि, भाजपा शासित केंद्र सरकार ने आज दिल्ली में लॉ एंड ऑर्डर का पूरी तरह ब्रेक डाउन कर दिया है। दिल्लीवालें परेशान है। कोई अपने घर से बाहर निकलने में सुरक्षित महसूस नहीं करता, रेस्टोरेंट में गोलियाँ चल रही है, गाड़ी के शोरूम में गोलियाँ चल रही है, मॉर्निंग-वॉक करने जा रहे लोगों पर गोलियाँ चल रही है, घरों के अंदर चाकूबाजी हो रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### शाहदरा में कारोबारी की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली। दिल्लीु में शनिवार सुबह शाहदरा इलाका गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। शाहदरा के विश्वास नगर में बाइक सवार बदमाशों ने मॉर्निंग वॉक पर निकले एक व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी। करीब 9 राउंड गोलियां चली हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, व्यक्ति को तुरंत गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। मृतक व्यापारी का नाम सुनील जैन (52) है। जब वह यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से मॉर्निंग वॉक करने के बाद अपने घर जा रहे थे, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। पुलिस सीसीटीवी के जरिए आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। बाइक सवार बदमाशों ने सुनील को टारगेट करते हुए करीब 9 राउंड फायरिंग की। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि वारदात को क्यों अंजाम दिया गया, इसी जांच की जा रही है। वारदात के बाद आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कारोबारी की हत्या को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अमित शाह ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया। दिल्ली को जंगल राज बना दिया। चारों तरफ लोग दहशत की ज़िंदगी जी रहे हैं। बीजेपी से अब दिल्ली की कानून व्यवस्था नहीं संभल रही। दिल्ली वालों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के भाजपा ने दिया नया नारा अब नहीं सहेंगे बदल के रहेंगे

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को ध्यान में रख भाजपा ने नया चुनावी नारा गढ़ा है। पार्टी अब नहीं सहेंगे बदल के रहेंगे नारे के साथ आम आदमी पार्टी को रोकने की मंशा से चुनावी मैदान में उतरेगी। भाजपा के लिए यह विधानसभा चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। क्योंकि, साल 2014, 2019 और 2024 में दिल्ली की सातों लोकसभा सीट जीतने के बावजूद भी भाजपा विधानसभा चुनाव में वह करिश्मा करने में सफल नहीं रही है जो लोकसभा चुनाव के दौरान देखने को मिलता है। 10 साल के शासन में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ इस बार भाजपा ने भ्रष्टाचार, वायु प्रदूषण, यमुना प्रदूषण, आयुष्मान योजना सहित कई मुद्दों के जरिए घेरने की तैयारी कर ली है। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी 8 दिसंबर से दिल्ली की 70 विधानसभाओं में परिवर्तन यात्रा निकालेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश उपाध्याय ने बताया है कि हमारी यात्रा 8 दिसंबर से शुरू होगी और हर विधानसभा क्षेत्र में निकाली जाएगी। परिवर्तन यात्रा सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक चलेगी। इस यात्रा के माध्यम से हम समाज के सभी वर्ग के लोगों से मुलाकात करेंगे। उपाध्याय ने कहा इसके अलावा आरडब्ल्यूए और स्वयं सहायता समूह से भी संवाद किया जाएगा। इस यात्रा की अभी तारीख घोषित की गई है। आगे इस यात्रा में भाजपा के प्रमुख नेता भी शामिल होंगे। इस यात्रा में शामिल होने वाले प्रमुख नेताओं के नाम भी जारी किए जाएंगे। हम तो दिल्ली में परिवर्तन चाहते हैं, इसलिए हमने अपनी यात्रा का नाम ही परिवर्तन रखा है। उन्होंने आगे कहा, इस यात्रा के माध्यम से दिल्ली की सत्ता पर काबिज भ्रष्टाचारी सरकार को सत्ता से बेदखल करने का काम किया जाएगा। मैं कहना चाहता हूं कि दिल्ली की जनता ने इस बार परिवर्तन का मन बना लिया है। फिरौती वाली सरकार से अब दिल्ली की जनता मुक्त होना चाहती है।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन की घोषणा

नई दिल्ली। दिल्ली के रफी मार्ग स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब में जनता पार्टी, जनहित दल, और दिल्ली जनता पार्टी ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपने रणनीतिक गठबंधन की घोषणा की। इस मौके पर तीनों दलों ने बेहतर शासन और विकास के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। इस मौके पर 1977 में आपातकाल के बाद स्थापित हुई जनता पार्टी के अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी ने कहा कि उनकी पार्टी ने हमेशा नागरिकों के कल्याण और लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा को प्राथमिकता दी है। वहीं जनहित दल के अध्यक्ष अंशुमन जोशी ने घोषणा की कि धर्मेंद्र कोहली (सीमापुरी के पूर्व विधायक) और अशोक चौहान (अंबेडकर नगर के पूर्व विधायक) जनहित दल में शामिल हो गए हैं। इस अवसर पर जनहित दल के नेशनल लीगल कन्वेनर प्रवीण आर्या भी उपस्थित थे। दिल्ली जनता पार्टी, जिसकी अगुवाई संजय जोशी कर रहे हैं, ने हमेशा दिल्ली के नागरिकों के कल्याण के लिए काम किया है और पारदर्शिता, जवाबदेही, और समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। यह गठबंधन लोकतंत्र को मजबूत करने, सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने और विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## दिल्ली मेट्रो के रिठाला-नरेला-नाथूपुर कॉरिडोर को मंजूरी

# पीएम मोदी ने कनेक्टिविटी के लिए बेहतर बताया

प्रात: किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली मेट्रो के चरण-4 परियोजना के रिठाला-नरेला-नाथूपुर (कुंडली) कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। यह कॉरिडोर 26.463 किलोमीटर लंबा है, जिससे राष्ट्रीय राजधानी और पड़ोसी राज्य हरियाणा के बीच संपर्क और बेहतर होगा। पीएम मोदी ने इस परियोजना को कनेक्टिविटी के लिए बेहतर बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'देशभर में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए हम संकल्पबद्ध हैं। इसी दिशा में हमारी सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण के तहत रिठाला-कुंडली कॉरिडोर को स्वीकृति दी है। इससे दिल्ली-हरियाणा के बीच आना-जाना और आसान होगा।' इस परियोजना की पूरी लागत 6,230 करोड़ रुपये है। इसे दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) द्वारा भारत सरकार (जीओआई) और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (जीएनसीटीडी) के मौजूदा 50:50 विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) द्वारा चार सालों में कार्यान्वित किया जाना है। यह लाइन वर्तमान में संचालित शहीद स्थल (नया बस अड्डा) झ रिठाला (रेड लाइन) कॉरिडोर का विस्तार होगी और इससे राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर पश्चिमी इलाकों जैसे नरेला, बवाना, रोहिणी के कुछ हिस्सों आदि में कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इस पूरे खंड में 21 स्टेशन होंगे। इस कॉरिडोर के सभी स्टेशन एलिवेटेड होंगे। परियोजना पूरा होने के बाद, रिठाला-नरेला-नाथूपुर कॉरिडोर उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में शहीद स्थल न्यू बस अड्डा स्टेशन को दिल्ली के रास्ते हरियाणा के नाथूपुर से भी जोड़ेगा, जिससे पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कनेक्टिविटी में जबरदस्त बढ़ोत्तरी होगी। चरण-4 परियोजना का यह नया कॉरिडोर एनसीआर में दिल्ली मेट्रो नेटवर्क की पहुंच का विस्तार करेगा। इससे अर्थव्यवस्था को और बढ़ावा मिलेगा। रेड लाइन के इस विस्तार से सड़कों पर भीड़भाड़ कम होगी, जिससे मोटर वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी।इस कॉरिडोर पर बनने वाले स्टेशन रिठाला, रोहिणी सेक्टर 25, रोहिणी सेक्टर 26, रोहिणी सेक्टर 31, रोहिणी सेक्टर 32, रोहिणी सेक्टर 34, बरवाला, रोहिणी सेक्टर 35 और रोहिणी सेक्टर 36 होंगे। इनके अलावा बवाना इंड्रस्ट्रियल एरिया झ 1 सेक्टर 3,4, बवाना इंडस्ट्रियल एरिया झ 1 सेक्टर 1,2, बवाना जेजे कॉलोनी, सनोथ, न्यू सनोथ, डिपो स्टेशन, भोरगढ़ गांव, अनाज मंडी नरेला, नरेला डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नरेला, नरेला सेक्टर 5, कुंडली और नाथपुर होंगे।यह कॉरिडोर दिल्ली मेट्रो का हरियाणा में चौथा विस्तार होगा। वर्तमान में, दिल्ली मेट्रो हरियाणा के गुरुग्राम, बल्लभगढ़ और बहादुरगढ़ तक चलती है। वर्तमान में दिल्ली और एनसीआर में डीएमआरसी द्वारा 288 स्टेशनों के साथ लगभग 392 किलोमीटर की कुल 12 मेट्रो लाइन संचालित की जा रही हैं। आज, दिल्ली मेट्रो भारत में सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क है और यह दुनिया की सबसे बड़ी मेट्रो में से एक है।

## दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल से मुक्ति चाहते हैं : वीरेंद्र सचदेवा

प्रात: किरण/ एजेंसी



दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को ध्यान में रख भाजपा ने नया चुनावी नारा गढ़ा है। पार्टी अब नहीं सहेंगे बदल के रहेंगे नारे के साथ आम आदमी पार्टी को रोकने की मंशा से चुनावी मैदान में उतरेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का दावा है कि ये नारा दिल्ली की जनता की भावनाओं से जुड़ा है। आगामी रणनीति और नारे को लेकर दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बताया कि ये दिल्ली की जनता का नारा है। जब हम घोषणापत्र तैयार कर रहे थे और दिल्ली की जनता से मिल रहे थे जिसमें व्यापारी वर्ग, आरडब्लूए के लोग थे। झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों से हम लोगों ने बात की। इस दौरान सबकी एक ही राय थी कि वे अरविंद केजरीवाल से मुक्ति चाहते हैं। वे अब उन्हें बर्दाश्त नहीं कर सकते और बदलाव चाहते हैं। इसी भावना से बदलाव की मांग उठी है कि हम अब केजरीवाल को बर्दाश्त नहीं करेंगे, हम बदलाव लाएंगे और दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा, भाजपा सेवा के कार्य कर रही है। दिल्ली में हमारे सात सांसद लगातार काम कर रहे हैं। अब दिल्ली के लोग भी इस बात को समझते हैं कि राजधानी का विकास डबल इंजन की सरकार ही कर सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनेगी तो दिल्ली जो बदहाली स्थिति में वह खत्म होगी। दिल्ली में खुशहाली का माहौल बने। इसके लिए हम सभी लोग कार्य करेंगे। इससे पहले वीरेंद्र सचदेवा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में लिखा, दिल्ली वासियों का एक संकल्पः अब नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे। मैंने अपने सभी दिल्ली के ऑटो चालक भाई-बहनों से वादा किया कि आपकी सभी मांगों को निश्चित रूप से पूरा किया जाएगा। मैंने अपने दिल्ली के ऑटो चालकों से आग्रह किया कि स्वच्छ दिल्ली अभियान में योगदान दें, आप सभी एक थैला अपनी गाड़ी में रखें और यात्रियों से उसका उपयोग करने का अनुरोध करें, इससे हम सब मिलकर अपनी दिल्ली को स्वच्छ रख पाएंगे।

## शौचालय को लेकर हुये विवाद में कबाड़ का काम करने वाले की चाकू गोद कर हत्या

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में एक साझा शौचालय में फ्लश न चलाने को लेकर पड़ोसियों से हुये झगड़े में कबाड़ का काम करने वाले 18 वर्षीय एक युवक की चाकू गोद कर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल सुधीर (18) को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसके सीने, सिर और चेहरे पर चाकू से कई वार किए गए थे। उसने बताया यह वार रसोईघर में इस्तेमाल होने वाले चाकू से किए गए थे। पुलिस ने बताया कि उपचार के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। घटना में घायल उसके भाई प्रेम (22) का उपचार जारी है जबकि उसके दोस्त सागर को छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने बताया कि गोविंदपुरी की गली नंबर छह में एक इमारत की पहली मंजिल पर रहने वाले एक परिवार और दोनों भाइयों के बीच शुक्रवार देर रात झगड़ा हुआ। पुलिस के अनुसार, भीकम सिंह, उनकी पत्नी मीना और उनके तीन बेटे संजय (20), राहुल (18) और एक नाबालिग लड़के ने तीनों युवकों पर तब हमला कर दिया, जब सुधीर ने शौचालय में फ्लश न चलाने पर आपत्ति जताई। पुलिस ने एक बयान में कहा, दोनों पक्ष इमारत की पहली मंजिल पर किराएदार थे और उनका शौचालय एक ही था। झगड़ा तब शुरू हुआ, जब भीकम के सबसे छोटे बेटे ने साझा शौचालय का इस्तेमाल किया और फ्लश नहीं किया। उसने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और भीकम और उसके परिवार को जांच के लिए हिरासत में लिया गया है। पड़ोसी सागर मलिक ने बताया कि पीड़ितों को रॉड और चाकुओं से पीटा गया। मलिक ने कहा, भीकम के परिवार ने पुलिस को फोन करके बताया कि उनकी मां पर हमला हुआ है। उसी इमारत में रह रहे सुधीर के चचेरे भाई संजीव सक्सेना ने बताया कि घटना शुक्रवार रात करीब 11.30 बजे हुई। सुधीर उत्तर प्रदेश के मैनपुरी का मूल निवासी था और अपने भाई के साथ 3000 रुपये मासिक के किराये के कमरे में रहता था। सुधीर का भाई ई-रिक्शा चलाता है। भीकम सिंह इमारत की निर्माण में इस्तेमाल सामग्री की दुकान पर काम करता है और करीब 45 दिन पहले ही इस इमारत में सपरिवार रहने आया था।

### दिल्ली में व्यापारी, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सभी दहशत के माहौल में जी रहे : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली। दिल्ली में शनिवार सुबह शाहदरा के विश्वास नगर में बाइक सवार बदमाशों ने मॉर्निंग वॉक पर निकले एक व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी। करीब 9 राउंड गोलियां चली। इस पर दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने राज्य में बिगड़ी कानून व्यवस्था के लिए केंद्र सरकार को दोष दिया। उन्होंने एक वीडियो संदेश के माध्यम से कहा, आज दिल्ली में व्यापारी, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सभी दहशत के माहौल में जी रहे हैं। बच्चे जब घर से बाहर जाते हैं, तो माताओं को डर लगता है कि वे सुरक्षित लौटकर आएंगे या नहीं। दिल्ली में गैंगवार, गैंगस्टरों द्वारा फिरौती की धमकियां और पैसे न देने पर दुकानों पर गोलीबारी अब आम हो गई है। शनिवार को जो दो घटनाएं सामने आई हैं, उनमें एक साधारण बर्तन बेचने वाले व्यापारी सुनील जैन, जो सुबह की वॉक से लौट रहे थे, उनकी स्कूटी पर आठ गोलियां चलाई गई और वह इस हमले में मारे गए। उन्होंने आगे कहा, इसके अलावा, गोविंदपुरी में जहां कुछ हफ्ते पहले एक कांस्टेबल की हत्या हुई थी, आज वहां दो भाइयों पर हमला हुआ। एक गंभीर रूप से घायल है और दूसरे की मौत हो गई है। इसके बावजूद, भारतीय जनता पार्टी यह कह रही है कि कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं है। उन्होंने आगे कहा, भारतीय जनता पार्टी कानून-व्यवस्था पर अपनी जिम्मेदारी से बच रही है।

## अमित शाह ने दिल्ली को जंगल राज बना दिया, चारों तरफ दहशत है, लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी : केजरीवाल

प्रात: किरण/ एजेंसी




- दिल्ली के विश्वास नगर में गोलीबारी के बाद गोविंदपुरी से चाकूबाजी की घटनाओं में दो लोगों की हत्या की खबर मिली, भाजपा के राज में अपराधी पूरी तरह से बेखौफ हो गए हैं
- दिल्ली की कानून व्यवस्था सीधे अमित शाह के अधीन आती है, वह क्या कर रहे हैं, पूरे देश में केवल चुनाव लड़ते फिर रहे हैं: केजरीवाल
- दिल्ली की कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए एक बार फिर से आंदोलन करने की जरूरत पड़ी तो वो भी करूंगा: केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली की बिगड़ी कानून व्यवस्था के बीच शनिवार को विश्वास नगर और गोविंदपुरी में दो लोगों की हुई सरेआम हत्या पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अमित शाह ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया। उन्होंने दिल्ली को जंगल राज बना दिया। चारों तरफ लोग दहशत की ज़िंदगी जी रहे हैं। भाजपा से अब दिल्ली की कानून व्यवस्था नहीं संभल रही है। दिल्लीवालों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। शनिवार को सुबह दिल्ली के विश्वास नगर में गोलीबारी की घटना के बाद गोविंदपुरी से चाकूबाजी की खबर मिली। भाजपा के राज में अपराधी पूरी तरह से बेखौफ हो गए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की कानून व्यवस्था सीधे अमित शाह के अधीन आती है, वह क्या कर रहे हैं? वह पूरे देश में केवल चुनाव लड़ते फिर रहे हैं। दिल्ली की कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए एक बार फिर से आंदोलन करने की जरूरत पड़ी तो मैं वो भी करूंगा।

**दिल्ली की कानून-व्यवस्था बुरी तरह से बिगड़ चुकी है- केजरीवाल**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के लोग दहशत में हैं। दिल्ली की कानून-व्यवस्था बहुत बुरी तरह से बिगड़ चुकी है। शनिवार सुबह विश्वास नगर के रहने वाले सुनील नाम के बर्तन व्यापारी मॉर्निंग वॉक पर गए थे। जब वह घर वापस लौट रहे थे तो सड़क के बीचों-बीच दो बाइक सवारों ने 8 गोलियां मारकर उनकी हत्या कर दी। अपराधियों की इतनी हिम्मत कैसे हो गई कि भरी सड़क पर वो गोली मारकर भाग गए। दिल्ली में अपराधी इतने बेखौफ कैसे हो गए?

**दिल्ली में व्यापारी खौफ के साए में जी रहे हैं- केजरीवाल**

उन्होंने कहा कि कुछ देर बाद खबर आई कि गोविंदपुरी के अंदर किसी ने किसी को चाकू मार दिया। गोविंदपुरी में एक सप्ताह पहले उसी जगह पर एक पुलिस कॉन्स्टेबल की चाकू मारकर हत्या की गई थी। आज दिल्ली में व्यापारियों को खुलेआम फिरौती की कॉल आ रही हैं। उन्हें फोन आता है कि इतने करोड़ रुपए पहुंचा दो नहीं तो तुम्हारे घर के इस सदस्य को मार देंगे। वो फोन पर विस्तार से जानकारी भी देते हैं कि तुम्हारा बेटा-बेटी यहां पर हैं, अगर पैसे नहीं दोगे तो उनकी हत्या कर देंगे। व्यापारी बुरी तरह से खौफ में हैं।

**फिरौती मांगने वाले असली गैंगस्टर्स को नहीं पकड़ पा रही पुलिस - केजरीवाल**

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एक मिठाई की दुकान वाला है। उसके पास फोन आया कि दो करोड़ रुपए दे दो। उसने मना कर दिया तो उसकी दुकान के ऊपर धुंआधार गोलियों की बरसात की गई। एक कार का शोरूम वाला है, उससे कहा गया कि पांच करोड़ रुपए दे दो। उसने मना कर दिया तो उसके शोरूम के ऊपर 22 राउंड फायरिंग की गई। इस तरह के ना जाने कितने मामले हैं और इन सारे मामलों में पुलिस फायरिंग करने वालों को तो पकड़ लेती है और मामला खत्म कर देती है। लेकिन जो फिरौती मांग रहा है, जो असली गैंगस्टर और मास्टरमाइंड है, वो खुलेआम घूम रहे हैं। लोग कहां जाएं? सुरक्षा के लिए किसके पास जाएं?

**दिल्ली में बुजुर्ग भी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं- केजरीवाल**

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बुजुर्ग भी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पंचशील एनक्लेव में एक 64 साल के बुजुर्ग की रात को चाकू मारकर हत्या कर दी गई। महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं। महिलाओं का अपहरण हो रहा है, उनका रेप हो जाता है, गैंगरेप हो जाता है, उसके बाद उनकी हत्या कर दी जाती है। लड़कियां घर से बाहर निकलती हैं तो उनके साथ छेड़खानी होती है। खुलेआम गैंगवॉर हो रहे हैं। दिल्ली में चारों तरफ नशा बिक रहा है, कोने-कोने में नशा बिक रहा है। यह नशा कहां से आ रहा है?

### दिल्ली में इस मौसम की सबसे सर्द सुबह

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को इस मौसम की सबसे ठंडी सुबह रही और न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से तीन डिग्री सेल्सियस कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। दिल्ली की वायु गुणवत्ता तीन दिनों तक मध्यम श्रेणी में रहने के बाद एक बार फिर खराब श्रेणी में पहुंच गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, सुबह नौ बजे शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 222 रहा। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच को संतोषजनक, 301 से 400 के बीच को बहुत खराब तथा 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

## 1984 सिख विरोधी दंगे: न्यायालय ने सजा निलंबित करने की पूर्व पार्षद की याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व कांग्रेस पार्षद बलवान खोखर द्वारा दायर उस याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा है, जिसमें उन्होंने अपनी आजीवन कारावास की सजा को निलंबित करने का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी को दोषी के आचरण और व्यवहार पर जेल अधिकारियों से प्रमाण पत्र प्राप्त करने का निर्देश दिया। भाटी ने अदालत को बताया कि खोखर की जमानत अर्जी पहले तीन बार खारिज हो



चुकी है। खोखर के अलावा, पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार भी इस मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। इस मामले में पूर्व विधायक महेंद्र यादव की मंडोली जेल में कोविड से मौत हो गई, जिन्हें 10 साल की सजा सुनाई गई थी। 17 दिसंबर, 2018 को दोषी ठहराए जाने के बाद से कुमार और खोखर तिहाड़ जेल में बंद हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2018 में खोखर की सजा को बरकरार रखा और 2013 में निचली अदालत द्वारा कुमार को बरी करने के फैसले को पलट दिया। यह मामला 1-2 नवंबर, 1984 को दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पालम कॉलोनी के राज नगर पार्ट-1 में पांच सिखों की हत्या और राज नगर पार्ट-2 में एक गुरुद्वारे को जलाने से संबंधित है।

**मुलाकात** हमारे पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश के हालात किसी से छुपे नहीं हैं। वहां हमारे हिंदू भाइयों पर हमले हो रहे हैं और उनकी सुरक्षा स्थिति चिंताजनक है...

## अनवर शाहिद ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से की मुलाकात, अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

प्रात: किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। हजरत निजामुद्दीन दरगाह के खादिम अनवर शाहिद ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात की और बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ कथित अत्याचारों और भारत में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की मौजूदगी पर चिंता जताई। अनवर शाहिद ने उपराज्यपाल को चिट्ठी भी लिखी है। जिसमें उन्होंने कहा है कि हमारे पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश के हालात किसी से छुपे नहीं हैं। वहां हमारे हिंदू भाइयों पर हमले हो रहे हैं और उनकी सुरक्षा स्थिति चिंताजनक है। अल्लाह से हम उन्हें महफूज रखने की दुआ करते हैं।

बांग्लादेश में अन्य अल्पसंख्यकों की भी हमें फिक्र है। इन खराब हालातों के मद्देनजर आपसे गुजारिश है हिंदुस्तान और विशेष रूप से दिल्ली शहर में अवैध तरीके से घुसे बांग्लादेशियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने पत्र में आगे कहा कि अवैध रूप से भारत में घुसे बांग्लादेशियों को किराए पर घर न दिए जाए, जिन लोगों ने अपना घर किराए पर दिया है उन्हें तत्काल बाहर निकाला जाए। अवैध बांग्लादेशियों को किसी भी प्रतिष्ठान में नौकरी न दी जाए और कार्यरत ऐसे अवैध लोगों को बर्खास्त किया जाए। दिल्ली के वाशिंदों को निर्देशित किया जाए कि अगर उनके पड़ोस में अवैध बांग्लादेशी रह रहे हैं तो इसकी सूचना पुलिस को दें। यदि किसी अवैध बांग्लादेशी ने सड़क, फुटपाथ, पार्क या अन्य किसी सरकारी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया हो तो उसे हटाने के लिए एमसीडी और दिल्ली पुलिस को निर्देशित किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि अगर किसी अवैध बांग्लादेशी द्वारा गैर कानूनी रूप से आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र या अन्य कोई सरकारी दस्तावेज हासिल कर लिया है तो उनको निरस्त किया जाए। अगर किसी अवैध बांग्लादेशी को मस्जिद या मदरसा में पनाह दी हुई है, तो ऐसे लोगों को तुरंत बाहर किया जाए। पहले की तरह अभियान चलाकर अवैध बांग्लादेशियों को चिन्हित कर वापस बांग्लादेश भेजा जाए।

## दिल्ली मेट्रो के रिठाला-नरेला-नाथूपुर कॉरिडोर को मंजूरी, पीएम मोदी ने कनेक्टिविटी के लिए बेहतर बताया

- रेड लाइन के इस विस्तार से सड़कों पर भीड़भाड़ कम होगी, जिससे मोटर वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी।

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिल्ली मेट्रो के चरण-4 परियोजना के रिठाला-नरेला-नाथूपुर (कुंडली) कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। यह कॉरिडोर 26.463 किलोमीटर लंबा है, जिससे राष्ट्रीय राजधानी और पड़ोसी राज्य हरियाणा के बीच संपर्क और बेहतर होगा। पीएम मोदी ने इस परियोजना को कनेक्टिविटी के लिए बेहतर बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, देशभर में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए हम संकल्पबद्ध हैं। इसी दिशा में हमारी सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण के तहत रिठाला-कुंडली कॉरिडोर को स्वीकृति दी है। इससे दिल्ली-हरियाणा के बीच आना-जाना और आसान होगा।

इस परियोजना की पूरी लागत 6,230 करोड़ रुपये है। इसे दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) द्वारा भारत सरकार (जीओआई) और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (जीएनसीटीडी) के मौजूदा 50:50 विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) द्वारा चार सालों में कार्यान्वित किया जाना है।

यह लाइन वर्तमान में संचालित शहीद स्थल (नया बस अड्डा) झ रिठाला (रेड लाइन) कॉरिडोर का विस्तार होगी और इससे राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर पश्चिमी इलाकों जैसे नरेला, बवाना, रोहिणी के कुछ हिस्सों आदि में कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इस पूरे खंड में 21 स्टेशन होंगे। इस कॉरिडोर के सभी स्टेशन एलिवेटेड होंगे।

परियोजना पूरा होने के बाद, रिठाला-नरेला-नाथूपुर कॉरिडोर उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में शहीद स्थल न्यू बस अड्डा स्टेशन को दिल्ली के रास्ते हरियाणा के नाथूपुर से भी जोड़ेगा, जिससे पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कनेक्टिविटी में जबरदस्त बढ़ोत्तरी होगी।

चरण-4 परियोजना का यह नया कॉरिडोर एनसीआर में दिल्ली मेट्रो नेटवर्क की पहुंच का विस्तार करेगा। इससे अर्थव्यवस्था को और बढ़ावा मिलेगा। रेड लाइन के इस विस्तार से सड़कों पर भीड़भाड़ कम होगी, जिससे मोटर वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी।

इस कॉरिडोर पर बनने वाले स्टेशन रिठाला, रोहिणी सेक्टर 25, रोहिणी सेक्टर 26, रोहिणी सेक्टर 31, रोहिणी सेक्टर 32, रोहिणी सेक्टर 34, बरवाला, रोहिणी सेक्टर 35 और रोहिणी सेक्टर 36 होंगे। इनके अलावा बवाना इंड्रस्ट्रियल एरिया झ 1 सेक्टर 3,4, बवाना इंडस्ट्रियल एरिया झ 1 सेक्टर 1,2, बवाना जेजे कॉलोनी, सनोथ, न्यू सनोथ, डिपो स्टेशन, भोरगढ़ गांव, अनाज मंडी नरेला, नरेला डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नरेला, नरेला सेक्टर 5, कुंडली और नाथपुर होंगे।

यह कॉरिडोर दिल्ली मेट्रो का हरियाणा में चौथा विस्तार होगा। वर्तमान में, दिल्ली मेट्रो हरियाणा के गुरुग्राम, बल्लभगढ़ और बहादुरगढ़ तक चलती है। वर्तमान में दिल्ली और एनसीआर में डीएमआरसी द्वारा 288 स्टेशनों के साथ लगभग 392 किलोमीटर की कुल 12 मेट्रो लाइन संचालित की जा रही हैं। आज, दिल्ली मेट्रो भारत में सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क है और यह दुनिया की सबसे बड़ी मेट्रो में से एक है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के भाजपा ने दिया नया नारा अब नहीं सहेंगे बदल के रहेंगे

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को ध्यान में रख भाजपा ने नया चुनावी नारा गढ़ा है। पार्टी ह्यअब नहीं सहेंगे बदल के रहेंगेह्व नारे के साथ आम आदमी पार्टी को रोकने की मंशा से चुनावी मैदान में उतरेगी। भाजपा के लिए यह विधानसभा चुनाव काफी महत्वपूर्ण है। क्योंकि, साल 2014, 2019 और 2024 में दिल्ली की सातों लोकसभा सीट जीतने के बावजूद भी भाजपा विधानसभा चुनाव में वह करिश्मा करने में सफल नहीं रही है जो लोकसभा चुनाव के दौरान देखने को मिलता है। 10 साल के शासन में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ इस बार भाजपा ने भ्रष्टाचार, वायु प्रदूषण, यमुना प्रदूषण, आयुष्मान योजना सहित कई मुद्दों के जरिए घेरने की तैयारी कर ली है। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी 8 दिसंबर से दिल्ली की 70 विधानसभाओं में परिवर्तन यात्रा निकालेगी।

भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश उपाध्याय ने बताया है कि हमारी यात्रा 8 दिसंबर से शुरू होगी और हर विधानसभा क्षेत्र में निकाली जाएगी। परिवर्तन यात्रा सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक चलेगी। इस यात्रा के माध्यम से हम समाज के सभी वर्ग के लोगों से मुलाकात करेंगे। उपाध्याय ने कहा,ह्व इसके अलावा आरडब्ल्यूए और स्वयं सहायता समूह से भी संवाद किया जाएगा। इस यात्रा की अभी तारीख घोषित की गई है। आगे इस यात्रा में भाजपा के प्रमुख नेता भी शामिल होंगे। इस यात्रा में शामिल होने वाले प्रमुख नेताओं के नाम भी जारी किए जाएंगे। हम तो दिल्ली में परिवर्तन चाहते हैं, इसलिए हमने अपनी यात्रा का नाम ही परिवर्तन रखा है ह्व उन्होंने आगे कहा, ह्वइस यात्रा के माध्यम से दिल्ली की सत्ता पर काबिज भ्रष्टाचारी सरकार को सत्ता से बेदखल करने का काम किया जाएगा। मैं कहना चाहता हूं कि दिल्ली की जनता ने इस बार परिवर्तन का मन बना लिया है। फिरौती वाली सरकार से अब दिल्ली की जनता मुक्त होना चाहती है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन की घोषणा

नई दिल्ली । दिल्ली के रफी मार्ग स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब में जनता पार्टी, जनहित दल, और दिल्ली जनता पार्टी ने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपने रणनीतिक गठबंधन की घोषणा की। इस मौके पर तीनों दलों ने बेहतर शासन और विकास के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। इस मौके पर 1977 में आपातकाल के बाद स्थापित हुई जनता पार्टी के अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी ने कहा कि उनकी पार्टी ने हमेशा नागरिकों के कल्याण और लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा को प्राथमिकता दी है। वहीं जनहित दल के अध्यक्ष अंशुमन जोशी ने घोषणा की कि धर्मेंद्र कोहली (सीमापुरी के पूर्व विधायक) और अशोक चौहान (अंबेडकर नगर के पूर्व विधायक) जनहित दल में शामिल हो गए हैं। इस अवसर पर जनहित दल के नेशनल लीगल कन्वेनर प्रवीण आर्या भी उपस्थित थे। दिल्ली जनता पार्टी, जिसकी अगुवाई संजय जोशी कर रहे हैं, ने हमेशा दिल्ली के नागरिकों के कल्याण के लिए काम किया है और पारदर्शिता, जवाबदेही, और समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। यह गठबंधन लोकतंत्र को मजबूत करने, सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने और विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। तीनों दलों ने घोषणा की कि वे आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव एकजुट मोर्चे के रूप में लड़ेंगे और जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

## दिल्ली में इस मौसम की सबसे सर्द सुबह, तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को इस मौसम की सबसे ठंडी सुबह रही और न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से तीन डिग्री सेल्सियस कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। दिल्ली की वायु गुणवत्ता तीन दिनों तक मध्यम श्रेणी में रहने के बाद एक बार फिर खराब श्रेणी में पहुंच गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, सुबह नौ बजे शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 222 रहा। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच को संतोषजनक, 101 से 200 के बीच को मध्यम, 201 से 300 के बीच को खराब, 301 से 400 के बीच को बहुत खराब तथा 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है। आईएमडी के अनुसार, सुबह साढ़े आठ बजे शहर में आर्द्रता का स्तर 89 प्रतिशत रहा। मौसम विभाग ने दिन में आसमान साफ रहने का अनुमान जताया है। अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

## बाबा साहब की पुण्यतिथि पर महिला सम्मान समारोह

### पहुंची महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनाथी श्रीनिवासन

### महरौली विधानसभा के रजोकरी में हुआ आयोजित



संवाददाता

साउथ दिल्ली के महरौली विधानसभा में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा रूबी फोगाट यादव ने बताया की यह कार्यक्रम बाबा साहेब की स्मृति को समर्पित था और उनके योगदानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनाथी श्रीनिवासन रही। उन्होंने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के जीवन और उनके आदर्शों को याद किया और कहा कि उनके द्वारा स्थापित समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांत आज भी देश को प्रगति की दिशा में प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने मोदी सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं खासकर महिलाओं के लिए चलाए जा रहे योजनाओं को बताया। वहीं दिल्ली सरकार पर झूठ बोलने एवं लोगों को बरगलाने का भी आरोप लगाया। उकार्यक्रम के दौरान सैकड़ो महिलाओं को शॉल देकर सम्मानित किया गया। रूबी फोगाट यादव ने कहा, ह्वडॉ. अंबेडकर के आदर्श हमारे समाज के हर वर्ग को समान अवसर प्रदान करने और सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए प्रेरित करते हैं। यह आयोजन न केवल डॉ. अंबेडकर के जीवन और उनके योगदान का सम्मान था, बल्कि समाज में एकता और महिला सशक्तिकरण की भावना को भी प्रोत्साहित करने के मकसद से किया गया था।

## 26 साल से फरार वांटेड को पुलिस ने भोपाल से दबोचा

### फरारी के दौरान की शादी और हुए दो बच्चे

### गैस एजेंसी की मदद से घर तक पहुंची पुलिस

आईपी स्टेट थाना के एलएनजेपी पुलिस चौकी की टीम ने 26 साल से फरार चल रहे एक वांटेड भगोड़ा को आखिरकार मध्य प्रदेश के भोपाल से गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आरोपी के खिलाफ जामा मस्जिद थाना में एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज हुआ था। जिसमें 10 साल की सजा सुनाई गई थी। उस मामले में बाद में यह पैरोल पर बाहर आया और उसके बाद फरार हो गया और 26 साल से यह ठिकाना बदलकर पुलिस की नजर से बच रहा था। फरारी के दौरान इसने शादी की और अब इसके दो बेटे भी हैं। यह भोपाल में फिलहाल इलेक्ट्रीशियन के रूप में काम कर रहा था। गिरफ्तार आरोपी अशोक यादव को पकड़ने के लिए एसीपी कमला मार्केट सुनील कुमार की देखरेख में एसएचओ आशीष कुमार दुबे, चौकी इंचार्ज मुकेश तोमर, सहायक सब इंस्पेक्टर संजीव, राजकुमार, हेड कांस्टेबल अमित और कांस्टेबल गौरव की टीम लगातार लगी हुई थी। टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पता लगा रही थी। पुलिस टीम ने इसका पता लगाने के लिए मध्यप्रदेश से पहले उत्तर प्रदेश में भी रेड की थी। वहां के बदायूं में पुलिस टीम दो सप्ताह तक लगातार रुकी रही और फिर वहां से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम फिर मध्य प्रदेश के लिए रवाना हुई। वहां आरोपी की एक्टिविटी के बारे में जानकारी लेते हुए आखिरकार इसको भोपाल में गिरफ्तार किया। इसके घर तक पहुंचाने के लिए पुलिस को गैस एजेंसी की मदद लेनी पड़ी। क्योंकि यह हिंदुस्तान पेट्रोलियम का गैस सिलेंडर यूज कर रहा था। भोपाल के एक डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी से यह गैस लेता था और वहीं से पुलिस को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का एड्रेस मिल गया। पुलिस टीम वहां पहुंचकर इसको धर दबोचा।

## दिल्ली के लोग केजरीवाल से मुक्ति चाहते हैं : वीरेंद्र सचदेवा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को ध्यान में रख भाजपा ने नया चुनावी नारा गढ़ा है। पार्टी अब नहीं सहेंगे बदल के रहेंगे नारे के साथ आम आदमी पार्टी को रोकने की मंशा से चुनावी मैदान में उतरेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का दावा है कि ये नारा दिल्ली की जनता की भावनाओं से जुड़ा है।

आगामी रणनीति और नारे को लेकर दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बताया कि ये दिल्ली की जनता का नारा है। जब हम घोषणापत्र तैयार कर रहे थे और दिल्ली की जनता से मिल रहे थे जिसमें व्यापारी वर्ग, आरडब्लूए के लोग थे। झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों से हम लोगों ने बात की। इस दौरान सबकी एक ही राय थी कि वे अरविंद केजरीवाल से मुक्ति चाहते हैं। वे अब उन्हें बर्दाश्त नहीं कर सकते और बदलाव चाहते हैं। इसी भावना से बदलाव की मांग उठी है कि हम अब केजरीवाल को बर्दाश्त नहीं करेंगे, हम बदलाव लाएंगे और दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाएंगे।

उन्होंने कहा, भाजपा सेवा के कार्य कर रही है। दिल्ली में हमारे सात सांसद लगातार काम कर रहे हैं। अब दिल्ली के लोग भी इस बात को समझते हैं कि राजधानी का विकास डबल इंजन की सरकार ही कर सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनेगी तो दिल्ली जो बदहाली स्थिति में वह खत्म होगी। दिल्ली में खुशहाली का माहौल बने। इसके लिए हम सभी लोग कार्य करेंगे। इससे पहले वीरेंद्र सचदेवा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में लिखा, दिल्ली वासियों का एक संकल्पः अब नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे। मैंने अपने सभी दिल्ली के ऑटो चालक भाई-बहनों से वादा किया कि आपकी सभी मांगों को निश्चित रूप से पूरा किया जाएगा। मैंने अपने दिल्ली के ऑटो चालकों से आग्रह किया कि ह्वस्वच्छ दिल्ली अभियान में योगदान दें, आप सभी एक थैला अपनी गाड़ी में रखें और यात्रियों से उसका उपयोग करने का अनुरोध करें, इससे हम सब मिलकर अपनी दिल्ली को स्वच्छ रख पाएंगे।

## शाहदरा में कारोबारी की गोली मारकर हत्या

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली दिल्ली में शनिवार सुबह शाहदरा इलाका गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। शाहदरा के विश्वास नगर में बाइक सवार बदमाशों ने मॉर्निंग वॉक पर निकले एक व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी। करीब 9 राउंड गोलियां चली हैं।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, व्यक्ति को तुरंत गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

मृतक व्यापारी का नाम सुनील जैन (52) है। जब वह यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से मॉर्निंग वॉक करने के बाद अपने घर जा रहे थे, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। पुलिस सीसीटीवी के जरिए आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। बाइक सवार बदमाशों ने सुनील को टारगेट करते हुए करीब 9 राउंड फायरिंग की। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि वारदात को क्यों अंजाम दिया गया, इसी जांच की जा रही है। वारदात के बाद आसपास के इलाके में दहशत फैल गई।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कारोबारी की हत्या को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अमित शाह ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया। दिल्ली को जंगल राज बना दिया। चारों तरफ लोग दहशत की ज़िंदगी जी रहे हैं। बीजेपी से अब दिल्ली की कानून व्यवस्था नहीं संभल रही। दिल्ली वालों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी।

## दिल्ली में व्यापारी, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सभी दहशत के माहौल में जी रहे : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




दिल्ली में शनिवार सुबह शाहदरा के विश्वास नगर में बाइक सवार बदमाशों ने मॉर्निंग वॉक पर निकले एक व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी। करीब 9 राउंड गोलियां चली। इस पर दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने राज्य में बिगड़ी कानून व्यवस्था के लिए केंद्र सरकार को दोष दिया। उन्होंने एक वीडियो संदेश के माध्यम से कहा, आज दिल्ली में व्यापारी, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सभी दहशत के माहौल में जी रहे हैं। बच्चे जब घर से बाहर जाते हैं, तो माताओं को डर लगता है कि वे सुरक्षित लौटकर आएंगे या नहीं। दिल्ली में गैंगवार, गैंगस्टरों द्वारा फिरौती की धमकियां और पैसे न देने पर दुकानों पर गोलीबारी अब आम हो गई है। शनिवार को जो दो घटनाएं सामने आई हैं, उनमें एक साधारण बर्तन बेचने वाले व्यापारी सुनील जैन, जो सुबह की वॉक से लौट रहे थे, उनकी स्कूटी पर आठ गोलियां चलाई गईं और वह इस हमले में मारे गए। उन्होंने आगे कहा, इसके अलावा, गोविंदपुरी में जहां कुछ हफ्ते पहले एक कांस्टेबल की हत्या हुई थी, आज वहां दो भाइयों पर हमला हुआ। एक गंभीर रूप से घायल है और दूसरे की मौत हो गई है। इसके बावजूद, भारतीय जनता पार्टी यह कह रही है कि कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं है। उन्होंने आगे कहा, भारतीय जनता पार्टी कानून-व्यवस्था पर अपनी जिम्मेदारी से बच रही है। दस साल पहले दिल्ली की जनता ने दो अलग-अलग कामों के लिए दो सरकारों को चुना था। अरविंद केजरीवाल को शिक्षा, स्वास्थ्य, अस्पताल, बिजली, पानी जैसी व्यवस्थाओं के लिए काम दिया और उन्होंने इन क्षेत्रों में अच्छा काम किया। लेकिन भारतीय जनता पार्टी को जो कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उसमें वे और गृह मंत्री अमित शाह पूरी तरह से नाकाम साबित हुए हैं। अब उन्हें दिल्लीवासियों को जवाब देना चाहिए।

## दिल्ली: केजरीवाल ने कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा पर निशाना साधा, कहा मुद्दे का राजनीतिकरण न करें

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को दिल्ली की कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने के बजाय उन्हें लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर ध्यान देना चाहिए।

दिल्ली में अगले वर्ष फरवरी में विधानसभा चुनाव होना है और पुलिस केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन आती है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने सुबह की सैर के दौरान एक व्यवसायी की गोली मारकर हत्या, पंचशील एन्क्लेव में एक बुजुर्ग की हत्या और जबरन वसूली की बढ़ती घटनाओं सहित कई हिंसक घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। केजरीवाल ने कहा, लोग घबराए हुए हैं और कानून-व्यवस्था चरमरा गई है। बुजुर्ग डरे हुए हैं, महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं और गैंगवार हो रही है। दिल्ली के हर कोने में मादक पदार्थ बिक रहे हैं। दिल्ली पुलिस कहां है? गृह मंत्री कहां हैं? उन्होंने कुछ अपराधों के पीछे रोहिंग्याओं का हाथ होने के भाजपा के दावे पर कहा, ह्वअगर वे रोहिंग्या हैं, तो गृह मंत्री ने उन्हें म्यांमा और बांग्लादेश की सीमाओं पर क्यों नहीं रोका? और अगर वे दिल्ली में घुस आए हैं तो दिल्ली पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं किया? इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने के बजाय, उन्हें दिल्ली के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर ध्यान देना चाहिए।

भाजपा ने पहले भी आप पर राजनीतिक लाभ के लिए आपराधिक तत्वों को बचाने का आरोप लगाकर आरोपों का जवाब दिया है। केजरीवाल ने हालांकि, तर्क दिया कि इस तरह के दावे लोगों का ध्यान सार्वजनिक सुरक्षा के अहम मुद्दे से भटकाने की कोशिश है।

## शौचालय को लेकर हुये विवाद में कबाड़ का काम करने वाले की चाकू गोद कर हत्या

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में एक साझा शौचालय में फ्लश न चलाने को लेकर पड़ोसियों से हुये झगड़े में कबाड़ का काम करने वाले 18 वर्षीय एक युवक की चाकू गोद कर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गंभीर रूप से घायल सुधीर (18) को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसके सीने, सिर और चेहरे पर चाकू से कई वार किए गए थे। उसने बताया यह वार रसोईघर में इस्तेमाल होने वाले चाकू से किए गए थे। पुलिस ने बताया कि उपचार के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। घटना में घायल उसके भाई प्रेम (22) का उपचार जारी है जबकि उसके दोस्त सागर को छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने बताया कि गोविंदपुरी की गली नंबर छह में एक इमारत की पहली मंजिल पर रहने वाले एक परिवार और दोनों भाइयों के बीच शुक्रवार देर रात झगड़ा हुआ। पुलिस के अनुसार, भीकम सिंह, उनकी पत्नी मीना और उनके तीन बेटे संजय (20), राहुल (18) और एक नाबालिग लड़के ने तीनों युवकों पर तब हमला कर दिया, जब सुधीर ने शौचालय में फ्लश न चलाने पर आपत्ति जताई। पुलिस ने एक बयान में कहा, दोनों पक्ष इमारत की पहली मंजिल पर किराएदार थे और उनका शौचालय एक ही था। झगड़ा तब शुरू हुआ, जब भीकम के सबसे छोटे बेटे ने साझा शौचालय का इस्तेमाल किया और फ्लश नहीं किया। सने बताया

## न्यायालय ने सजा निलंबित करने की पूर्व पार्षद की याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व कांग्रेस पार्षद बलवान खोखर द्वारा दायर उस याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा है, जिसमें उन्होंने अपनी आजीवन कारावास की सजा को निलंबित करने का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी को दोषी के आचरण और व्यवहार पर जेल अधिकारियों से प्रमाण पत्र प्राप्त करने का निर्देश दिया।

## किसान आंदोलन के बीच दिल्ली के किसानों की चेतावनी

### दिल्ली के किसान करेंगे 22 को सर्वखाप की महापंचायत

- आज द्वारका के पास पोचनपुर में हुआ पंचायत
- अब 300 गांव तक पहुंच चुकी गांव देहात बचाओ यात्रा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली के चारों तरफ किसानों की घेराबंदी के बीच अब दिल्ली के किसानों ने भी सरकार को चेतावनी दी है। आज द्वारका के पोचनपुर गांव में दिल्ली के किसान ने एक बड़ा ऐलान किया। आगामी 22 दिसंबर को मंगोलपुर कला गाँव में महापंचायत रखी गई है। गाँव देहात बचाओ यात्रा आज पोचनपुर गाँव में पहुँची। यह यात्रा अभी तक 300 से ज्यादा गाँव में जा चुकी है। सभी गाँव में सर्वसम्मति से ग्रामीण आगामी चुनाव के बहिष्कार का फैसला ले रहे हैं।

पंचायत को संबोधित करते हुए चौ. सुरेन्द्र सोलंकी ने कहा कि पिछले दो महीने से दिल्ली के ग्रामीण लगातार चुनाव का बहिष्कार का फैसला सभी गांवों के लोग ले चुके हैं। लेकिन सरकारों के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। अब आगामी 22 दिसंबर को दिल्ली के सभी ग्रामीण एकजुट होकर आगे की रणनीति बनाएंगे वह कुछ कठोर निर्णय इस महापंचायत में लिए जाएंगे। ये दिल्ली के वो 360 गाँव हैं, जिनकी जमीनों पर ये दिल्ली बसी हुई है। आज इन गाँवो के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं, इन गाँवो की कोई सुनवाई करने वाला नहीं है।

अब इससे ज्यादा और सहन दिल्ली के लोग नहीं करेंगे और दिल्ली की सरकारों को मुँह तोड़ जवाब आने वाले चुनाव में दिया जाएगा। जिसकी रणनीति आगामी पंचायत में बनायी जाएगी जरूरत पड़ी तो मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल और प्रधानमंत्री के घरों का घेराव भी किया जाएगा। अभी तक हमारा आंदोलन शांतिप्रिय रहा है लेकिन सरकार दिल्ली के ग्रामीणों को कमजोर सोचने की कोशिश न करें। सरकारें लगातार दिल्ली के गाँव का अस्तित्व खत्म करने में लगी हुई है। वर्षों से हमारी लंबित समस्याओं का अभी तक कोई समाधान नहीं किया गया लेकिन अब इससे ज्यादा और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगामी चुनाव से पहले हमें अपनी सभी समस्याओं का समाधान चाहिए अन्यथा आने वाले दिनों में यह आंदोलन उग्र रूप भी ले सकता है ।

चौधरी सुरेन्द्र सोलंकी ने बताया कि इस महापंचायत में दिल्ली के सभी 360 गांवों के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। जरूरत पड़ी तो उत्तर भारत के सभी खापों को भी एवं सभी किसान संगठनों को इस महापंचायत में बुलाया जा सकता है। पंचायत में चौधरी नरेश प्रधान लाडोसराय 96, चौधरी दारा सिंह प्रधान बवाना 52, सुरेश शौकीन प्रधान नांगलोई 9, चौ चंद्रभान, इकबाल, रिसीराज, तारीफ, सूरजभान, कर्मवीर सहरावत आदि भी लोग मौजूद रहे।

## अनवर शाहिद ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से की मुलाकात, अवैध बांग्लादेशियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



हजरत निजामुद्दीन दरगाह के खादिम अनवर शाहिद ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात की और बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ कथित अत्याचारों और भारत में अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की मौजूदगी पर चिंता जताई।

अनवर शाहिद ने उपराज्यपाल को चिट्ठी भी लिखी है। जिसमें उन्होंने कहा है कि हमारे पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश के हालात किसी से छुपे नहीं हैं। वहां हमारे हिंदू भाइयों पर हमले हो रहे हैं और उनकी सुरक्षा स्थिति चिंताजनक है। अल्लाह से हम उन्हें महफूज रखने की दुआ करते हैं। बांग्लादेश में अन्य अल्पसंख्यकों की भी हमें फिक्र है। इन खराब हालातों के मद्देनजर आपसे गुजारिश है हिंदुस्तान और विशेष रूप से दिल्ली शहर में अवैध तरीके से घुसे बांग्लादेशियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

उन्होंने पत्र में आगे कहा कि अवैध रूप से भारत में घुसे बांग्लादेशियों को किराए पर घर न दिए जाए, जिन लोगों ने अपना घर किराए पर दिया है उन्हें तत्काल बाहर निकाला जाए। अवैध बांग्लादेशियों को किसी भी प्रतिष्ठान में नौकरी न दी जाए और कार्यरत ऐसे अवैध लोगों को बर्खास्त किया जाए।

दिल्ली के वाशिंदों को निर्देशित किया जाए कि अगर उनके पड़ोस में अवैध बांग्लादेशी रह रहे हैं तो इसकी सूचना पुलिस को दें। यदि किसी अवैध बांग्लादेशी ने सड़क, फुटपाथ, पार्क या अन्य किसी सरकारी जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया हो तो उसे हटाने के लिए एमसीडी और दिल्ली पुलिस को निर्देशित किया जाए।

उन्होंने आगे कहा कि अगर किसी अवैध बांग्लादेशी द्वारा गैर कानूनी रूप से आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र या अन्य कोई सरकारी दस्तावेज हासिल कर लिया है तो उनको निरस्त किया जाए। अगर किसी अवैध बांग्लादेशी को मस्जिद या मदरसा में पनाह दी हुई है, तो ऐसे लोगों को तुरंत बाहर किया जाए। पहले की तरह अभियान चलाकर अवैध बांग्लादेशियों को चिन्हित कर वापस बांग्लादेश भेजा जाए।

बता दें कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ देश के अलग-अलग हिस्सों में विरोध हो रहा है। साधु संत बांग्लादेश में इस्कॉन के सदस्य चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी, मंदिरों पर हमला और हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

## केजरीवाल ने कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा पर निशाना साधा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को दिल्ली की कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने के बजाय उन्हें लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर ध्यान देना चाहिए। दिल्ली में अगले वर्ष फरवरी में विधानसभा चुनाव होना है और पुलिस केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन आती है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने सुबह की सैर के दौरान एक व्यवसायी की गोली मारकर हत्या, पंचशील एन्क्लेव में एक बुजुर्ग की हत्या और जबरन वसूली की बढ़ती घटनाओं सहित कई हिंसक घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। केजरीवाल ने कहा, लोग घबराए हुए हैं और कानून-व्यवस्था चरमरा गई है। बुजुर्ग डरे हुए हैं, महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं और गैंगवार हो रही है। दिल्ली के हर कोने में मादक पदार्थ बिक रहे हैं। दिल्ली पुलिस कहां है? गृह मंत्री कहां हैं? उन्होंने कुछ अपराधों के पीछे रोहिंग्याओं का हाथ होने के भाजपा के दावे पर कहा।

## गुरुग्रामः केंद्रीय मंत्री से मिला एनसीआर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का प्रतिनिधिमंडल

प्रात : किरण संवाददाता



गुरुग्राम। केंद्रीय ऊर्जा, आवासन तथा शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से एनसीआर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान केंद्रीय मंत्री ने उद्योगों से सम्बंधित समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन दिया। एनसीआर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री गुरुग्राम के प्रतिनिधिमंडल ने ऊर्जा, आवासन तथा शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से उद्योग भवन दिल्ली में उनके कार्यालय पर मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल में एनसीआर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री गुरुग्राम के अध्यक्ष एचपी यादव के साथ चैम्बर की स्टीयरिंग कमेटी के चेयरमैन रविंदर बंस, बैंकिंग तष्था वित्तीय कमिटी के चेयरमैन बीराज सचदेवा तथा चैम्बर के उपसचिव विवेक उपाध्याय शामिल रहे। एचपी यादव ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को दिल्ली-एनसीआर (विशेषकर हरियाणा) के उद्योगों को बिजली संबंधित समस्याओं से अवगत कराया कि दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप कानूनों के चलते डीजल जनरेटर चल नहीं सकते। औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति समस्या है। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सीएनजी प्रोपेन तथा बायो गैस आपूर्ति की उपलब्धता नहीं होने के कारण उत्पादन प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए 24 घंटे, सातों दिन बिजली सप्लाई की सिफारिश की।

स्टीयरिंग कमेटी के चेयरमैन रविंदर बंसल ने दक्षिणी हरियाणा में उचित परिवहन के लिए मेट्रो विस्तार एवं गुरुग्राम दिल्ली एवं नोएडा के बीच यातायात प्रबंधन विषयों पर चर्चा की गई। एनसीआर चैम्बर के विशेषज्ञ समिति के चेयरमैन बीआर सचदेवा ने औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के विकास के लिए आग्रह किया। जिससे कि हरियाणा में निवेश को बढ़ावा मिले। यहां के उद्यो अपना विस्तार हरियाणा में ही करें। जिससे उद्योगों के पलायन को रोका जा सके। यह रोजगार की संभावनाएं बढने में मील का पत्थर साबित होगा। मंत्री मनोहर लाल ने चैम्बर के प्रतिनिधिमंडल को उद्योगों के संचालन में आ रही समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

## गुरुग्रामः अवैध रूप जुआ खेलने व खिलाने वाले 40 आरोपी रंगे हाथ काबू

प्रात : किरण संवाददाता



गुरुग्राम। अवैध रूप से जुआ खेलने व खिलाने वाले 40 आरोपियों को पुलिस ने रंगे हाथों काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयोग की जाने वाली दो कसीनो टेबल, 3180 टोकन व छह पैकेट ताश बरामद किए हैं। अपराध शाखा सेक्टर-31 प्रभारी उप-निरीक्षक मोहित ने शनिवार को बताया कि विश्वसनीय सूत्रों से अवैध रूप से जुआ खेलने संबंधी सूचना उन्हें मिली। उस सूचना पर कार्रवाई करते हुए मेपल फॉर्म गांव कादरपुर जिला गुरुग्राम में रेड की गई। वहां पर कसीनो चलाकर जुआ खेलने/खिलाने वाले तीन मुख्य आरोपियों सहित कुल 40 को काबू किया गया। आरोपियों की पहचान विनोद कुमार निवासी बॉस मोहल्ला कालोनी जिला पलवल, पुनीत निवासी कृष्णा कालोनी जिला पलवल, राजा जाट निवासी नगला घरोहर जिला अलीगढ़ (उत्तर-प्रदेश), गोपाल निवासी न्यू क्लॉथ मार्केट जिला पलवल, नीरज शर्मा निवासी न्यू कालोनी पलवल, संजय दलाल निवासी फरीदाबाद, टिंकू निवासी गाहेता चौक पलवल, दिनेश कुमार निवासी गांव गोडोथ फाटक पार जिला पलवल, जतिन निवासी गांव किथवारी जिला पलवल, किशन सिंह निवासी प्रेम कालोनी जिला पलवल, दिनेश निवासी नजदीक प्रेम प्रकाश मंदिर जवाहर नगर कैंप पलवल, जितेन्द्र निवासी जवाहर नगर जिला पलवल, विक्रम आदर्श कालोनी जिला पलवल, जितेन्द्र सिंगला निवासी प्रकाश विहार जिला पलवल, विशाल निवासी नगला घरोहर जिला अलीगढ़ (उत्तर-प्रदेश), चन्द्रकांत निवासी कियचाडी जिला पलवल, आलिया निवासी दिलशाद गार्डन, दिल्ली, नवनीत कौर निवासी चंद्र विहार निलोठी, दिल्ली, रमनदीप कौर निवासी अफजल नगर चंद्ध विहार, दिल्ली, पूर्णा लक्ष्मी साक्य निवासी हरी नगर जनकपुरी, दिल्ली, जितेन्द्र निवासी गाँव मुदगर जिला फरीदाबाद, ललित निवासी अवस्थी सराय जिला पलवल, दीपक गोयल निवासी सेक्टर-8 को काबू किया गया। साथ ही आईएमटी बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद वर्तमान पता सेक्टर-50, फरीदाबाद, विपिन चौहान निवासी मोहल्ला पलपल होडल, कृष्ण निवासी गांव अली मेव जिला पलवल, मनीष निवासी फ्रेंड्स कालोनी होडल, राहुल निवासी बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद, चिराग निवासी पण्डित मोहल्ला, फतेहपुर चंदिला, सेक्टर 21बी जिला फरीदाबाद, मनीष निवासी रामनगर जिला फरीदाबाद, गजेन्द्र निवासी कृष्णा कालोनी जिला फरीदाबाद, भारत भुषण निवासी फ्रेंड्स कालोनी जिला फरीदाबाद, अनिल निवासी सुल्तानपुरी दिल्ली, समीर निवासी स्वामी नगर मालवीय नगर, दिल्ली, रोहताश निवासी वाटर वर्क्स बस्ती होडल जिला पलवल, देवेन्द्र निवासी आर्य नगर होडल जिला पलवल, कोमल निवासी बी ब्लॉक रोहिणी,दिल्ली, कविता निवासी फ्रीडम फाइटर कॉलोनी, दिल्ली, मनीषा पाठक निवासी के ब्लॉक उत्तम नगर, दिल्ली, लक्ष्मी थापा निवासी बक्करवाला दिल्ली, दिक्षा निवासी नील ब्लॉक मालवीय नगर, दिल्ली के रूप में हुई। अवैध रूप से कसीनो चलाकर जुआ खेलने/खिलाने पर थाना सेक्टर-65 गुरुग्राम में आरोपियों सहित कुल 40 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में पता चला है किआरोपी तीन पत्ती खेल के माध्यम से जुआ खेल रहे थे। आरोपियों को जुआ खेलने के लिए सिक्के दिए गए थे। हार जीत होने पर सिक्के के माध्यम से ही इनका हिसाब किया जाता। जुआ खिलाने में कुछ अन्य व्यक्ति भी शामिल हैं।

## स्कार्पियो कार डिवाइडर से टकराकर नाले में गिरी, मची चीख-पुकार

नोएडा । नोएडा के थाना फेज-1 क्षेत्र स्थित नोएडा एक्सप्रेसवे से महमाया फ्लाइओवर की तरफ जाने वाली सड़क पर एक तेज रफ्तार स्कार्पियो कार डिवाइडर से टकराकर नाले में जा गिरी। घटना में समय कार में एक युवती सहित तीन लोग सवार थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, कार को क्रेन के जरिए नाले से बाहर निकाला गया है। घटना के समय करीब आधे घंटे तक सड़क पर जाम लगा रहा है। बताया जा रहा है कि चालक को नींद की झपकी आने से यह हादसा हुआ है। नोएडा के थाना फेस-1 क्षेत्र के नोएडा एक्सप्रेसवे से महमाया फ्लाइओवर की तरफ जाने वाली सड़क पर शनिवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। घटना के बाद सड़क पर जाम लग गया। बताया जाता है कि स्कॉर्पियो की गति काफी तेज थी, जो अचानक डिवाइडर से टकराकर उछली और पास ही नाले में जा गिरी। सब कुछ पलक झपकते ही हो गया। अचानक इस घटना से मौके पर हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और ट्रैफिक पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जैसे-तैसे उन्हें बाहर निकाला गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से नाले के अंदर से कार को लिफ्ट करके बाहर निकाला। पुलिस का कहना है कि हादसे के वक्त कार में एक युवती सहित तीन लोग सवार थे। गनीमत रही कि किसी को भी गंभीर चोटें नहीं आईं। गाड़ी को भी ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा। पुलिस का कहना है कि ड्राइवर को झपकी आने की वजह से यह हादसा हुआ

## संक्षिप्त खबरें

### दबंगों ने दंपति को मारपीट कर घायल किया

मुरादनगर। दिल्ली के सबोली बाग निवासी सुभाष कुमार पत्नी रेखा और पुत्र के साथ गांव भिक्कनपुर रिश्तेदारी में आए थे। वापस जाते समय पाइपलाइन मार्ग पर पहुंचे तो उन्हें गांव भिक्कनपुर के बाइक सवार तीन लोगों ने रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी। इसमें रेखा को गंभीर चोट लगी है। किसी तरह से तीनों ने भागकर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस केस दर्ज कर हर्ष, सुजीत और एक अज्ञात की तलाश में जुट गई है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवक घायल

मोदीनगर। गांव रोरी में लाली अपने पति महेंद्र और बच्चों के साथ रहती हैं। महेंद्र गांव सैदपुर से डीजल लेने बाइक से जा रहा था। रोरी-सैदपुर मार्ग पर पहुंचे तो सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने महेंद्र को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे रेफर कर दिया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### खुशबू और भूमि ने जीती एआई वाद-विवाद प्रतियोगिता

गाजियाबाद। मेरठ रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित आरसीसीवी कॉलेज में डिजिटल दुनिया में नए आयामों की खोज एलुमिनाई सीरीज के तहत कार्यशाला का आयोजन हुआ। पूर्व छात्रा अवनि शर्मा ने गूगल और कैनवा से शिक्षण को प्रभावी बनाने के तरीके सिखाए। कार्यशाला का समापन प्रेक्षी सक्सेना ने किया। प्राचार्या डॉ. नीतू चावला ने बताया इस मौके पर एआई पर चर्चा के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता भी हुई। इसमें खुशबू और भूमि यादव विजेता रहीं।

### शिविर में छात्रों ने स्वास्थ्य जांच कराई

गाजियाबाद। एमएमएच कॉलेज में लाईन चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। इसमें छात्रों एवं शिक्षकों ने जांच कराकर लाभ उठाया। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. संजय सिंह एवं मुख्य अतिथि डॉ. एचएल शर्मा ने छात्रों को स्वस्थ जीवन जीने और स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रहने की सलाह दी। एनएसएस अधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर चीफ प्रोक्टर प्रो.आरएस यादव, प्रो. सुता, प्रो. कामना, प्रो. मीणा, एसबी कुलश्रेष्ठ, डॉ. विनीता, डॉ. रीमा, डॉ. निशा, डॉ. ईनाम उर रहमान उपस्थित रहे।

### नृत्य-नाटिका से बताया पंचकोश और पर्यावरण का महत्व

गाजियाबाद । पटेल नगर स्थित चौ. छबीलदास स्कूल में शनिवार को जूनियर विंग का वार्षिकोत्सव मनाया गया। स्कूल प्रबंधन अध्यक्ष केके अग्रवाल, मैनेजर रोहित गोस्वामी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर छात्रों ने नृत्य-नाटिका से पंचकोश के उद्देश्यों और उसके महत्व को दशार्या। पर्यावरण के दोहन, इसके दुष्प्रभावों को प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। नन्हे छात्रों की धमाकेदार प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। , हेडमिस्ट्रेस अनुपमा सिंह, ममता शर्मा, स्वाति वोहरा मौजूद रहे।

## गुरुग्रामः 120 बहादुर फिल्म निर्देशक व निमार्ताओं को कानूनी नोटिस जारी

**शहीद परिवार कल्याण फाउंडेशन ने भिजवाया है यह कानूनी नोटिस**

प्रात : किरण संवाददाता



गुरुग्राम। 120 बहादुर के अधिकारों को लेकर शहीद परिवार कल्याण फाउंडेशन की ओर से कानूनी नोटिस भिजवाया गया है। इस फिल्म के निर्देशक रजनीश घई रजी और निमार्ता फरहान अख्तर और अन्यों को कानूनी नोटिस भेजा गया है। शहीद परिवार कल्याण फाउंडेशन के संयोजक डॉ. टी.सी. राव ने नोटिस को लेकर कहा है कि 120 बहादुर फिल्म के लिए रेजांगला युद्ध के आठ वीर चक्र प्राप्त कताओं के परिवारों से आवश्यक अधिकार फिल्म निमार्ता, निर्देशक ने नहीं लिए। डॉ. टी.सी. राव ने कहा कि फिल्म 120 बहादुर के लिए मेजर शैतान सिंह के परिवार से अधिकार प्राप्त कर लिए गए, लेकिन अन्य आठ वीर चक्र प्राप्तकताओं के परिवारों से कोई समझौता नहीं किया गया। यह लापरवाही न केवल इन बहादुर सैनिकों की विरासत का अपमान करती है, बल्कि उचित प्रतिनिधित्व और सम्मान की अवधारणा को भी कमजोर करती है। डॉ. राव ने कहा कि उन्होंने करीब तीन महीने पहले निमार्ता, निर्देशक और भारतीय सेना के प्रमुख को एक औपचारिक पत्र भेजकर इस मुद्दे पर स्पष्टता मांगी थी। इसे सुधारने का आग्रह किया था। दुर्भाग्यवश अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। यह फिल्म 2025 में रिलीज होगी। भारतीय सैन्य इतिहास के एक महत्वपूर्ण क्षण को उजागर करने वाली है, लेकिन यह अन्य बहादुर सैनिकों की योगदान को नजरअंदाज करने का जोखिम उठाते हुए ऐसा कर रही है। जिनका समान सम्मान मिलना चाहिए। डॉ. टी.सी.राव के मुताबिक उन्होंने रेजांगला युद्ध पर 24 वर्षों से अधिक समय तक शोध किया है। रेजांगला युद्ध के नायब सूबेदार सूरजा राम, नायक सिंह राम और गुलाब सिंह की वीरता को उचित मान्यता नहीं दी गई है। उनके व्यापक शोध का परिणाम उनकी पुस्तक रेजांगला में अहीरों का बलिदान सत्य, न्याय और सम्मान के लिए संघर्ष में आया। जिसमें उन्होंने भारत सरकार से इन शहीदों के समर्पण के लिए एक आयोग स्थापित करने की अपील की। इन शहीदों के पदक और अन्य पुरस्कारों की फिर से समीक्षा का आग्रह किया, जिसमें 9 परमवीर चक्र, 19 महावीर चक्रऔर 44 वीर चक्र भी शामिल हैं। डॉ. राव रेजांगला युद्ध की वीरता को शारागढ़ी युद्ध से जोड़ते हुए बताते हैं, जिसमें सभी 21 सिख सैनिकों को परमवीर चक्र के समान वीरता पुरस्कार प्राप्त हुए थे। उनका मानना है कि रेजांगला युद्ध में भी उतनी ही वीरता दिखाई गई थी और उन सैनिकों को भी समान सम्मान मिलना चाहिए।

## अवार्चीन स्कूल ने तीन विकेट से टीएनएम क्रिकेट एकेडमी को हराया



गाजियाबाद। सेलिब्रेशन क्रिकेट ग्राउंड पर शनिवार को खेले गए क्रिकेट मुकाबले में अवार्चीन स्कूल ने सभी विभागों में दमदार प्रदर्शन करते हुए टीएनएम क्रिकेट एकेडमी को तीन विकेट से हरा दिया। अंशुमन राय को शानदार गेंदबाजी करने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। ब्रजमोहन जुयाल स्मृति क्रिकेट टूनार्मेंट सेलिब्रेशन क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित किया जा रहा है। शनिवार को क्रिकेट टूनार्मेंट में टीएनएम क्रिकेट एकेडमी और अवार्चीन स्कूल के बीच मैच खेला गया।टीएनएम क्रिकेट एकेडमी ने मैच में टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और पूरी टीम 196 रन पर सिमट गई। उसकी तरफ से आयुष्मान यादव ने 80 रन की शानदार पारी खेली। इसके अलावा समर प्रताप सिंह ने 52, कबीर पांचाल ने 21 रन का योगदान दिया। विपक्षी टीम की तरफ से अंशुमन राय ने किफायती गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके। रौनक भाटिया ने दो और आदर्श तिवारी ने भी दो विकेट झटके। लक्ष्य को हासिल करने उतरी अवार्चीन स्कूल ने आसानी से 30.1 ओवर में सात विकेट पर 199 रन बनाकर शानदार जीत हासिल की। अर्णव प्रताप सिंह ने शानदार 60 रन बनाए।इसके अतिरिक्त अन्य बल्लेबाजों में शौर्यवीर ने 46,कप्तान आर्यन श्रीवास्तव ने 42 रन की पारी खेली। दैविक तिवारी ने सबसे ज्यादा तीन, गर्व ने दो और कबीर ने एक विकेट लिया। किफायती गेंदबाजी कर तीन विकेट लेने वाले अंशुमन राय को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## ग्रेटर नोएडाः स्कूल बस की टक्कर से स्वास्थ्यकर्मी की मौत



ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में स्कूल बस की टक्कर से एक स्वास्थ्यकर्मी की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार को बीटा-दो पुलिस थाना क्षेत्र की है जब राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) में काम करने वाला शिवम मोटरसाइकिल से कहीं जा रहा था तभी एक निजी स्कूल की बस ने उसे टक्कर मार दी। थाना प्रभारी निरीक्षक विद्युत गोयल ने बताया कि शिवम को घायल अवस्था में जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

## गुरुग्राम जिला में 31 दिसंबर के बाद नहीं चलेंगे डीजल ऑटो

- डीसी ने संबंधित अधिकारियों संग बैठक कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश
- डीजल ऑटो को इम्पाउंड करने की कार्रवाई में तेजी लाने के दिए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता




गुरुग्राम। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्यरत जिला प्रशासन ने जिला से डीजल ऑटो को हटाने की कवायद तेज कर दी है। डीसी अजय कुमार ने इस बारे में संबंधित अधिकारियों संग बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।शनिवार को लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में हुई बैठक में डीसी अजय कुमार ने कहा कि किसी भी शहर की छवि को मजबूत बनाने में वहां की यातायात व्यवस्था का महत्वपूर्ण रोल होता है। उन्होंने कहा कि आज देश विदेश में गुरुग्राम की एक मिलेनियम सिटी के रूप में अलग पहचान है। ऐसे में यहां आने वाले लोग अपने मन में गुरुग्राम शहर की एक बेहतर छवि लेकर जाएं इसके लिए हमें सामूहिक रूप से इस दिशा में कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा 30 नवंबर 2022 को दिए गए आदेशों के तहत समूचे एनसीआर क्षेत्र में सड़कों से डीजल ऑटो हटाने के लिए अलग अलग समय सीमा निर्धारित की है। जिसमें गुरूग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद व गौतमबुद्ध नगर जिले के लिए 31 दिसंबर 2024 की समय सीमा तय की गई थी। वहीं साथ लगते अन्य जिलों के लिए 31 दिसंबर 2025 तक का समय निर्धारण किया गया है।

डीसी ने इन आदेशों के संबंध में सभी उपमंडल अधिकारी, क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण के सचिव व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएक्यूएम के आदेशों की पालना के तहत इस माह के अंत तक एक व्यापक अभियान चलाकर डीजल ऑटो पर कार्रवाई कर, निधाज्रित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए शत प्रतिशत प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम प्रदेश की आइकन सिटी है और इसे अंतरराष्ट्रीय शहरों के समकक्ष बनाने के लिए यहां पर वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के उपाय किए जा रहे हैं। इन उपायों के अंतर्गत डीजल ऑटो को सड़कों से हटाना जरूरी है। डीसी ने बैठक में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शेयरिंग ऑटो रिक्शा में सवारियों की क्षमता का भी ध्यान रखें, क्योंकि कुछ आटो रिक्शा चालक अपने ऑटो की क्षमता से ज्यादा सवारियों को ले जाते हैं। इसके साथ ही यदि कोई ऑटो बिना पंजीकृत नंबर के चल रहा है तो उसको तुरंत इंपाउंड किया जाए तथा 18 साल से कम आयु का चालक ऑटो चलाता पाया जाए, तो उस ऑटो को भी इंपाउंड किया जाए।

बैठक में क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण के सचिव एवं एसडीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि वर्तमान में गुरुग्राम जिला में सभी प्रकार के ईंधन से चलित ऑटो की संख्या 38 हजार 400 है। इसमे डीजल ऑटो की संख्या 1015 है। उन्होंने बताया कि एनजीटी के मेंडेट के तहत जिला में 1 जनवरी 2023 से डीजल ऑटो का पंजीकरण नही किया जा रहा है। वहीं सड़कों से डीजल ऑटो हटाने के प्रक्रिया के तहत अभी तक 80 से अधिक ऑटो को इम्पाउंड किया गया है। बैठक में बादशाहपुर के एसडीएम अंकित चोकसे, मानेसर के एसडीएम दर्शन यादव सहित पुलिस व क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित रहे।

## गाजियाबाद : गैंगस्टर एक्ट में आरोपी की 4.25 करोड़ की संपत्ति हुई कुर्क

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में थाना बापूधाम पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तरह कार्रवाई करते हुए शातिर अपराधी लोकेश कुमार की तकरीबन 4.25 करोड़ रुपये की अवैध अचल संपत्ति कुर्क की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी लोकेश कुमार राजनगर एक्सटेंशन का रहने वाला है। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर एक फर्जी कंपनी के जरिये लोगों को पैसा दोगुना करने का लालच देकर करोड़ों रुपये की संपत्ति बना ली थी। उसने ज्यादातर संपत्ति अपनी पत्नी के नाम ले रखी थी। लोकेश कुमार के खिलाफ अलग-अलग थानों में धोखाधड़ी, जालसाजी अमानत में खयानत समेत लगभग 16 आपराधिक मामले दर्ज हैं। अभी वह गाजियाबाद की जिला जेल में बंद है। इन मामलों को देखते हुए अब गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसकी करोड़ों की संपत्ति को शनिवार को कुर्क कर लिया गया है। डीसीपी राजेश कुमार ने बताया है कि लोकेश कुमार ने एक गैंग बनाकर फर्जी तरीके से कंपनी खोलकर लोगों को पैसा डबल करने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करते हुए जमा पैसों से अपने और अपने परिवार के नाम पर करोड़ों की अचल सम्पत्ति अर्जित की थी। उन्होंने बताया कि इसका एक प्लॉट जिसका क्षेत्रफल 67.22 वर्ग मीटर है और कीमत लगभग एक करोड़ रुपये है, उसे कुर्क किया गया है। इसी कड़ी में एक रिटेल शॉप को भी कुर्क किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रुपये है।

## शराब के नशे में कार सवारों ने जानबूझकर कार में मारी टक्कर, विरोध करने पर दी धमकी

नोएडा। नोएडा में एक कार में शराब पी रहे तीन युवकों ने जानबूझकर एक कार में टक्कर मार दी। आरोप है कि कार चालक ने जब इसका विरोध किया तो कार सवारों ने उसे धमकी दी और अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गए। यह घटना नोएडा के सेक्टर-119 स्थित आम्रपाली प्लेटिनम सोसाइटी के पास की बताई गई है। इस मामले में पीडित ने अज्ञात कार सवारों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, नोएडा निवासी विकास सक्सेना बीते दिनों अपने घर की ओर जा रहे थे। इस दौरान सड़क पर खड़ी कई गाड़ियों की वजह से उनकी कार रुक गई थी। बताया गया है कि उनके पीछे खड़ी एक कार में तीन युवक शराब पी रहे थे। जिन्होंने अचानक उनकी कार को टक्कर मारी। इसके बाद विकास ने बाहर आकर इन युवकों से इस बारे में पूछा, तो आरोपियों ने किसी भी तरह का जवाब नहीं दिया। इसके बजाय आरोपियों ने कार को साइड करने का बहाना बनाया और फरार हो गए। पीड़ित ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी और मामले में जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान के लिए जांच की जा रही है। फिलहाल आरोपियों का कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस का कहना है कि घटना में शराब पीने और सड़क पर जानबूझकर टक्कर मारने के मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और आरोपी जल्द ही पकड़े जाएंगे।

## मिट्टी के कारीगरों को सरकार की योजनाओं से जोड़ा जाएगाः ईश्वर सिंह मालवाल

**मिट्टी से बर्तन बनाने वाले कारीगरों को लेकर माटी कल्याण बोर्ड ने सभी जिलों में कराया सर्वे**

- प्रजापति समाज द्वारा कैबिनट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा का सम्मान समारोह गुरुग्राम में आज
- हरियाणा माटी कला बोर्ड के चैयरमेन ईश्वर सिंह मालवाल ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता



गुरुग्राम। हरियाणा माटी कला बोर्ड के चैयरमेन ईश्वर सिंह मालवाल ने कहा कि मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कारीगरों को सरकार द्वारा उनके हितों के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़े के लिए उन्होंने हरियाणा के सभी 22 जिलों का सर्वे करवाया है। जल्द ही इस दिशा में काम करते हुए पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ा जाएगा। यह बात उन्होंने शनिवार को यहां पत्रकार वार्ता में कही। वे रविवार को गुरुग्राम में प्रजापति समाज द्वारा पीडब्ल्यूडी, बीएंडआर एवं जन स्वास्थ्य विभाग मंत्री रणबीर सिंह गंगवा के सम्मान समारोह को लेकर पत्रकारों से बात कर रहे थे।

ईश्वर सिंह मालवाल ने कहा कि 8 दिसंबर को गुरुग्राम में प्रजापति समाज द्वारा मंत्री रणबीर सिंह गंगवा का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम रविवार को सुबह 10 बजे रेलवे रोड पर सेक्टर-5 में स्थित चिन्तपूर्णी मन्दिर के नजदीक नेकीराम फॉर्म में आयोजित किया जाएगा। चेयरमैन ईश्वर सिंह मालवाल ने बताया कि समारोह में गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा व बाढड़ा के विधायक उमेद पातुवास को बतौर विशिष्ठ अतिथि आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी छेलूराम वर्मा करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में हरियाणा के विश्वप्रसिद्ध कलाकार महावीर गुड्डू व उनकी टीम सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी देंगी। चेयरमैन ईश्वर सिंह मालवाल ने विधानसभाचुनाव के दौरान प्रदेश के आमजन मानस ने जिस विश्वास के साथ भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा सरकार को तीसरी बार सेवा का मौका दिया है। उसमें पिछड़ा वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए रणबीर गंगवा को कैबिनेट मंत्री बनाकर प्रजापति समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिया गया है।

पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए मालवाल ने कहा कि आधुनिकता के दौर में आम नागरिक अपने स्वास्थ्य की चिंता कर फिर से मिट्टी से बने बर्तनों की महत्ता को समझ रहा है। मार्केट की डिमांड व सप्लाई की चैन बाधित ना हो, इसके लिए उन्होंने विभिन्न जिलों में कारीगरों को इलेक्ट्रिक चाक भेंट किए है। वहीं मिट्टी की इस कला को आधुनिक रूप देने के लिए माटी कल्याण बोर्ड द्वारा विभिन्न सुझाव व प्रस्तावों के संबंध में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा कि पीढियों से चली आ रही हमारी इस कला के प्रति आधुनिक समाज भी जागरुक रहे इसके लिए सूरजकुंड मेले की तर्ज पर कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता जंयती महोत्सव में भी विभिन्न कलाकारो द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इस अवसर पर राम गोपाल वर्मा, छैलू राम वर्मा, नरेश गुरी, धर्मपाल, अनिल सिरसवा, हनुमान सिंह, सत्य वर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## मां-बेटी को डिजिटल अरेस्ट में रखा, टॉर्चर करके ठगे साढ़े 36 लाख रुपये

प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा। नोएडा में एक अनोखा साइबर अपराध हुआ है। यहां एक मां-बेटी को डिजिटल अरेस्ट कर धमकी देकर उनसे 36 लाख 58 हजार रुपये ठग लिए गए। पीड़िता तरुणा गाबा ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। तरुणा और उनकी मां शशि गाबा के बैंक खाते का इस्तेमाल कर अपराधियों ने उन्हें फंसाने की कोशिश की। पिछले माह तरुणा के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को ट्राई अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल मानव अंग तस्करी और धनशोधन में हुआ था। इसके बाद अपराधियों ने उन्हें ऑनलाइन पूछताछ के लिए मजबूर किया।

### फोन पर भेजा फर्जी गिरफ्तारी वारंट

जानकारी के अनुसार नोएडा के सेक्टर-77 में अपनी मां के साथ रहने वाली तरुणा गाबा के पिता की मौत हो चुकी है। हाल ही में तरुणा ने एमबीए किया है और नौकरी के लिए कई जगह



आवेदन किए। तरुणा ने पुलिस को बताया कि अपराधियों ने उन्हें स्काइप कॉल के जरिये कथित मुंबई पुलिस के अधिकारियों से जोड़ा और फिर फर्जी गिरफ्तारी वारंट भी भेज दिया। इससे बचने के लिए दोनों से पैसे ट्रांसफर करने को कहा गया। ठगों ने आश्वासन दिया कि जांच के बाद सारी रकम वापस कर दी जाएगी। यह पूरी घटना 27 से 30 नवंबर के बीच हुई। इस दौरान तरुणा और उनकी मां शशि गाबा डर के चलते किसी से मदद नहीं मांग पाईं। ठगों ने उन्हें लगातार धमकाया और डिजिटल अरेस्ट की धमकी दी। जिससे वे डर गईं और पैसे ट्रांसफर कर दिए।

### 36 लाख 58 हजार रुपये ठगे

साइबर अपराधियों ने मां-बेटी से बैंक खाते में जमा धन को दूसरे खातों में ट्रांसफर करने को कहा। इसके बाद उन्होंने इनसे 36 लाख 58 हजार रुपये लेकर दो बार में पैसे ट्रांसफर करवा लिए। इस दौरान ठगों ने पीड़िता के घर की सारी जानकारी भी इकट्ठा की। उन्होंने घर की जानकारी का इस्तेमाल कर और भी रुपये देने के लिए दबाव डाला। ठगों ने एफडी तुड़वाने और घर गिरवी रखने का भी दबाव बनाया, लेकिन पीड़ितों ने इनकार कर दिया। फिर भी वह लगातार पैसे भेजने का दबाव बनाते रहे।

### चार दिनों तक मां-बेटी को डराया

चार दिनों तक डिजिटल अरेस्ट करने के बाद, ठगों ने पीड़िता से संपर्क तोड़ लिया। इस घटना के बाद शशि गाबा और उनकी बेटी ने आखिरकार पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ठगे गए लगभग दो लाख रुपये फ्रीज करा दिए हैं। साइबर अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस अब उनकी तलाश कर रही है। पुलिस ने लोगों से इस तरह के ठगों से सावधान रहने की अपील की है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार, 08 दिसंबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### सोनभद्र में ट्रक के धक्के से बाइक सवार की मौत

सोनभद्र, । घोरावल कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की सुबह ट्रक के धक्के से बाइक सवार दो युवकों में एक की मौत हो गई जबकी दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुरना गांव निवासी 34 वर्षीय बबलू उर्फ रामेश्वर हरिजन पुत्र हीरालाल व 25 वर्षीय प्रिंस मौर्य पुत्र राम दुलारे शनिवार की सुबह एक बाइक पर सवार होकर किसी काम से गांव में गए हुए थे। काम के बाद वापस अपने घर की तरफ बाइक से लौट रहे थे, इसी दौरान ट्रक के धक्के से दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायल अवस्था में दोनों को घोरावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने देखते ही बबलू को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्रिंस मौर्य को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया जबकि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि ट्रक दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे, जिसमें बबलू की मौत हो गई।

### गृहकर जमा करने को 15 प्रतिशत छूट की अवधि 31 दिसम्बर तक बढ़ी

मुरादाबाद, । मुरादाबाद नगर निगम द्वारा गृहकर जमा करने में मिल रही 15 प्रतिशत की छूट की अवधि शनिवार को नगर निगम ने एक बार फिर से बढ़ा दी है। अब यह छूट 31 दिसम्बर तक मिलेगी। इससे पहले 30 नवम्बर को इस छूट की मियाद खत्म हो चुकी थी। 30 नवम्बर तक निगम की ओर से मिली इस छूट का लाभ केवल 42 प्रतिशत भवन स्वामियों ने उठाया था। वहीं, 59 प्रतिशत भवन स्वामियों को निगम की यह छूट रास नहीं आई थी और उन्होंने इस छूट का लाभ नहीं लिया। अपर नगर आयुक्त अतुल यादव ने बताया कि मुरादाबाद नगर निगम की सीमा में कुल 1,52,715 भवन टैक्स के दायरे में आते हैं। 30 नवम्बर तक इनमें से केवल 63,122 भवन स्वामियों ने ही टैक्स जमा किए हैं। निगम के दायरे में आने वाले 89,593 भवन अभी भी ऐसे हैं, जिनका टैक्स अब तक जमा नहीं हुआ है। इनमें 31,466 भवन ऐसे भी हैं, जिन्हें पहली बार टैक्स जमा करना था। नगर निगम की ओर से इन सभी बकायेदारों को छूट के साथ टैक्स जमा करने के लिए एक मौका और दिया गया है।

### जमीन विवाद में दबंगों ने ढाबे में लगाई आग, 10 लोग गिरफ्तार

बाराबंकी, । जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई और इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के ढाबे में आग लगा दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार की देर रात देवा थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के ढाबे में आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने पूरे ढाबे को अपनी चपेट में ले लिया और कुछ ही मिनटों में ढाबा जलकर राख हो गया। इस घटना में लाखों रुपये के सामान का नुकसान हुआ है। पीड़ित रिशु मिश्रा ने बताया कि यह विवाद काफी समय से चल रहा था और शाम को फिर से दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ। इस दौरान विपक्षियों ने उनके ढाबे में आग लगा दी, जिससे उनके व्यापार को भारी नुकसान हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जो मारपीट और आगजनी में शामिल थे।

### विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद ने छवि खराब करने पर जाहिर की नाराजगी

लखनऊ, । उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता माता प्रसाद पाण्डेय ने शनिवार को एक बार फिर से मीडिया के सामने उनकी छवि खराब करने पर नाराजगी जाहिर की। नेता प्रतिपक्ष ने दो टूक कहा कि एक समाज से आने के कारण उनके समाज के समर्थकों की संख्या बहुत है। इसका यह मतलब नहीं है कि हर कोई मेरा रिश्तेदार है। उप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद ने ठेका कांड में नाम जुड़ने पर कहा कि पूरे प्रकरण में उनकी छवि खराब करने के पीछे उन्हें राजनीतिक षड़यंत्र दिखता है। षड़यंत्र के कारण ही मामला मीडिया में आया है। मीडिया में छपने के बाद उनसे हर किसी परिचित को बताना पड़ रहा है। उच्च अधिकारी मामले में जांच कराने के बाद जल्द ही दोषियों के विरुद्ध ठोस कार्यवाही कराये। बता दें कि दो दिन पूर्व में लखनऊ के महानगर थाने में एक एफआईआर दर्ज हुई है। पीड़ित राजू गुप्ता ने तहरीर देते हुए सिद्धार्थनगर जनपद के निवासी प्रवेश मिश्रा को ठेका दिलाने के नाम पर चालीस लाख रुपए की ठगी करने का आरोप लगाया। राजू ने पुलिस को बताया कि वह रुपए नहीं देता लेकिन आरोपित प्रवेश मिश्रा ने खुद को नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय का रिश्तेदार बताया था।

# बेटी के सम्मान की रक्षा डबल इंजन सरकार का लक्ष्यः योगी

प्रात: किरण, संवाददाता



वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि हर हाल में बेटी और उसके सम्मान की रक्षा करना है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत शनिवार को पिंडरा के नेशनल इंटर कॉलेज में आयोजित 401 जोड़ों के विवाह समारोह में श्री योगी ने नवदंपति को मंगलमय जीवन की शुभकामना देते हुए उन पर पुष्पवर्षा भी की। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद जिस नए भारत का निर्माण हुआ, उसमें महिलाओं के लिए सम्मानजनक स्थान बनाया गया। पीएम मोदी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' से जो कार्यक्रम प्रारंभ किया, उसके जरिए देश के अंदर प्रत्येक क्षेत्र में बेटियों द्वारा प्रतिभा का प्रदर्शन करके खुद को साबित किया जा रहा है। बेटियों का संरक्षण हर हाल में हो, उन्हें बचाया-पढ़ाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियां जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नेतृत्व दे सकती हैं और इसी के लिए हर घर में शौचालय निर्माण नारी गरिमा का प्रतीक बना। पीएम-सीएम आवास योजना नारी गौरव का प्रतीक बना। धुएं से मुक्त करने के लिए उज्ज्वला योजना का फ्री कनेक्शन बहन-बेटियों की आंखों के साथ- साथ फेफड़ों की सुरक्षा का बड़ा कदम था। देश में 10 करोड़ और यूपी में इससे लगभग दो करोड़ परिवार लाभान्वित हुए। योगी ने कहा कि यह आयोजन संदेश दे रहा है कि हम सब सामूहिक रूप से मिलकर सामाजिक कुरीति पर जोरदार प्रहार कर सकते हैं। यह कार्यक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि वैवाहिक बंधन में जुड़ रहे 401 वर-वधू का संकल्प महान, अभिनंदनीय, सराहनीय है। इन्होंने बाल विवाह और दहेज मुक्त विवाह के खिलाफ आवाज उठाकर कहा कि दहेज मुक्त वैवाहिक बंधन से जुड़कर खुद को पितृऋण व मातृऋण से उद्धृण करेंगे। कई बार दहेज रूपी दानव अनेक परिवारों के सामने संकट खड़ा करता है। कई बार दर्दनाक समाचार सुनने को मिलता है कि दहेज न देने के कारण वैवाहिक कार्यक्रम निरस्त हो जाते हैं। बेटियों का विवाह तय नहीं हो पाता है। ऐसे में उन सबसे अलग हटकर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से यह प्रयास प्रारंभ हुआ है। जिन युवाओं ने इस कार्यक्रम से खुद को जोड़ा है, वे और उनके अभिभावक अभिनंदन के पात्र हैं। उन्होने कहा कि महिला स्वयंसेवी समूह के माध्यम से तीन करोड़ लखपति दीदी के निर्माण का बड़ा लक्ष्य भी पीएम मोदी का अभियान है। आयुष्मान भारत में 70 वर्ष से ऊपर हर व्यक्ति को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा का कवर मिलना प्रारंभ हो गया है। सीएम योगी ने कहा कि पीएम की प्रेरणा से हम लोगों ने 2017 में सामूहिक विवाह कार्यक्रम प्रारंभ किया था। सरकार 51 हजार रुपये देती है। इसमें 10 हजार रुपये से वर-वधू के कपड़े व अन्य सामान उपलब्ध कराते हैं। 35 हजार रुपये वधू के खाते में जमा होते हैं और छह हजार रुपये पंडाल समेत अन्य मद में खर्च कर भव्यता से यह कार्यक्रम कराते हैं। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अब तक चार लाख से अधिक बेटियों की शादी संपन्न हो चुकी है। दूसरी तरफ एक करोड़ परिवारों को डबल इंजन सरकार 12 हजार रुपये सालाना (दिव्यांगजन, वृद्धावस्था व निराश्रित महिला पेंशन) की सुविधा दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. अवधेश सिंह ने पिंडरा के अंदर इतना बड़ा यज्ञ किया है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन, दर्ज शिकायतों को गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के निर्देश

प्रात: किरण, संवाददाता



नौगावां सादात। जिलाधिकारी नीधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आभा शर्मा द्वारा तहसील दिवस रजिस्टर में दर्ज पूर्व तहसील दिवस में आई शिकायतों का निस्तारण हुआ है या नहीं का फीडबैक लिया गया। जिसमें अधिकतर शिकायतकर्ताओं द्वारा बताया गया कि शिकायतों का निस्तारण नहीं किया गया है अभी तक लंबित है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उन संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से वेतन रोकने के निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील दिवस में आने वाली शिकायतें बहुत महत्वपूर्ण होती हैं इसमे लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि आइजीआरएस पर शिकायतों की प्राथमिकताओं में है आख्या ठीक अपलोड करें शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण हो। कहा कि इसको मुख्यमंत्री जी द्वारा जी द्वारा स्वयं देखा जाता है यह सरकार की प्राथमिकताओं में है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना किया जाए।कहा कि जिन ग्राम पंचायत में जिस विभाग की ज्यादा शिकायत आ रही हैं वहां पर विभागीय अधिकारी स्वयं कैंप आयोजित कर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करें और उसकी रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय को प्रेषित करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों सहित कुल 36 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमे से 04 शिकायत का निस्तारण मौके पर हुआ है शेष शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारित कराने के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी आज ही मौके पर जाकर जांच कर शिकायत का निस्तारण करें शिकायतों का शीघ्रता से और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। शिकायत कर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्टि मिलनी चाहिए, फीडबैक लिया जाए यदि शिकायत कर्ता निस्तारण से संतुष्ट नहीं है तो वह निस्तारण निष्क्रिय माना जाएगा। इस मौके पर उपजिलाधिकारी नौगावां सादात ब्रजपाल सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सत्यपाल सिंह जिला विकास अधिकारी सरिता दुवेदी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तहसीलदार, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# एन. सी.सी की 32 वीं यूपी बटालियन ने मनाया झंडा दिवस




प्रात: किरण, संवाददाता

धामपुर।राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.) की 32 वीं यू पी. बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल ललित भट्ट के दिशा निर्देशन में धामपुर स्थित नगीना चौक पर कैंप लगाकर कैडेट्स के साथ उत्सव पूर्वक और धूमधाम से झंडा दिवस मनाया। कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास बिजनौर का भी योगदान रहा ' लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा ने बताया कि भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के कल्याण भारत की जनता से धन संग्रह करने का दिन है ' यह 1949 से 7 दिसंबर को भारत में प्रतिवर्ष मनाया जाता है इस दिवस पर धन संग्रह सशस्त्र सेना के प्रतीक चिन्ह झंडे को बांटकर किया जाता है' इससे युद्ध के समय हुई जनहानि में सहयोग, सेना में कार्यरत कर्मियों और उनके परिवार के कल्याण हेतु तथा सेवानिवृत्त सैनिकों एवम् उनके परिवार कल्याण हेतु सहयोग होता है।इस अवसर पर लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा,सूबेदार मेजर बलवंत सिंह,नायब सूबेदार भूपेंद्र सिंह हवलदार मन बहादुर, हवलदार रघुवीर सिंह पूर्व सैनिक योगेंद्र पाल सिंह, निगम सिंह,कल्याण सिंह,कार्यवाहक एनसीसी अधिकारी सुनील कुमार, दीपांशु आदि उपस्थित रहे।

# भारत-नेपाल के संस्कृति व योग के प्रसार को लेकर देवीपाटन मंदिर पहुंची नेपाल की योग समिति टीम

प्रात: किरण, संवाददाता



बलरामपुर।भारत-नेपाल के धार्मिक, सामाजिक संस्कृति व योग के प्रसार को लेकर नेपाल की योग समिति की 60 सदस्य टीम भारत भ्रमण पर शक्तिपीठ मंदिर देवी पाटन पहुंची। टीम के सदस्यों ने भारत-नेपाल के साझा संस्कृति की बात करते हुए यहां पर योग कर नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। नेपालगंज से नेपाल के योग गुरु गिरिराज भट्टराई के अगुवाई में नेपाल योग समिति की 60 सदस्य टीम शनिवार को देवीपाटन मंदिर पहुंची है। टीम के सदस्यों ने योग गुरु के अगुवाई में देवीपाटन पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी से मुलाकात कर भारत-नेपाल के संस्कृति को लेकर चर्चा की। योग के प्रसार को लेकर पीठाधीश्वर से आशीर्वाद लिया। इसी दौरान देवीपाटन मंदिर पहुंचे देवीपाटन मंडल के डीआईजी ,कमिश्नर वा एडीएम से टीम के सदस्यों ने मुलाकात कर नेपाल का प्रतीक नेपाली टोपी व रुद्राक्ष का माला पहनकर उन्हें सम्मानित किया। देवीपाटन मंदिर में भारत-नेपाल के संस्कृति और रोटी बेटी के संबंधों की व्याख्या कर जय घोष करते हुए सदस्यों ने योग किया। योग करते हुए मौजूद लोगों से नियमित योग करने को लेकर प्रेरित किया है। योग गुरु गिरिराज भट्टराई ने बताया कि योग के प्रसार को लेकर नेपाल की योग समिति टीम लगातार लोगों को जागरुक कर रही है। नेपाल के साथ ही भारत के सीमावर्ती जनपदों में भारत नेपाल के संस्कृति वा योग के प्रसार को लेकर टीम निकली है। जो आज देवीपाटन मंदिर से भगवान लव कुश की नगरी श्रावस्ती पहुंचेंगे वहां से बहराइच से वापस योग का प्रसार कर नेपाल वापस लौटेंगे। टीम के सदस्यों में प्रमुख रूप से नेपाल कसौधन वैश्य समाज एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष नेपालगंज नंद लाल वैश्य,डा. अजय वैश्य नेपाल के ईएनटी सर्जन, कसौधन महिला वैश्य समिति के अध्यक्ष संगीता वैश्य सहित 60 सदस्यीय टीम मौजूद रहे।

# अमरोहा में कार ने बाइक सवार दो भाईयों को टक्कर मारी, एक युवक की मौत

प्रात: किरण, संवाददाता

अमरोहा, । उत्तर प्रदेश के जनपद अमरोहा में एक कार ने बाइक सवार दो भाईयों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। युवक की मौत से परिजनों कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, यह हादसा अमरोहा देहात थाना क्षेत्र में कांठ रोड पर हुआ। कार ने ओवरटेक करने के दौरान बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। जबकि, घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिस कार ने पीछे से बाइक को टक्कर मारी है, उसका रजिस्ट्रेशन नंबर मुरादाबाद का है। हालांकि, पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस मामले में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। बता दें कि अमरोहा में छह दिसंबर को एक तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी थी। हादसे में ई-रिक्शा चालक शाहिद (34) की मौके पर मौत हो गई थी। उसमें सवार दो लोग भी घायल हुए थे। आक्रोशित परिजनों ने आरोपी कार ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया था। हादसे से गुस्साए परिजनों को पुलिस ने समझा कर शांत किया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया है। ई-रिक्शा चालक शाहिद नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के पंजू सराय गांव के रहने वाले थे। इससे पहले नवंबर में अमरोहा के नौगांवा सादात थाना क्षेत्र में तीन युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। यह घटना नौगावां सादात थाना क्षेत्र में खेतापुर गांव के पास हुई थी। थाना क्षेत्र के हादीपुर कलां गांव के तीन युवक बेलदारी का काम करने के लिए पास के गांव रजाकपुर गए थे। तीनों युवक अपनी- अपनी बाइकों पर घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ था।

# योगी सरकार का ऐतिहासिक कदम, प्रदेश में सौर ऊर्जा से संचालित हो रही जल जीवन मिशन की 33 हजार योजनाएं

प्रातः किरण संवाददाता



लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर्यावरण संरक्षण को लेकर काफी गंभीर हैं। यही वजह है कि प्रदेश में अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रोजेक्ट चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संरक्षण और अक्षय ऊर्जा के उपयोग को प्राथमिकता देते हुए जल जीवन मिशन को सौर ऊर्जा से संचालित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। इस पहल से न केवल ऊर्जा खपत में कमी आएगी, बल्कि पर्यावरणीय सुधार और सरकारी संसाधनों की बचत भी सुनिश्चित होगी। इससे जहां एक ओर प्रति वर्ष लगभग 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन कम होगा, वहीं पारंपरिक बिजली आपूर्ति में हो रहे खर्च में कमी आएगी। इससे सरकारी खजाने में भी बढ़ोत्तरी होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में जल जीवन मिशन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अधिकारियों को बताया कि वर्तमान में प्रदेश में जल जीवन मिशन की कुल 40,951 योजनाएं संचालित हैं। इसमें फेज-1 के तहत सतही भूजल स्त्रोत आधारित 204 योजनाएं, विद्युत आधारित भूजल 7,504 योजनाएं, फेज-4 के तहत सतही स्त्रोत आधारित 14 योजनाएं और सौर ऊर्जा आधारित भूजल की 33,229 योजनाएं शामिल हैं। योगी सरकार द्वारा जल जीवन मिशन की 33,229 योजनाओं का संचालन होने से प्रदेश सरकार को योजना काल में लगभग एक लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। मिशन की 33,229 योजनाओं को सौर ऊर्जा से संचालित करने के लिए लगभग 900 मेगावाट के सोलर पैनल लगाए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा इस इनोवेशन को बेस्ट प्रैक्टिसेज के रूप में चिह्नित किया गया है। सौर ऊर्जा आधारित योजनाओं के निर्माण से प्रतिवर्ष लगभग 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन कम होगा। वहीं अगले 30 वर्षों में 390 लाख कार्बन क्रेडिट अर्जित किया जा सकेगा। केंद्र सरकार ने योगी सरकार की इस अभिनव पहल को बेस्ट प्रैक्टिसेज के रूप में चिह्नित किया है। यह पूरे देश के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल बन गया है, जो अन्य राज्यों को भी अक्षय ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश न केवल जल जीवन मिशन के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी निभा रहा है। सौर ऊर्जा आधारित योजनाएं न केवल ऊर्जा की लागत कम कर रही हैं, बल्कि प्रदेश को एक ग्रीन स्टेट के रूप में उभरने में मदद कर रही हैं।

# घनश्यामदास टण्डन सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिक खेलकूद महोत्सव स्पद्र्धा का आयोजन

- खेलों के माध्यम से भी विद्यालय और जनपद का नाम कर सकते हैं रोशनः अजय टण्डन
- **खेलों के माध्यम से भी शिक्षा के क्षेत्र आगे वढ़ा जा सकता है : कर्नल महेश सिंह**

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा। घनश्याम दास टण्डन सरस्वती विद्या मन्दिर कैलसा में वार्षिक खेलकूद महोत्सव स्पर्द्धा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि रिटायर्ड कर्नल महेश सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष अजय टण्डन ने मुख्य अतिथि को पुष्प अर्पण कर स्वागत किया तथा विद्यालय की वालिकाओं द्वारा स्वागत गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।शनिवार को आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने 100 मी., 200मी., 400मी., रिले रेस, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, वोलीबॉल आदि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। 100 मी0 दौड. में सीनियर बालिका वर्ग में निशि ने प्रथम, विधि ने द्वितीय तथा प्रियांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मी0 दौड. सीनियर बालक वर्ग में इशान्त ने प्रथम, लक्ष्य ने द्वितीय तथा हिमांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 से 8 में 100 मी. दौड़ में बालक वर्ग में अर्पित ने प्रथम, उत्कर्ष ने द्वितीय तथा बॉबी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालक वर्ग में रिले रेस प्रहलाद हाऊस प्रथम, अभिमन्यु हाऊस द्वितीय तथा ध्रुव हाऊस तृतीय स्थान पर रहा। वहीं सीनियर बालिका वर्ग रिले रेस में अभिमन्यु हाऊस प्रथम, प्रहलाद हाऊस द्वितीय तथा ध्रुव हाऊस तृतीय स्थान पर रहा। उमंग एक ऊर्जा है। उमंग से भरा विद्यार्थी आसमान को छूने की हिम्मत रखता है। जिंदगी एक मिनट में नहीं बदलती बल्कि एक मिनट में लिया बड़े सपने का ऊजार्वान फैसला जिंदगी में उमंग भर देता है। ह्लजीतने की उमंगह्व इस वाक्य को सार्थक करते हुए विद्यालय की बालिकाओं ने वहुत ही सुन्दर समूहगान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बच्चों ने आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं बच्चों की इस मनमोहक प्रस्तुति को वहां उपस्थित लोगों ने खुलकर सराहा। प्रत्येक प्रतियोगिता में बच्चों ने जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लेकर खेलों के प्रति अपने समर्पण भाव को दशार्या। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि रिटायर्ड कर्नल महेश सिंह ने खेल में भविष्य इस विषय पर बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से भी शिक्षा के क्षेत्र आगे वढ़ा जा सकता है। खेल हमें शारिरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं। मुख्य अतिथि ने अपने अनुभव छात्रों से साझा किये और बताया कि खेलों से भी हम आज नवाब बन सकते है। इसी के साथ उन्होंने विद्यालय के सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की।

# पेड़ से लटकता मिला युवक का शव



प्रात: किरण संवाददाता

बाराबंकी, । अमरूद के पेड़ से संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव लटकता हुआ पाया गया। शव पर कई जगह चोट के निशान थे, जिससे परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच कर रही है। सतरिख थाना क्षेत्र के दाउदपुर गांव में 22 साल के प्रमोद कुमार का शव घर से 200 मीटर दूर नगर कोतवाली क्षेत्र के दारापुर के पास एकअमरूद के पेड़ से संदिग्ध परिस्थिति में लटकता हुआ पाया गया। परिजनों के अनुसार,आज शनिवार की सुबह प्रमोद कुमार सुबह करीब 5:00 बजे शौच के लिए घर से निकला था, लेकिन उसका मोबाइल और डब्बा पास के गड्ढे में पड़ा मिला।मृतक का शव खून से लथपथ था और शरीर पर कई कट के निशान थे। परिजनों ने घटनास्थल पर पहुंचने के बाद इस पूरे घटनाक्रम को लेकर हत्या की आशंका जताई है। मृतक के पिता रमेश कुमार ने बताया कि उनके बेटे का आज ही गौना था और इस घटनाक्रम ने उनके परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया।गांव में एक व्यक्ति से प्रमोद की अनबन भी चल रही थी, जिसको लेकर परिजनों और लोगों में संशय की स्थिति बनी हुई है। घटनास्थल पर दोनों थाना क्षेत्रों की पुलिस मौजूद थी। नगर कोतवाली पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमर मणि त्रिपाठी ने बताया कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है।

# कल होने वाले आंदोलन के लिए जुटे जाए भाकियू कार्यकर्ताः चौ.गजेंद्र सिंह

प्रातः किरण संवाददाता



स्योहारा। भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने 9 दिसंबर को ब्लॉक कार्यालय और थाने पर होने वाले आंदोलन को सफल बनाने के लिये जुटने का भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओ से आहवान किया। भारतीय किसान यूनियन के बैठक ग्राम चंचलपुर में 9 दिसंबर को होने वाले आंदोलन को सफल बनाने के लिए चर्चा हुई ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने बताया क्षेत्र के किसानों को नियमानुसार गन्ना तोलने के लिए पर्ची नहीं मिल पा रही ना ही शुगर मिल से निकलने वाला प्रेस्मेंट खाद मिल रही गेहूं की बुवाई चल रही है किसी भी समिति पर डीएपी खाद नहीं है शुगर मिल में किसानों को गन्ने की वैरायटी के नाम पर भी परेशान किया जा रहा है कुछ किसानों के सर्वे गलत हुए जो आज तक ठीक नहीं हुए बिजली के बिलो की समस्याएं हैं सभी समस्याओं को लेकर पहले ही जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपा था लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई जवाब नहीं मिला सभी किसान भाइयों से अपील 9 दिसंबर को ब्लॉक कार्यालय और थाने पर होने वाले अंदोलन में सभी किसान भाई अपने ट्रैक्टर टिपर ट्रॉली आदि निजी वाहनों के साथ आंदोलन में हिस्सा लेंगे। ब्लॉक टीम ने कई गांव का दौरा कर किसानों से आंदोलन को सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर निर्पेंद्र राणा, यशपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, विपिन कुमार, राजदेव सिंह आदि अनेक किसान मौजूद रहे।

# विपक्ष पर हमलावर कांग्रेसः बता दिया कैसा है उसका डीएनए, मायावती को भी दिखाया

प्रात: किरण संवाददाता

सुल्तानपुर, । यूपी के सुल्तानपुर में शनिवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पहुंचे। यहां वह एक निजी स्कूल के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने संभल हिंसा को लेकर सरकार घेरा। कहा कि सरकार ने अत्याचार और अन्याय किया है। सरकार और उनके लोगों की सोची समझी रणनीति के तहत यह काम हुआ है। उनके इशारे पर गोली चलाई गई है। कहा कि जिन लोगों ने वहां गोली चलवाकर हत्याएं कराई हैं, उन पर मुकदमा चले। उन्हें जेल भेजा जाए। अगर ये सरकार नहीं कर पाई, तो 2027 में जब हमारी सरकार बनेगी। निश्चित तौर पर हम उन अधिकारियों को जेल भेजेंगे। अजय राय ने कहा कि बांग्लादेश में जो अत्याचार हो रहा है, उस पर मोदी सरकार को कड़ा कदम उठाना चाहिए। कार्रवाई करनी चाहिए। सिंधवी की सीट के नीचे से नोट के मामले में अजय राय ने कहा कि उन्होंने कह दिया है मेरा नहीं है। उसकी जांच हो। क्योंकि, सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। उसे बाहर कर जनता को बताएं कि क्या चीजें हैं। ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। जनता जानना चाहती है कि हिंसा की असली हकीकत क्या थी? मायावती देंखे अपना हश्र, न करें बयानबाजी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मायावती के बयान पर पलटवार किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस संभल में मुसलमानों को लड़ा रही है। कहा कि मायावती अपनी चीजों को देखें। अभी उपचुनाव लड़ी थीं अकेले, अपना हश्र देख लें। सब समझ में आ जाएगा। लड़ना हमारे डीएनए में हाल ही में कांग्रेसियों पर लाठीचार्ज और दर्ज हुए मुकदमे पर उन्होंने कहा कि लड़ना कांग्रेस के डीएनए में है। हमारे जीन में है हम लड़ेंगे। ये मुकदमा करेंगे, जेल भेजेंगे हम फिर भी पीछे नहीं हटेंगे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मोईद अहमद, अभिषेक सिंह राणा, शकील अहमद, राजेश तिवारी, पवन मिश्रा, वरुण मिश्रा, मोहसिन सलीम, रणजीत सलूजा, हामिद राइन आदि मौजूद रहे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
नई दिल्ली, रविवार, 08 दिसंबर, 2024



# वाराणसी में बोले सीएम योगी : हमारा देश सुरक्षित तो हमारा धर्म सुरक्षित, इसके बाद ही हम सुरक्षित

प्रात: किरण, संवाददाता

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम मोदी जी कहते हैं कि हर काम देश के नाम होना चाहिए। देश सुरक्षित है तो धर्म भी सुरक्षित है। धर्म सुरक्षित है तो हम भी सुरक्षित हैं, इसलिए जो भी कार्य हो, वह व्यक्ति, समाज, मत-मजहब के दायरे से ऊपर उठकर सनातन धर्म के मूल्यों के अनुरूप भारत की वैदिक-आध्यात्मिक परंपरा का अनुसरण करते हुए देश के नाम होना चाहिए। भारतीयता और सनातन सबको जोड़ने की ताकत रखता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को स्वर्वेद महामंदिर धाम में आयोजित विहंगम योग संत समाज की स्थापना के शताब्दी समारोह महोत्सव में शामिल हुए। 25000 कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का भी आयोजन किया गया है। लाखों लोगों के होने के बावजूद यहां की सुचारू व्यवस्था की सीएम योगी ने तारीफ की। 1924 में सद्गुरु सदाफल देव महाराज ने की थी विहंगम योग संत समाज की स्थापना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि




1888 में बलिया के छोटे से गांव में सद्गुरु सदाफल देव महाराज का अवतरण हुआ। उन्होंने 1924 में विहंगम योग संत समाज की स्थापना की। जब समाज शताब्दी समारोह कार्यक्रम के साथ जुड़ रहा है, तब हम भी इसके साक्षी बन रहे हैं। हम सभी को संत की यौगिक साधना का प्रसाद प्राप्त हो रहा है। विहंगम योग संत समाज स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट के माध्यम से दिव्य-भव्य मंदिर बनाकर कोटि-कोटि श्रद्धालुजनों को अपने पुरुषार्थ के माध्यम से जोड़ने के साथ ही भारत की योग परंपरा व आध्यात्मिक धारा को जन-जन तक पहुंचाने को कृतसंकल्पित दिख रहा है। हाथ पर हाथ रखकर बैठा नहीं रह सकता सच्चा योगी व संत सीएम योगी ने कहा कि सद्गुरु सदाफल देव महाराज ने आध्यात्मिक अभियान को आगे बढ़ाया और यह भी बताया कि सच्चा योगी-संत देश व समाज की परिस्थितियों को देखकर हाथ पर हाथ रखकर बैठा नहीं रह सकता। देश जब गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा था, तब सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज ने अपनी आध्यात्मिक साधना के साथ विदेशी दासता से मुक्त कराने के लिए आजादी के आंदोलन में भाग लेकर बैरकपुर से देश के प्रथम स्वातंत्र्य समर के शंखनाद के साथ खुद को जोड़ा था। आप सब भी समृद्ध आध्यात्मिक परंपरा के साथ राष्ट्रधर्म के लिए समर्पित महत्वपूर्ण कड़ी से खुद को जोड़ रहे हैं। सद्गुरु की परंपरा का आज भी हो रहा निर्वहन सीएम योगी ने कहा कि सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज ने उत्तराखंड ने स्वर्वेद रचा। उनकी अद्भुत परंपरा का निर्वहन आज भी हो रहा है। विज्ञान देव जी महाराज एक वर्ष से कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा पर थे। आचार्य जी भी विदेश में भक्तों को जगाने के लिए आध्यात्मिक यात्रा पर निकले थे। यह संदेश देता है कि चुपचाप नहीं बैठना है, बल्कि एक कार्य पूरा हुआ तो अगले कार्य की शुरूआत करनी है और हर काम देश-सनातन धर्म के नाम है।

## संक्षिप्त खबरें

### फरीदाबाद में स्कूल बस ने दंपति को टक्कर मारी, महिला की हुई मौत

फरीदाबाद, । फरीदाबाद में शनिवार को एक स्कूल बस ने स्कूटी सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी। इसके चलते स्कूटी पर पीछे बैठी महिला स्कूल बस के नीचे आ गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसका पति हादसे में गंभीर रूप से घायल है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मौके से बस लेकर भाग रहे ड्राइवर को लोगों ने घेर कर पकड़ लिया। पुलिस हादसे को लेकर छानबीन में लगी है। जानकारी अनुसार हादसा फरीदाबाद में शनिवार को सेक्टर 25 इलाके में कृष्णा कॉलोनी के पास गली नंबर 7 के नजदीक हुआ। कॉलोनी में रहने वाला व्यक्ति स्कूटी पर अपनी पत्नी के साथ जा रहा था। इसी बीच वहां से गुजर रही स्कूल बस ने उनको टक्कर मार दी। महिला रोड पर गिर गई और बस के पहिए के नीचे आ गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसका पति भी गंभीर रूप से घायल हो गया। महिला दो बेटियों की मां थी। मौके पर मौजूद ऑटो ड्राइवर संजीत ने बताया कि वह अपना ऑटो लेकर पीछे-पीछे आ रहे थे। स्कूल बस ड्राइवर स्कूटी में टक्कर मार कर बस लेकर भागने लगा। उन्होंने अपने ऑटो से उसका पीछा कर ऑटो आगे लगा दिया।

### फरीदाबाद : हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन नौ दिसंबर को

फरीदाबाद। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक लोगों द्वारा हिंदू महिलाओं पर किए जा रहे अत्याचार के विरोध में फरीदाबाद की सामाजिक संस्थाएं आगामी नौ दिसंबर को विरोध प्रदर्शन करेगी। इस बारे में शनिवार को गोल्फ क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए राष्ट्र रक्षा मंच फरीदाबाद के अध्यक्ष बीआर भाटिया ने बताया कि 9 दिसंबर की सुबह राष्ट्रपति को फरीदाबाद के डिप्टी कमिश्नर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। यह ज्ञापन बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार व हिंदुओं के अल्पसंख्यक लोगों द्वारा मंदिरों को तोड़े जाने के विरोध में दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 दिसंबर को सुबह 11 बजे विरोध प्रदर्शन में करीब 10 हजार लोग एकत्रित होंगे। उसके बाद सेक्टर 12 सेंट्रल पार्क से पैदल मार्च करते हुए डिप्टी कमिश्नर विक्रम सिंह यादव के ऑफिस पर जाकर उनके माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन देंगे। बीआर भाटिया ने कहा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की आग पूरे देश में है। हर क्षेत्र में अलग-अलग संगठन के लोग अपना विरोध दर्ज करवा रहे है, उसी कड़ी में राष्ट्र रक्षा मंच फरीदाबाद भी अपना विरोध दर्ज कराएगा।

### पलवल : मैरिज पैलेस से 3 लाख कैश व जेवरात चोरी केस में एक गिरफ्तार

पलवल । राष्ट्रीय राजमार्ग-19 स्थित मैरिज पैलेस गार्डन से नकदी व जेवरात से भरे बैग को चोरी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गदपुरी थाना ने गिरफ्तार किया है। आरोपी से उसके साथियों व चोरी किए गए सामान के बारे में पूछताछ की जा रही है। गदपुरी थाना प्रभारी निरीक्षक रेणु शेखावत ने शनिवार को बताया कि फरीदाबाद के सेक्टर-19 निवासी दिनेश जिंदल ने दी शिकायत में कहा था कि 24 नवंबर को उसके बेटे प्रणव की शादी का कार्यक्रम नेशनल हाईवे-19 स्थित मिठास गार्डन में चल रहा था। उसके पास एक बैग था, जिसमें तीन लाख रुपए नकद और सोने-चांदी के लाखों रुपए के आभूषण थे। उन्होंने बैग को कुछ देर के लिए टेबल पर रख दिया और चाय लेने के लिए चले गए और पांच मिनट बाद जब वापस आए तो देखा कि बैग वहां से गायब है। सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो एक बच्चा और उसके साथ एक नौजवान युवक बैग को ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी और साइबर सेल की मदद से वारदात में शामिल आरोपी जिला राजगढ़ (मध्य प्रदेश) के वार्ड नंबर छह शहीद कॉलोनी निवासी संजय को गिरफ्तार कर लिया।

### फरीदाबाद में डीटीपी ने बेसमैंट को किया सील, सीएम विंडो पर मिली शिकायत

फरीदाबाद। इंद्रप्रस्थ कॉलोनी सेक्टर 30-33 में प्लाट नंबर 160 की अगले हिस्से में बनी बेसमैंट को डीटीपी इन्फोर्समेंट विभाग ने सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायत के आधार पर शनिवार को सील कर दिया। अधिकारियों के अनुसार शिकायत में दावा किया गया था कि बेसमेंट में व्यवसायिक गतिविधियां संचालित हो रही है। इससे शिकायतकर्ता को जान-माल का खतरा है। प्लाट नंबर 160 के पिछले हिस्से की बेसमेंट की मालकिन सुनंदा सूरी ने आरोप लगाया कि उनके पड़ोसी द्वारा उनके खिलाफ बार-बार झूठी शिकायतें विभाग में दी जा रही हैं। उनका आरोप है कि विभाग में शिकायत पड़ोसी की पत्नी के नाम से दर्ज की गई।

# शानदार तरीके से महाकुम्भ की ब्रांडिंग करें कार्यकर्ता : सीएम योगी

● मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की चल रही तैयारी की जानकारी ली

प्रात : किरण, संवाददाता



प्रयागराज, । संगमनगरी में 13 दिसम्बर को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा एवं महाकुम्भ की तैयारियों के निरीक्षण के लिए आए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्वप्रथम सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं के साथ भेंट कर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत स्वच्छ प्रयागराज के साथ करें और महाकुम्भ की ब्रांडिंग भी शानदार तरीके से कार्यकर्ता करें। उन्होंने फूलपुर उप विधानसभा चुनाव की कार्यकर्ताओं को जीत का श्रेय देते हुए कहा कि यूपी विधानसभा का चुनाव हमारे लिए चुनौती पूर्ण रहा और उस चुनौती को कार्यकर्ताओं ने अपने परिश्रम के बल पर पूरा किया। महाकुंम्भ से पहले जीत का स्वाद दिलाकर शानदार तरीके से महाकुम्भ का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज धर्म आध्यात्म की ऊर्जा का केंद्र है। ऋषि भारद्वाज मुनि की और देश की स्वतंत्रता दिलाने वाले क्रांतिकारियों की धरती है। इस महाकुम्भ की हमें स्वयं में ब्रांडिंग करनी होगी, आतिथ्य सत्कार करना होगा और डिजिटल महाकुम्भ पर हमें जोर देना है। इसलिए डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अच्छे-अच्छे स्लोगन गीत भजन बनाकर और ऋषि भारद्वाज, क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से जुड़ी दास्तान और प्रयागराज का महात्म्य बताते हुए लोगों और अपने रिश्तेदारों को महाकुम्भ मेंले के लिए आमंत्रित करना है। उनके रहने खाने की व्यवस्था भी करे और उनका स्वागत ऐसा करें कि उन्हें ऐसा लगना चाहिए कि वे धर्मनगरी प्रयागराज में है। इस अवसर पर उन्होंने महाकुम्भ में स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं के सामने एक स्लोगन ह्यजन्म जन्म का पुण्य खिले, आओ प्रयागराज चलेंह्व का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ से पहले प्रयागराज का नक्शा बदल रहा है और प्रयागराज में विकास की धारा बह रही है, जो रुकने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि 13 दिसम्बर को विश्व के सर्वश्रेष्ठ नेता भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महाकुम्भ की तैयारी को लेकर प्रयागराज आगमन हो रहा है और उनका स्वागत हमें स्वच्छ एवं निर्मल प्रयागराज बनाकर करना है। और 10 से 13 दिसम्बर तक प्रयागराज के सभी चौराहों पर लगी महापुरुषों, क्रांतिकारी की प्रतिमाओं को स्वच्छ करना है और स्वागत द्वार बनाकर जगह-जगह, बड़ी-बड़ी होल्डिंग लगा कर प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत करना है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रयागराज महानगर, गंगापार, जमुनापार एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों से प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर की गई तैयारी पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में आने वाले लोगों को आमंत्रण पत्र एवं साधन मुहैया और जल जलपान कराने पर जोर दिया। कार्यकताओं से कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में हमें समय से पहले पहुंचना है और प्रशासनिक व्यवस्था के साथ जुड़कर लोगों की मदद करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाना है। -जनहित संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापनइस अवसर पर जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने जनहित संघर्ष समिति की मांग पर कुम्भ मेले को लेकर महानगर में लगी छोटी-छोटी दुकानों को न हटाए जाने की और व्यापारी एकता समिति की कुम्भ मेले के अंतर्गत महानगर में लगने वाले शराब एवं मीट मछली की दुकानों को प्रतिबंध लगाने को लेकर ज्ञापन दिया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, महापौर गणेश केसरवानी, डॉ नरेंद्र कुमार सिंह गौर, पूर्व सांसद केशरी देवी पटेल, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, विधायक दीपक पटेल, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी, चेयरमैन अमरनाथ यादव, क्षेत्रीय महामंत्री संतोष सिंह पटेल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कमलेश कुमार गौतम, अवधेश चंद्र गुप्ता, मृत्युंजय तिवारी, श्याम चंद्र हेला, राजू पाठक, नवरत्न कत्याल, गिरजेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, प्रमोद मोदी, अजय अग्रहरि, विष्णु त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# खिलाड़ियों के लिए राहत: कैश अवार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रणाली शुरू : डीसी

प्रात : किरण, संवाददाता




फरीदाबाद, । डीसी विक्रम सिंह ने बताया प्रदेश सरकार द्वारा खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए नकद पुरस्कार दिया जाता है। इसके तहत मान्यता प्राप्त राज्य, राष्ट्रीय, ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेलों, एशियन गेम्स सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नगद पुरस्कार दिया जाता है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ी अब कैश अवार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन कर दी गई है व खेल विभाग के पोर्टल के माध्यम से ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। इससे पूर्व यह प्रक्रिया ऑफलाइन थी और खिलाड़ियों को खेल विभाग में आवेदन करना होता था, जिस कारण कई बार जानकारी के अभाव में कुछ खिलाड़ी आवेदन से वंचित रह जाते थे। जिला खेल अधिकारी देवेंद्र गुलिया ने बताया कि डीसी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देशन में खेल विभाग की विभिन्न योजनाओं को जिले में प्रभावी तरीके से लागू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खेल विभाग की तरफ से कैश अवार्ड प्रक्रिया को ऑनलाइन किया गया है व पूरे वर्ष पोर्टल खुला रहेगा। खिलाड़ी 01 अप्रैल 2024 व उसके बाद की प्रतियोगिताओं के लिए पोर्टल के द्वारा आवेदन कर सकते हैं। कोई भी पदक विजेता खिलाड़ी प्रमाणपत्र आने के बाद में इस राशि के लिए आवेदन कर सकता है। ऑनलाइन प्रक्रिया आने से जहां खिलाड़ियों का समय बचेगा वहीं जिला कार्यालय के चक्कर लगाने से भी निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि विभाग के पोर्टल पर नाम कैश अवार्ड मैनेजमेंट सिस्टम का विकल्प चयन करना होगा। खिलाड़ी प्रतियोगिता समाप्त होने उपरांत ही नकद इनाम हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। प्रदेश सरकार द्वारा खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए नगद पुरस्कार दिया जाता है। इसके तहत मान्यता प्राप्त राज्य, राष्ट्रीय, ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेलों, एशियन गेम्स सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नगद पुरस्कार दिया जाता है।

# उत्तर प्रदेश के मेरठ में मुठभेड़ के बाद कुख्यात गोतस्कर गिरफ्तार



प्रात : किरण, संवाददाता

मेरठ, । उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में शनिवार सुबह पुलिस ने एक कथित गो तस्कर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि मुठभेड़ लोहिया नगर थाना क्षेत्र के एक इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि यह मुठभेड़ उस समय हुई जब स्थानीय थाना प्रभारी विष्णु कुमार के नेतृत्व में एक टीम को नरहेड़ा गांव में संदिग्ध वाहनों की जांच के लिए तैनात किया गया था। अधिकारी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि कुछ लोग कब्रिस्तान के पास गो वध करने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सूचना मिलने पर कार्रवाई करते हुए अज्ञात लोगों को रुकने के लिए कहा लेकिन आरोपियों ने पुलिस पर गोलियां चला दीं, जिसके बाद मुठभेड़ हुई। प्रवक्ता ने बताया कि मुठभेड़ में नदीम उर्फ भूरा (28) के पैर में गोली लगी जबकि आसिफ पास के जंगल में भाग गया। पुलिस के मुताबिक, आसिफ को पकड़ने के लिए घेराबंदी की गई है। पुलिस ने बताया कि नदीम को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके मुताबिक, नदीम कुख्यात गोतस्कर है और उसके खिलाफ मेरठ के लोहियानगर और लिसाड़ी गेट थाने में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि नदीम के पास से एक देसी पिस्तौल और गो वध करने के कुछ उपकरण बरामद किए गए हैं।

# मायावती का सपा-कांग्रेस पर हमला, कहा दोनों दल मुस्लिमों को आपस मे लड़ा रहे हैं

प्रात : किरण, संवाददाता



लखनऊ, । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने संभल हिंसा को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस दोनों पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि दोनों दल मुस्लिमों को आपस में लड़ा रहे हैं। बसपा मुखिया मायावती ने शनिवार को लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सपा और कांग्रेस मुस्लिम वोट को रिझाने में लगे हैं। उन्हें अन्य कोई मुद्दों से कोई लेना देना नहीं है। यह दोनों पार्टियां संभल में मुस्लिम समाज के तुर्क और नॉन तुर्क को आपस में लड़ा रही हैं। इससे मुस्लिमों को सतर्क रहना है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदू बड़ी संख्या में अपराधों का शिकार हो रहे हैं। इस मुद्दे पर कांग्रेस चुप है। अब केवल मुस्लिम वोट के लिए संभल-संभल चिल्ला रही है। इस मामले में कांग्रेस, सपा के समर्थक एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। उन्होंने कहा सबसे ज्यादा दुख की बात है कि जिनकी बदौलत से ससंद में दलित वर्ग के सांसद पहुंचे हैं, वो भी अपनी अपनी पार्टी के आकाओं को खुश करने के लिए दलित उत्पीड़न के मुद्दे पर चुप हैं। चाहे वो मामला अपने देश का या पड़ोसी देश बांग्लादेश का हो। मायावती ने कहा कि बांग्लादेश में प्रताड़ित हिंदुओं में अधिकांश संख्या उन दलितों और कमजोर तबके के लोगों की है जिनकी भारत देश में बहुलता होते हुए भी बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर को संविधान सभा में चुनने की सजा के तौर पर बंटवारे में पाकिस्तान को दे दिया गया था। इस प्रकार बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर संविधान सभा में बंगाल के जिस जैसोर क्षेत्र से चुनकर आए उसे हिंदू बहुल क्षेत्र होने के बावजूद षड्यंत्र पूर्वक पाकिस्तान के हवाले कर दिया गया जो अब बांग्लादेश में है। इसी के चलते बाबा साहेब डॉ.भीम राव अंबेडकर वहां से इस्तीफा देकर भारत वापस आ गए। ये सब जातिवादी खेल कांग्रेस पार्टी का था और अब जब वहां इनका शोषण हो रहा है तो भारत की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस चुप है। अब वह केवल मुस्लिम वोट के लिए संभल-संभल चिल्ला रही है।

# 19 वर्षीय युवक ने कमरे में फांसी लगाकर की आत्महत्या




प्रात : किरण, संवाददाता

जालौन, । जालौन के कोंच कोतवाली क्षेत्र में संदिग्ध हालत में एक 19 वर्षीय युवक ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की जानकारी तब हुई, जब उसका पिता कमरे में उसे बुलाने गया, जहां उसे फंदे पर झूलता हुआ देखा, उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे, जिन्होंने युवक को फांसी को लटका देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही सुरही चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जिन्होंने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी। घटना कोंच कोतवाली क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 26 की है। इस कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 26 में ध्रुव रायकवार 19 वर्ष पुत्र शिशुपाल मजदूरी करके अपना और परिवार का भरण पोषण कर रहा था, साथ ही वह नशे का भी आदी था, शनिवार को उसने संदिग्ध हालत में अपने आवास के कमरे में पंखे की हुक से गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना की जानकारी तब हुई जब उसका पिता शिशुपाल उसे मजदूरी के लिए बुलाने पहुंचा, जहां उसे फंदे पर झूलता हुआ देखा, उसके होश उड़ गए और उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोरगुल सुनकर आस पड़ोस के लोग भी मौके पर पहुंचे, जिन्होंने पुलिस को सूचना दी।

# बल्लभगढ़ विधानसभा को दो करोड़ से ज्यादा की सौगात, विकास कार्यों में कोई कमी नहीं छोड़ूँगा : मूलचंद शर्मा

प्रातः किरण संवाददाता,



बल्लभगढ़, । विधायक पंडित मूलचंद शर्मा ने शनिवार को बल्लभगढ़ विधानसभा को लगभग 2 करोड़ से ज्यादा में विकास कार्यों की सौगात दी है। आदर्श नगर, गर्ग कालोनी भाग दो और जैन कालोनी में गलियों की के निर्माण कार्य की शुरूआत स्थानीय निवासियों के हाथ नारियल तुड़वाकर किया। बात दे की चुनावी जनसभा में लोगो से किए गए वायदों पर विधायक बनने के बाद विकास कार्यों की शुरूआत कर दी है, गर्ग कालोनी पार्ट दो और जैन कालोनी में आज करीब 1 करोड़ 71 लाख की लागत से बनने वाली 34 गलियों को सीमेंटिड बनवाया जाएगा।जबकि 15 गलियों को इंटरलॉकिंग टाइल्स से बनवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले बल्लभगढ़ की कालोनी में रहने वाले लोग विधायक से मलबे की मांग करते थे लेकिन अब सीमेंट्ड गलिया बनवाई जा रही हैं। मूलभूत सुविधाओ को जनता तक पहुंचाने का काम भाजपा सरकार में किया गया है पहले लोग मीठे पानी के लिय प्रदर्शन करते थे लेकिन आज मीठा पानी सीवर लाइन के साथ साथ पक्की गलियों का निर्माण कार्य करवाया गया है, उन्होंने स्थानीय निवासियों का तीसरी बार विधायक बनाने पर धन्यवाद किया और आश्वासन दिया कि विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि मैं चुनावो में जनसंपर्क के दौरान कहता था की हरियाणा में भाजपा की सरकार बनेगी और नायब सिंह सैनी ही मुख्यमंत्री बनेगे वो बात सच साबित प्रदेश की जनता ने की है। उसके लिए भी धन्यवाद व्यक्त किया। इसके अलावा उन्होंने आदर्श नगर में मधु वाटिका के साथ वाले पॉकेट में टाइल्स से बनने वाली करीब 15 गलियों के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। इस कार्य पर करीब 61 लाख की लागत आएगी। इन सभी गलियाओ में सीवर लाइन और पानी की लाइन का काम भी पहले ही हो चुका है। आदर्श नगर मधु वाटिका के साथ वाली पॉकेट में आज विधायक पंड्ग मूलचंद शर्मा ने करीब 15 गलियों के निर्माण कार्य का शिलान्यास स्थानीय निवासियों के हाथो नारियल तुड़वाकर किया। जल्द ही ये सभी गलियां बनकर तैयार होंगी। इस मौके पर नगर निगम के कार्यकारी अभियंता ओपी कर्दम, टिपर चंद शर्मा, हर परसाद गौड़, राकेश गुर्जर, योगेश शर्मा, संजय शर्मा, बुद्धा सैनी, केशव भाटी, पारस जैन, लखन बेनीवाल, नवीन चेची, राजेन्द्र पहलवान, महावीर सैनी, कोशल शर्मा , सुभाष गौतम, नीरज दत्त, राजकुमार वर्मा, अभिषेक दीक्षित, दिनेश मुदगिल सतदेव शर्मा, जितेन्द्र बंसल, बृजलाल शर्मा, पीएल शर्मा सहित कालोनियों के बुजुर्ग और महिलाए भी मौजूद रहे।

### फरीदाबाद : स्नेचिंग मामले में दो आरोपी गिरफ्तार




फरीदाबाद, । स्नैचिंग के मामले में अपराध शाखा सेक्टर 48 की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मोबाइल फोन बरामद किए है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुलिस चौकी बस अड डा बल्लबगढ़ में तप्श वासी बाजार पारा हिंदुपारा पश्चिम बंगाल हाल अगवानपुर पलवल ने बताया कि वह पांच दिसंबर को पलवल से किसी काम के लिए रात्रि करीब 11 बजे बल्लबगढ़ बस स्टैंड पर आया था। जब सवारी गाड़ी का इंतजार कर रहा था। 2 लडके आए थप्पड मारके मोबाईल फोन छिनकर ले गए है। जिस संबंध में थाना शहर बल्लभगढ़ में मामला दर्ज किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर 48 की टीम ने दो आरोपियों को प्रतापगढ़ पुल सेक्टर 55 से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुलशन वासी गांव मानपुर जिला एटा उत्तर प्रदेश हाल सुभाष कॉलोनी बल्लबगढ़ तथा चांद मोहम्मद गांव दौताना मथुरा उत्तर प्रदेश हाल सुभाष कॉलोनी बल्लबगढ़ के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों से पूछताछ में मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# कांग्रेसियों ने दी संविधान के जनक भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि

● गरीबों, वंचितो, शोषितों के जननायक थे बाबा साहब : अहसन जमील

प्रातः किरण संवाददाता, नादिर त्यागी




स्योहारा। कांग्रेसियों ने भारत रत्न बाबा साहेब डा.भीमराव राम आम्बेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस (पुण्यतिथि) पर सभा का आयोजन कर उन्हें याद कर उनकी खूबियों का बखान किया गया और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्लॉक बुढ़नपुर कांग्रेस कमेटी स्योहारा द्वारा ग्राम मेवा जट धर्मशाला में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष हरि सिंह सागर ने की तथा संचालन न्याय पंचायत अध्यक्ष मदन सिंह ने किया। अहसन जमील प्रदेश महासचिव कांग्रेस विचार विभाग उत्तर प्रदेश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कार्यकताओं ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। ब्लाक अध्यक्ष हरि सिंह तथा अन्य वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। मुख्य अतिथि अहसन जमील प्रदेश महासचिव विचार विभाग कांग्रेस उत्तर प्रदेश ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं उनके बनाए संविधान की जानकारी दी और संविधान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गणतंत्र भारत में 26 नवंबर 1949 में बना संविधान भारत देश की जनता के लिए एक प्रेरणादायक दस्तावेज है। संविधान न्याय,स्वतंत्रता, समानता और विश्व बंधुत्व के मूल्य पर जोर देता है। डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के योगदान को मान्यता देता है और एक लोकतांत्रिक, समावेशी समाज के निर्माण में नागरिक भागीदारी की वकालत करता है। सरकार बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के संविधान के साथ लगातार छेड़छाड़ करने की साजिश कर रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता लोह पुरुष माननीय राहुल गांधी जी व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय मल्लिकार्जुन खड़गे आदि ने संविधान की रक्षा करने का बीड़ा उठाते हुए कांग्रेस के एक-एक कार्यकताओं को लगम बंद होकर पूरी संविधान की रक्षा के लिए आह्वान कर रहे हैं। अहसन जमील आगे डॉ अम्बेडकर के तेजस्वी व्यक्तित्व एवं उनके महान कृतित्वों का उल्लेख करते हुए बाबासाहेब को राष्ट्र की एकता, समरसता, अखंडता, बंधुत्व एवं स्वतंत्रता का प्रबल प्रणेता बताते हुए उनको राष्ट्र के उत्थान, प्रगति, समृद्धि एवं सशक्त भारत के निमार्ता की संज्ञा दी तथा सभी देशवासियों से बाबा साहेब द्वारा दर्शाए गए मार्ग पर चलने एवं उनके सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए राष्ट्र सेवा करने की अपेक्षा की। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन 06 दिसम्बर 1956 को बाबा साहेब डा. भीमराव रामजी आम्बेडकर जी का देहावसान हुआ था। संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव रामजी आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को महू छावनी / मध्य प्रदेश में हुआ था। भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव रामजी आम्बेडकर जी ने विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए उच्च शिक्षा को प्राप्त किया तथा अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया। उन्होंने अपना पूरा जीवन जातिवाद को खत्म करने और गरीब, दलितों, पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए अर्पित किया। इसलिए आज के दिन उनकी पुण्यतिथि को देश भर में महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
नई दिल्ली, रविवार, 08 दिसंबर, 2024





# रामगोपाल वर्मा के साथ फिल्म करेंगे मनोज

मनोज वाजपेयी का करियर ग्राफ काफी हटकर रहा है। वह लीक से हटकर रोल करते हैं, तो कमर्शियल फिल्मों का हिस्सा भी बनते हैं। साथ ही वेब सीरीज 'फैमिली मैन' के जरिए तो उन्होंने दर्शकों के बीच अपने लिए एक खास जगह बना ली है। जल्द ही मनोज वाजपेयी और निर्देशक रामगोपाल वर्मा एक फिल्म में साथ काम कर सकते हैं। इस बात की जानकारी खुद मनोज ने दी है।

### डेट्स पर अटकी है बात

हाल ही में एक इंटरव्यू में मनोज वाजपेयी कहते हैं, ' दर्शकों के लिए, फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। रामगोपाल वर्मा अपनी अगली फिल्म मेरे साथ बनाने जा रहे हैं। बस हम दोनों को कुछ समय निकालने की जरूरत है, इसके बाद हम डेट्स पर बात कर लेंगे।' मनोज और रामगोपाल वर्मा के बीच अगर डेट्स को लेकर बात तय हो जाएगी तो जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी।

### 'सत्या' के जरिए ही बना मनोज का करियर

साल 1998 में रिलीज हुई रामगोपाल वर्मा निर्देशित फिल्म 'सत्या' में मनोज वाजपेयी ने भीकू महात्रे का किरदार निभाया था। इस किरदार ने उनके करियर की दिशा ही बदल गई, बतौर एक्टर बॉलीवुड में मनोज को अलग पहचान मिली। इसके बाद भी रामगोपाल वर्मा के साथ मनोज वाजपेयी ने 'शूल', 'रोड' और 'सरकार 3' जैसी कई फिल्मों में काम किया।

### 'डिस्पैच' में है अलग रोल

जल्द ही रिलीज होने वाली फिल्म 'डिस्पैच' में मनोज वाजपेयी एक पेचीदा किरदार निभा रहे हैं। वह इसमें एक खोजी पत्रकार की भूमिका में हैं। यह किरदार काफी उलझा हुआ सा नजर आता है। खोजी पत्रकार के इस किरदार को निभाने के लिए मनोज ने काफी रिसर्च की। मनोज ने कुछ दिन पहले एक इंटरव्यू में बताया था कि इस किरदार को निभाने के लिए उन्होंने अपने पत्रकार दोस्तों की मदद ली, उनके काम करने के तरीके को समझा। खोजी पत्रकारों की परेशानी और संघर्ष को जाना-समझा, ऐसा करने पर ही उन्हें अपना किरदार निभाने में काफी आसानी हुई।



# सफलता कभी मेरे सिर चढ़ ही नहीं सकती

तीन साल पहले तक अभिनेत्री रश्मिका मंदाना को लोग बस फिल्म 'पुष्पा द राइज' की श्रीवल्ली के तौर पर ही जानते थे। लेकिन, बीते साल आई फिल्मों 'सीता रामम्' और 'एनिमल' ने उन्हें अखिल भारतीय सितारा बना दिया। अब बारी 'पुष्पा द रूल' यानी 'पुष्पा 2' की है। रश्मिका मंदाना अपने बारे में बात करने में उतना ही अधिक संकोच करती हैं, जितना अधिक आनंद उन्हें अलग-अलग कहानियों में अपने बिल्कुल अतरंगी किरदारों की चर्चा करने में आता है। 'कांतारा' से दुनियाभर में चर्चा में आए अभिनेता ऋषभ शेट्टी की बतौर निर्देशक कन्नड़ फिल्म 'किरिक पार्टी' से डेब्यू करने वाली रश्मिका के इस संकोची स्वभाव के पीछे उनके बचपन की यादें खास मायने रखती हैं। वह कहती हैं, मेरा बचपन मुझे खुद में ही सिमटे रहने की याद दिलाता रहता है। शायद, वे यादें मेरे साथ ही रहती हैं, मेरी सांसों की तरह।

रश्मिका खुलासा करते हुए बताती हैं, कम लोगों को ही पता है कि हमने वह दौर भी गुजारा है, जब आर्थिक तंगी के चलते हमें साल में दो-तीन बार अपना किराये का घर बदलना पड़ जाता था। पैसे इतने भी नहीं होते थे कि मैं अपने माता-पिता से अपने लिए एक गुड़िया की मांग कर सकूं। लेकिन, इसका फायदा ये भी हुआ है कि मैंने पैसे की अहमियत बहुत छोटी उम्र में सीख ली। शोहरत ने रश्मिका को बिल्कुल नही बदला है। रश्मिका साफ कहती हैं, मैं अब भी खुद को कोई बड़ा स्टार नहीं मानती। मैं मशहूर तो हूं, लेकिन यहां तक आने में भी मुझे समय लगा है। ये सब धीरे-धीरे हो रहा है। पहले लोगों को मेरा चेहरा अच्छा लगा। फिर उन्होंने मेरे अभिनय में मेरे भाव प्रकटन और दैहिक भाषा को स्वीकार किया और अब उन्हें मेरे अलग-अलग किरदार पसंद आ रहे हैं। मैं इस सबके लिए उनकी बहुत आभारी हूं। मुझे अभी बहुत आगे जाना है और मैं जिस पृष्ठभूमि से आती हूं, वहां सफलता कभी मेरे सिर चढ़ ही नहीं सकती। 'पुष्पा द राइज' की श्रीवल्ली और 'एनिमल' की गीतांजलि के बीच लोगों ने 'सीता रामम्' की आफरीन को भी खूब पसंद किया। अपने किरदारों को लेकर रश्मिका मंदाना शुरू से सतर्क रही हैं। वह बताती हैं, हर फिल्म मैं खुद को एक नई चुनौती देती हूं। लोगों ने मुझे बीच में चुनौती दी कि मैं रो नहीं सकती तो मैंने फिल्म 'डियर कामरेड' की। ये मेरी असल जिंदगी से बिल्कुल विपरीत फिल्म रही। मेरे चेहरे पर आपको कभी दुख नहीं मिलेगा, और वो इसलिए क्योंकि मैंने हर हाल में हंसना एक कला की तरह सीखा है।

रश्मिका मंदाना बतौर अभिनेत्री अपनी पहचान कैसी बनाना चाहती हैं? इस सवाल के जवाब में वह कहती हैं, मुझे लगता है कि अभी तो मेरी अभिनय यात्रा बस शुरू ही हुई है। लेकिन, इतना तो मैं कह सकती हूं कि लोग मेरी फिल्में देखेंगे तो मेरे अभिनय की चर्चा जरूर करेंगे। मेरी इच्छा है कि पांच साल बाद जब लोग मेरी फिल्मों की बात करें तो उन्हें मेरे किरदारों के नाम भी अगर याद रह जाएं। ये मेरे लिए बड़ी बात होगी। ये ही मेरे अभिनय का सबसे बड़ा पुरस्कार होगा।



# अगले साल आएगी आमिर की सितारे जमीन पर, सनी देओल और बेटे जुनैद की फिल्मों पर भी कर रहे हैं काम

बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान की फिल्म लापता लेडीज ऑस्कर अवॉर्ड की दौड़ में शामिल है। आमिर खान ने अपनी आगामी फिल्म सितारे जमीन पर को लेकर बात की है। ये फिल्म पहले दिसंबर 2025 में रिलीज होने वाली थी। अब इसकी रिलीज डेट साल 2025 के मध्य में कर दी गई है। आमिर ने सितारे जमीन पर के अलावा भी अपनी आगामी फिल्मों के बारे में बात की है।

### सितारे जमीन पर को लेकर बोले आमिर खान

बातचीत में आमिर खान ने बताया कि वे अपनी आगामी फिल्म सितारे जमीन में खुद भी नजर आने वाले हैं। आमिर खान ने कहा कि तारे जमीन पर फिल्म की सीक्वल फिल्म अगले साल के बीच में सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है। यह फिल्म साल 2007 में आई थी। इस फिल्म के बारे में आमिर खान ने बताया कि ये नई कहानी, नए किरदार और बिल्कुल नई परिस्थितियों पर बनी फिल्म है।

### सनी देओल के साथ फिल्म बना रहे हैं आमिर खान

आमिर खान ने बताया कि लाहौर 1947 फिल्म को भी आमिर खान अपने प्रोडक्शन हाउस से राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनाने जा रहे हैं। इसमें सनी देओल मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। आमिर खान ने इस बातचीत में अपनी आने वाली फिल्मों को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि अपनी तीसरी प्रोडक्शन वाली फिल्म में वे काम करने वाले हैं, हालांकि इसको लेकर वे अभी बात नहीं कर सकते हैं।

# शिल्पा शेट्टी ने मुश्किलों से निपटने का तरीका बताया

शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा की शादी को काफी समय हो गया है। दोनों की जिंदगी अच्छी-खासी चल रही थी लेकिन पिछले दिनों राज कुंद्रा के ऑफिस और घर पर ईडी की छापेमारी हुई। अभी तक इस मामले में शिल्पा शेट्टी ने कोई ऑफिशियल बयान नहीं दिया है लेकिन वह अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ऐसा कुछ ना कुछ पोस्ट करती रहती हैं, जिससे पता चलता है कि वह भी मौजूदा सिचुएशन को लेकर परेशान हैं। हाल ही में उन्होंने मुश्किलों से निपटने का एक तरीका अपनी इंस्टाग्राम कुछ देर पहले ही शिल्पा शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन में एक पोस्ट की। इसमें लिखा है- 'अगर हमारे पास अपना और अपने जीवन में आने वाली परिस्थतियों का मजाक उड़ाने की क्षमता नहीं है तो यह दुनिया एक खराब जगह बन जाएगी। अगर हमारे साथ कोई बुरी घटना हो रही है तो हमें उसे हास्य के जरिए बेहतरीन किस्से और कहानी में बदल देना चाहिए। जब हम इन कहानियों को दोबारा सुनाएं या सुने तो हमें महसूस होना चाहिए कि जिंदगी में जो भी परिस्थिति बनी, हमने उसका पूरी तरह से सामना किया।' इन बातों को शायद शिल्पा शेट्टी भी अमल में ला रही हैं और अपने जीवन के मुश्किल दौर का सामना कर रही हैं।



# शालिनी पासी ने बताया कैसा लगा बिग बॉस के घर में जाकर

रियालिटी शो फैबुलस लाइव्स वर्सज बॉलीवुड वाइव्स में अपने अलग अंदाज के कारण दिल्ली की सोशलाइट शालिनी पासी इंटरनेट पर छा गई थीं। उनकी पॉपुलैरिटी काफी बढ़ चुकी है। हाल ही में वह रियालिटी शो बिग बॉस 18 में प्रतियोगियों का हौसला बढ़ाने के लिए पहुंचीं। बिग बॉस के घर में और प्रतियोगियों के साथ उनका अनुभव कैसा रहा, इस बारे में ही मीडिया को दिए इंटरव्यू में शालिनी पासी ने बताया।

### बिग बॉस में मिला बहुत प्यार

शालिनी पासी 'बिग बॉस 18' के प्रतियोगियों से मिलकर काफी खुश नजर आईं। वह कहती हैं, 'मुझे सेट पर और बिग बॉस 18' के प्रतियोगियों से खूब प्यार मिला है। सभी प्रतियोगी मुझे अच्छे लगे हैं। शुरुआत में मुझे एक-दो लोग समझ नहीं आए लेकिन जब मैं शो से बाहर आई तो उनसे गले लगकर रो पड़ी। खासकर यामिनी शुरुआत में मुझे काफी एनर्जेटिक लगी, लेकिन जब उनसे देर रात तक बात की तो वह भी काफी अच्छी लगी।'

### झगड़ों से लगता है डर

शालिनी स्वभाव से नम्रदिल की हैं। ऐसे में क्या 'बिग बॉस 18' जैसा शो उनके लिए है? यह सवाल पूछने पर वह कहती हैं, 'मुझे झगड़ों से घबरारहट होती है, लाउड म्यूजिक और झगड़े के कारण मैं काफी सहम जाती हूं। ऐसा नहीं है कि मैं मजबूत नहीं हूं लेकिन मुझे यह सब अच्छा नहीं लगता है। जब मैं 'बिग बॉस' के घर में पहुंची तो प्रतियोगियों ने कहा कि उन्हें मेरे आने से पॉजिटिव एनर्जी मिल रही है।





# मैं सफलता-असफलता को गंभीरता से नहीं लेता, अगले साल से लेंगे करियर ब्रेक

कुछ दिन पहले ही अभिनेता विक्रांत मैसी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट की जिसमें लिखा कि वह अगले साल के बाद फिल्मों में नजर नहीं आएंगे। इसके बाद बॉलीवुड के लोग और उनके फैंस हैरान रह गए। मीडिया में भी उनके रिटायरमेंट की खबर तेजी से फैल गई। लेकिन एक दिन बाद विक्रांत ने अपनी बात को गलत तरह से समझे जाने को लेकर बयान दिया। वह बोले कि करियर से रिटायरमेंट नहीं बल्कि कुछ समय का ब्रेक ले रहे हैं। अब हाल ही में विक्रांत मैसी ने अपने अब तक के करियर और अपनी सफलता और असफलता पर बात की। हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में विक्रांत कहते हैं कि वह असल और सच्ची कहानियों का हिस्सा बनकर खुश हैं। साथ ही अपने करियर को लेकर भी वह बात करते हैं। विक्रांत कहते हैं, 'सफलता और असफलता को लेकर मेरा नजरिया एक जैसा है। मैं दोनों को ही गंभीरता से नहीं लेता हूं। मेरा मानना है कि सबकुछ समय के साथ बदल जाता है। मैं बस आगे बढ़ने में यकीन करता हूं।' विक्रांत ने '12वीं फेल' और 'फिर आई हसीन दिलरूबा' जैसी फिल्मों में बेहतरीन एक्टिंग करके दर्शकों को अपना कायल बना लिया था।

### ब्रेक को लेकर दी सफाई

विक्रांत मैसी ने अपने ब्रेक को लेकर भी कहा कि वह रिटायर नहीं हो रहे हैं। बस एक लंबे ब्रेक पर जा रहे हैं। दरअसल, विक्रांत अपने घर, पत्नी और बच्चे को समय देना चाहते, साथ ही अपनी सेहत पर भी ध्यान देना चाहते हैं।'

### कर रहे हैं अगली फिल्म की शूटिंग

करियर ब्रेक लेने से पहले विक्रांत मैसी अपनी कुछ फिल्मों की शूटिंग पूरी कर रहे हैं। इन दिनों वह देहरादून में अपनी आगामी फिल्म आंखों की गुस्ताखियां को शूट कर रहे हैं। इसमें उनके साथ अभिनेत्री शनाया कपूर भी नजर आएंगी।

# पुष्पा 2 ने तोड़ा आरआरआर से लेकर केजीएफ तक का रिकॉर्ड

अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 द रूल आज 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और इसे ब्लॉकबस्टर प्रतिक्रियाएं मिलीं। वहीं, फिल्म के पहले दिन के कमाई के आंकड़ें सामने आ गए हैं। आज ही इसने कई फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 ने पहले दिन 165 करोड़ रुपये की दमदार कमाई की है। पुष्पा 2 एसएस राजामौली की आरआरआर के रिकॉर्ड को भी तोड़ चुकी है, जो अब तक सबसे ऊपर थी। आरआरआर ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 133 करोड़ रुपये की कमाई की थी पुष्पा 2 ने प्रभास की बाहुबली 2 का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया, जो 121 करोड़ रुपये की ओपनिंग के साथ दूसरे स्थान पर थी। यश की केजीएफ 2 ने पहले दिन 116 करोड़ रुपये की कमाई की थी, जो अब पुष्पा 2 से पिछड़ गई। यहां तक कि पुष्पा 2 ने हिंदी बॉक्स ऑफिस पर बॉलीवुड फिल्म जवान को भी पछाड़ा, जिसने 65.50 करोड़ रुपये की ओपनिंग ली थी। पुष्पा 2 ने रणबीर कपूर की एनिमल को भी मात दी, जिसने पहले दिन 54.75 करोड़ रुपये की कमाई की थी।







**संक्षिप्त खबरें**

### ब्रिस्बेन टेस्ट में खेलने की उम्मीदः हेजलवुड

एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा कि उन्हें भारत के खिलाफ आगामी ब्रिस्बेन टेस्ट में खेलने की उम्मीद है। हेजलवुड साइड स्ट्रेन के कारण चल रहे डे-नाइट एडिलेड टेस्ट से चूक गए, जिसके कारण स्कॉट बोलैंड ने उनकी जगह प्लेइंग इलेवन में जगह बनाई। हेजलवुड ने कहा कि उन्होंने कुछ बॉक्स पहले ही टिक कर लिए हैं और कुछ और टिक करने हैं।

उन्होंने कहा, शरीर काफी अच्छा महसूस कर रहा है। मेरा मतलब है, टेस्ट के बीच लंबा अंतराल है, इसलिए इसने मुझे ठीक होने की कोशिश करने के लिए कुछ और दिन दिए हैं। मैंने इस सप्ताह में अब तक कुछ बॉक्स टिक किए हैं, और चौथे दिन एक बड़ा टिक करने की उम्मीद कर रहा हूं झ पूरे दिन कुछ स्पैल गेंदबाजी करूंगा और देखूंगा कि यह कैसा रहता है। इसलिए, उस दिन के लिए उंगलियां क्रॉस की हुई हैं। हेजलवुड ने डिनर ब्रेक के दौरान ब्रॉडकास्टर चैनल सेवन से कहा, मैंने मुख्य प्रशिक्षण के दिनों में से एक पर थोड़ा गेंदबाजी की थी, और तब मैं लगभग 70 फीसदी फिट था। इसलिए, कल मैंने नेट पर 80 से 90 प्रतिशत तक टिक किया और बस इसी पर काम जारी रखूंगा। पिछले कुछ सालों से यह टीम मेरे लिए थोड़ी परेशानी का सबब रही है। यह एक मामूली तनाव है; कुछ बॉक्स पहले ही टिक कर लिए हैं और कुछ और टिक करने हैं, इसलिए उम्मीद है कि यह ठीक रहेगा। हेजलवुड ने इस बात पर भी जोर दिया कि मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई सेट-अप अब तक के सबसे कड़े सेट-अप में से एक है, क्योंकि पर्थ टेस्ट के तीसरे दिन उनकी टिप्पणियों ने ड्रेसिंग रूम में विभाजन की चिंता को जन्म दिया था। यह शायद मेरे पूरे करियर में सबसे कड़े सेट-अप में से एक है जिसका मैं हिस्सा रहा हूं। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं। मुझे लगता है कि (मेरे उद्धरण) को थोड़ा अलग संदर्भ में लिया गया है। यह शायद एक सलामी बल्लेबाज से अगले दिन 10 विकेट लेने की कोशिश करने के बारे में पूछने जैसा है। आप इसका बड़ा हिस्सा नहीं हैं। नंबर 11 के दृष्टिकोण से शायद उस समय मेरी यही सोच थी। मुझे लगता है कि इसे थोड़ा बेहतर तरीके से कहा जा सकता था, लेकिन निश्चित रूप से प्लेइंग ग्रुप के साथ कोई दिक्कत नहीं है।

# हरियाणा स्टीलर्स ने पटना पाइरेट्स को हराया

पुणे, एजेंसी



हरियाणा स्टीलर्स ने एक बेहद नाटकीय मैच में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेट्स को हराकर प्लेऑफ की ओर एक बड़ा कदम बढ़ा लिया है। बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 96वें मैच में हरियाणा ने पटना को 42-36 के अंतर से हराया। इस जीत के साथ हरियाणा ने शीर्ष पर अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है। 16 मैचों में 13वीं जीत हासिल करने वाली हरियाणा के लिए शिवम पटारे ने 11, मोहम्मदरेजा शादलू ने 9 और संजय ने 5 अंक लिए जबकि 16 मैचों में छठी हार झेलने वाली पटना के लिए देवांक ने 13 अंक लिए। देवांक को हालांकि रेफरी से बहस करने पर पीला कार्ड मिला। इसी तरह का कोच हरियाणा के कोच मनप्रीत सिंह को भी मिला।

बहरहाल, हरियाणा ने अच्छी शुरुआत करते हुए सात मिनट में ही पटना को आलआउट की ओर धकेल दिया था लेकिन पटना ने सुपर टैकल के साथ स्कोर 7-7 कर दिया। फिर देवांक ने जयदीप को आउट कर पटना को लीड दिला दी। 10 मिनट के बाद पटना 8-7 से आगे थे। ब्रेक के बाद नवदीप ने शिवम को लपक हरियाणा के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। हरियाणा ने हालांकि इस स्थिति से खुद को निकाला स्कोर 9-9 कर लिया। इस बीच विनय ने अंकित को बाहर कर पटना के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। पटना ने इसके बाद लगातार दो अंक लेकर 11-10 की लीड ले ली।

हरियाणा के लिए सुपर टैकल ऑन था। देवांक गए और साहिल को आउट कर दिया। फिर पटना ने आलआउट लेते हुए 16-11 की लीड ले ली। आलइन के बाद हरियाणा को 1 के मुकाबले पांच अंक मिले। हालांकि पटना ने 17-16 स्कोर पर पाला बदला लेकिन उसके लिए सुपर टैकल आन था। ब्रेक के बाद पटना ने शादलू को सुपर टैकल कर 19-16 कर दिया। इस दौरान देवांक ने सीजन में 200 रेड प्वाइंट्स पूरे किए। देवांक ने इसके बाद मल्टी प्वाइंट रेड के साथ पटना को 23-17 से आगे कर दिया लेकिन शिवम ने सुपर रेड के साथ हरियाणा की वापसी करा दी लेकिन 25-25 के स्कोर पर देवांक ने सुपर रेड के साथ पटना को 28-25 से आगे कर दिया।

अब हरियाणा के लिए सुपर टैकल आन था। शादलू ने हालांकि देवांक को सुपर टैकल कर स्कोर 27-29 कर दिया। हरियाणा की टीम यही नहीं रुकी एक और सुपर टैकल के साथ 30-29 की लीड ले ली। हालांकि इस दौरान कोच मनप्रीत को येलो कार्ड मिला। इससे बेखबर हरियाणा ने पटना को आलआउट की ओर धकेला और इसे अंजाम देकर 37-30 की लीड ले ली। इस बीच देवांक को येलो कार्ड मिला। ढाई मिनट बचे थे और हरियाणा 40-30 से आगे थे। इसके बाद 42-30 के स्कोर पर हरियाणा ने एक बार फिर पटना के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। इस बीच पटना ने सुपर टैकल और दीपक के सुपर रेड के साथ स्कोर 35-42 कर दिया औ इसके बाद विनय को लपक इस मैच से एक अंक प्राप्त किया।

## नौंवी बार एशिया फतह करने के इरादे से उतरेगी भारत की यूथ ब्रिगेड




दुबई। मोहम्मद अमान के नेतृत्व वाली भारतीय टीम रविवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप अंडर 19 के खिताब के साथ साथ टूनामेंट के पिछले संस्करण में सेमीफाइनल में पड़ोसी देश से मिली हार का हिसाब बराबर करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारत और बांग्लादेश 2024 सेमीफाइनल के दोबारा मुकाबले में आमने-सामने होंगे। यह गत चैंपियन और सबसे अधिक आठ बार एसीसी अंडर एशिया कप ट्रॉफी वाले देश के बीच मुकाबला होगा। मैच रविवार को सुबह सवा दस बजे दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा जिसका सजीव प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जायेगा। मौजूदा प्रतियोगिता में पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में मिली हार को छोड़ दें तो भारत ने अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को बड़े अंतर से हराया है, जिसमें श्रीलंका के खिलाफ कल का सेमीफाइनल मैच भी शामिल है, जहां उन्होंने 28 ओवर शेष रहते हुए सात विकेट से आसानी से जीत हासिल की। दूसरी ओर, बांग्लादेश भी उतना ही प्रभावशाली रहा है, जिसने ग्रुप चरण में श्रीलंका से केवल एक मैच हारा और दिन के दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को सात विकेट से हराया। भारत के लिए, आयुष म्हात्रे और 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी ने अब तक खेले गए चार मैचों में क्रमशः 175 और 167 रन के साथ सबसे अधिक स्कोरिंग की है। बांग्लादेश के लिए उनका हथियार गेंदबाजी आक्रमण है जो अब तक विरोधी टीम के लिये घातक साबित हुआ है। मोहम्मद अल फहद 10 विकेट के साथ विकेट लेने वालों की संख्या में सबसे आगे हैं, उनके बाद मोहम्मद इकबाल हसन इमोन हैं, जिनके पास भी इतने ही विकेट हैं। कुल मिला कर देखा जाये तो यह भारत के रोमांचक बल्लेबाजी क्रम और बांग्लादेश की मजबूत गेंदबाजी लाइन-अप के बीच टकराव होगा। टूनामेंट के पिछले संस्करण में बांग्लादेश ने सेमीफाइनल मैच में भारत को 43 गेंद शेष रहते चार विकेट से हराया था जिसके बाद उसने मेजबान संयुक्त अरब अमीरात को फाइनल में हरा कर खिताब अपने नाम किया था। दूसरी ओर भारत 1989, 2003, 2012, 2013झ14, 2016, 2018, 2019, 2021 में एशिया कप की प्रतिष्ठित ट्राफी अपने घर लाने में सफल रहा है।

## ब्रिस्बेन टेस्ट में खेलने की उम्मीदः हेजलवुड



एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा कि उन्हें भारत के खिलाफ आगामी ब्रिस्बेन टेस्ट में खेलने की उम्मीद है। हेजलवुड साइड स्ट्रेन के कारण चल रहे डे-नाइट एडिलेड टेस्ट से चूक गए, जिसके कारण स्कॉट बोलैंड ने उनकी जगह प्लेइंग इलेवन में जगह बनाई। हेजलवुड ने कहा कि उन्होंने कुछ बॉक्स पहले ही टिक कर लिए हैं और कुछ और टिक करने हैं। उन्होंने कहा, शरीर काफी अच्छा महसूस कर रहा है। मेरा मतलब है, टेस्ट के बीच लंबा अंतराल है, इसलिए इसने मुझे ठीक होने की कोशिश करने के लिए कुछ और दिन दिए हैं। मैंने इस सप्ताह में अब तक कुछ बॉक्स टिक किए हैं, और चौथे दिन एक बड़ा टिक करने की उम्मीद कर रहा हूं झ पूरे दिन कुछ स्पैल गेंदबाजी करूंगा और देखूंगा कि यह कैसा रहता है। इसलिए, उस दिन के लिए उंगलियां क्रॉस की हुई हैं। हेजलवुड ने डिनर ब्रेक के दौरान ब्रॉडकास्टर चैनल सेवन से कहा, मैंने मुख्य प्रशिक्षण के दिनों में से एक पर थोड़ा गेंदबाजी की थी, और तब मैं लगभग 70 फीसदी फिट था। इसलिए, कल मैंने नेट पर 80 से 90 प्रतिशत तक टिक किया और बस इसी पर काम जारी रखूंगा। पिछले कुछ सालों से यह टीम मेरे लिए थोड़ी परेशानी का सबब रही है। यह एक मामूली तनाव है; कुछ बॉक्स पहले ही टिक कर लिए हैं और कुछ और टिक करने हैं, इसलिए उम्मीद है कि यह ठीक रहेगा। हेजलवुड ने इस बात पर भी जोर दिया कि मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई सेट-अप अब तक के सबसे कड़े सेट-अप में से एक है, क्योंकि पर्थ टेस्ट के तीसरे दिन उनकी टिप्पणियों ने ड्रेसिंग रूम में विभाजन की चिंता को जन्म दिया था। यह शायद मेरे पूरे करियर में सबसे कड़े सेट-अप में से एक है जिसका मैं हिस्सा रहा हूं। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं। मुझे लगता है कि (मेरे उद्धरण) को थोड़ा अलग संदर्भ में लिया गया है। यह शायद एक सलामी बल्लेबाज से अगले दिन 10 विकेट लेने की कोशिश करने के बारे में पूछने जैसा है। आप इसका बड़ा हिस्सा नहीं हैं। नंबर 11 के दृष्टिकोण से शायद उस समय मेरी यही सोच थी। मुझे लगता है कि इसे थोड़ा बेहतर तरीके से कहा जा सकता था, लेकिन निश्चित रूप से प्लेइंग ग्रुप के साथ कोई दिक्कत नहीं है।

## वेस्टइंडीज में अगले साल तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगा ऑस्ट्रेलिया : निक हॉकली

एडिलेड। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के सीईओ निक हॉकली ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम अगले साल जून-जुलाई में वेस्टइंडीज के दौरे पर तीन टेस्ट मैच खेलेगी, जबकि पहले यह तय था कि केवल दो मैच होंगे। नई विश्व टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया को वेस्टइंडीज में सिर्फ दो टेस्ट खेलने थे। लेकिन हॉकली ने बताया कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और क्रिकेट वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज कराने का फैसला किया है। इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच हुई दो टेस्ट मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही थी। ऑस्ट्रेलिया 2015 के बाद पहली बार वेस्ट इंडीज में टेस्ट सीरीज खेलने जाएगा। उस समय ऑस्ट्रेलिया ने डोमिनिका और जमैका में दोनों टेस्ट जीते थे। हॉकली ने कहा, मुझे खुशी है कि अब तीन टेस्ट मैच खेले जाएंगे। हालांकि वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड से तारीखों और स्थानों को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा का इंतजार है, लेकिन यह निश्चित रूप से तीन मैचों की बड़ी सीरीज होगी, जैसी होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नियमों के अनुसार हमें कम से कम दो मैच खेलने थे। लेकिन खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए तीन मैच बेहतर है, क्योंकि दो मैचों की सीरीज में 1-1 की स्थिति से कोई संतुष्ट नहीं होता। जब उनसे पूछा गया कि क्या इन तीन मैचों में से कोई एक पिंक बॉल डे-नाइट टेस्ट होगा, तो उन्होंने कहा, यह अभी तय नहीं हुआ है। समय आने पर जानकारी दी जाएगी। शुक्रवार को एडिलेड टेस्ट के दौरान अंतिम सत्र में दो बार लाइट्स बंद होने की घटना पर उन्होंने कहा, यह स्विचिंग का मामला था। हमें भरोसा दिलाया गया है कि अब यह दोबारा नहीं होगा।

## तमिल थलाइवाज ने हार का सिलसिला तोड़ा, गुजरात जायंट्स को 13 अंक से हराया

पुणे, एजेंसी




पुणे। मोइन शफागी (13) और डिफेंस में आशीष (6) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत तमिल थलाइवाज ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 95वें मैच में गुजरात जाएंट्स को 40-27 के स्कोर से हराकर दो मैचों से चला आ रहा हार का सिलसिला तोड़ा दिया। थलाइवाज को 16 मैचों में छठी जीत मिली। उसके लिए हिमांशु (7) और सौरव (7) ने भी अच्छा प्रदर्शन किया जबकि 15 मैचों में 10वीं हार झेलने वाली गुजरात के लिए हिमांशु (11) ही अपनी चमक दिखा सके। थलाइवाज ने रेड में 16 के मुकाबले 23 और डिफेंस मे 7 के मुकाबले 13 अंक लेकर वर्चस्व कायम किया।

शुरूआती तीन मिनट में स्कोर 2-2 था लेकिन हिमांशु ने मल्टी प्वाइंट रेड के साथ थलाइवाज को 4-2 से आगे कर दिया। फिर आशीष ने गुमान को लपक फासला 3 का कर दिया। इसके बाद हालांकि रोहित ने डू ओर डाई रेड पर शफागी को लपक स्कोर 3-5 कर दिया। इसके बाद सौरव ने इसी तरह की रेड पर राकेश को लपक हिसाब बराबर कर दिया। फिर सौरव ने सोमवीर को बाहर कर गुजरात को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया लेकिन नबी ने उसे इस स्थिति से निकाल लिया। 10 मिनट की समाप्ति तक थलाइवाज 7-4 से आगे थे लेकिन ब्रेक के बाद हिमांशु ने सौरव को आउट कर फासला 2 का कर दिया। हालांकि थलाइवाज ने डू ओर डाई रेड पर हिमांशु सिंह को लपक लिया।

थलाइवाज ने जल्द ही गुजरात को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया। गुजरात को इसका लाभ नहीं मिला और थलाइवाज ने आलआउट लेते हुए 14-5 की लीड ले ली। ब्रेक के बाद थलाइवाज ने 2 के मुकाबले 4 अंक लेकर अपनी स्थिति और मजबूत की। गुजरात एक बार फिर सुपर टैकल सिचुएशन में थे लेकिन रोहित ने उसे उबार लिया। इस बीच आशीष ने अपना हाई-5 पूरा किया। थलाइवाज ने 19-8 की लीड के साथ पाला बदला। हाफटाइम के बाद शफागी ने हिमांशु को आउट कर गुजरात को फिर से सुपर टैकल सिचुएशन में डाला। गुजरात फिर इसका लाभ नहीं ले सके और आलआउट हो गए। थलाइवाज अब 25-8 से आगे थे। गुजरात ने हालांकि आलइन के बाद पांच अंक लेकर वापसी की कोशिश की लेकिन इस दौरान पांच अंक लुटा भी दिए। अब थलाइवाज के लिए सुपर टैकल आन था। इस बीच हिमांशु सिंह ने डू ओर डाई रेड पर रौनक और आशीष को आउट कर थलाइवाज को आलआउट की ओर धकेल दिया। अब 10 मिनट बचे थे और स्कोर 30-15 था। ब्रेक के बाद आलआउट बचाने सचिन लाए गए लेकिन गुजरात के डिफेंस ने उन्हें लपक स्कोर 18-30 कर दिया। आलइन के बाद गुजरात ने एक अंक लिया तो शफागी ने सुपर रेड के साथ पासा पलट दिया। साथ ही शफागी ने सुपर-10 भी पूरा किया। थलाइवाज अब 34-19 से आगे थे। इसके बाद गुजरात ने लगातार तीन अंक हासिल किए। गुजरात ने वापसी की पुरजोर कोशिश की लेकिन थलाइवाज ने अपनी पकड़ बनाए रखी और यह मुकाबला 13 अंक से जीतते हुए लगातार दो मैचों से चले आ रहे हार के सिलसिले को खत्म किया।

## ओमान में महिला जूनियर एशिया कप में भारत की नजर खिताब बचाने पर

मस्कट। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ओमान के मस्कट में महिला जूनियर एशिया कप में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार है, क्योंकि उनका लक्ष्य पिछले साल का अपना खिताब बचाना है। 7 से 15 दिसंबर तक होने वाला यह टूनामेंट एफआईएच जूनियर विश्व कप 2025 के लिए क्वालीफाइंग इवेंट भी है, जो चिली में आयोजित किया जाएगा।

भारत का नेतृत्व कोच तुषार खांडेकर, कप्तान ज्योति सिंह और उप कप्तान साक्षी राणा करेंगे। टीम में दीपिका, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीता टोप्पो और मुमताज खान जैसी खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो पिछले साल की खिताबी जीत के बाद से सीनियर टीम के लिए खेल रही हैं और टूनामेंट के दौरान बाकी खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगी। 2023 में, भारत ने फाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर पहली बार खिताब जीता। भारत को पूल ए में रखा गया है और उसका मुकाबला चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश से होगा। पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल हैं। प्रत्येक टीम अपने पूल में प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी से एक बार खेलेगी और प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें न केवल सेमीफाइनल में जगह पक्की करेंगी, बल्कि अगले साल एफआईएच जूनियर विश्व कप में भी जगह बनाएंगी। प्रत्येक पूल में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम जूनियर विश्व कप में अंतिम स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। कप्तान ज्योति सिंह ने कहा, हम मैदान पर उतरने और टूनामेंट की मजबूत शुरूआत करने के लिए उत्साहित हैं। खिताब का बचाव करना चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन मुझे यकीन है कि टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी और अपने देश को गौरवान्वित करेगी। यह टूनामेंट बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि जूनियर विश्व कप के लिए योग्यता दांव पर है, इसलिए हम फिर से खिताब जीतने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उप कप्तान साक्षी राणा ने कहा,टीम ने टूनामेंट से पहले कड़ी मेहनत की है और अब प्रदर्शन करने का समय है। हमारे पास बहुत प्रतिभा और जुनून वाली एक अनुभवी टीम है। हमें विश्वास है कि हम अपने खिताब का बचाव कर सकते हैं। भारतीय टीम अपना पहला मैच रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ 20:30 (भारतीय समयानुसार) बजे खेलेगी। अगर भारत पूल ए में शीर्ष दो टीमों में से एक के रूप में समाप्त होता है, तो वे सेमीफाइनल में पहुंच जाएंगे जो 14 दिसंबर को खेला जाएगा। दोनों सेमीफाइनल के विजेता 15 दिसंबर को खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले के लिए क्वालीफाई करेंगे।

## ट्रेविस हेड ने लगाया डे-नाइट टेस्ट का सबसे तेज शतक, भारत के खिलाफ फिर साबित हुए खतरनाक

वेलिंगटने, एजेंसी



ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने अपनी बल्लेबाजी से कई बार मैचों का रुख बदला है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट की पहली पारी में भी उन्होंने कुछ ऐसा ही किया है। इस पारी में ट्रेविस हेड ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में 141 गेंदों पर 140 रनों की तूफानी पारी खेली।

हेड के काउंटर अटैक के कारण ऑस्ट्रेलिया ने डे-नाइट टेस्ट मैच में भारत पर 150 रनों से अधिक की बढ़त हासिल कर ली है जो मैच के नतीजे के लिए निर्णायक भी साबित हो सकती है। ट्रेविस हेड ने अपनी पारी में 17 चौके और 4 छक्के लगाए। इसके चलते ही ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन डिनर ब्रेक तक 8 विकेट के नुकसान पर 332 रनों का स्कोर बना लिया है।

ऑस्ट्रेलिया को फिलहाल भारत के पहली पारी के स्कोर 180 रन पर 152 रनों की बड़ी बढ़त मिल गई है। इसमें हेड की भूमिका बड़ी अहम है। हेड ने यह डे-नाइट टेस्ट मैचों में अब तक का सबसे तेज शतक भी लगाया है। उन्होंने 111 गेंदों पर शतक लगाया। इससे पहले हेड ने ही इंग्लैंड के खिलाफ होबार्ट में साल 2022 में 112 गेंदों पर शतक लगाया था। ट्रेविस हेड डे-नाइट टेस्ट मैचों में अब तक तीन शतक लगा चुके हैं। यह तीनों ही शतक काफी तेज स्ट्राइक रेट के साथ लगाए गए हैं। हेड से ज्यादा डे-नाइट टेस्ट शतक केवल उनके हमवतन मार्नस लाबुशेन ने लगाए हैं। मिडिल ऑर्डर के दाएं हाथ के बल्लेबाज ने गुलाबी गेंद टेस्ट में चार बार शतक लगाए हैं।

वहीं, भारत के खिलाफ हेड के रिकॉर्ड की बात करें तो उनका बल्ला भारतीय गेंदबाजी के खिलाफ खूब चला है। हेड ने भारत के खिलाफ पिछली छह टेस्ट पारियों में 90(163), 163(174), 18(27), 11(13), 89(101) और ताजा स्कोर 140(141) का बनाया है। करियर की बात करें तो हेड ने अब तक 51 टेस्ट मैचों में 8 शतक और 17 अर्धशतक लगाए हैं। उन्होंने 43.20 की औसत के साथ बल्लेबाजी करते हुए 66.17 का तेज स्ट्राइक रेट निकाला है।

वहीं मैच में अब तक भारतीय गेंदबाजी की बात करें तो दूसरे दिन डिनर तक जसप्रीत बुमराह ने 59 रन देकर 4 और मोहम्मद सिराज ने 95 रन देकर 2 विकेट हासिल किए हैं। बुमराह इस सीरीज में अभी तक शानदार रहे हैं। उनको पहले मैच में ह्यप्लेयर ऑफ द मैच अवार्डह्व भी मिला था। भारत ने सीरीज का पहला टेस्ट पर्थ में 295 रनों के बड़े अंतर से जीता था।

## जो रूट बने टेस्ट क्रिकेट में 50 प्लस स्कोर की सेंचुरी लगाने वाले पहले अंग्रेज बल्लेबाज

वेलिंगटने, एजेंसी



इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में 50 या उससे ज्यादा रन बनाने का कारनामा 100 बार करके इतिहास रच दिया है। वह ऐसा करने वाले पहले इंग्लिश बल्लेबाज और दुनिया के चौथे खिलाड़ी हैं। रूट ने यह उपलब्धि न्यूजीलैंड के खिलाफ बेसिन रिजर्व में दूसरे टेस्ट मैच के दौरान हासिल की। यह उनका 151वां टेस्ट मैच था। तीसरे सत्र में 76 गेंदों में 65वां अर्धशतक लगाकर उन्होंने यह रिकॉर्ड बनाया। 33 वर्षीय रूट फिलहाल दुनिया के नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज हैं। उनके नाम अब 35 शतक और 65 अर्धशतक हैं। उन्होंने कुल 276 पारियों में 13,000 से ज्यादा टेस्ट रन बना लिए हैं। इस सूची में रूट ने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर, जैक्स कैलिस और रिकी पोंटिंग का साथ पाया है। सचिन तेंदुलकर के नाम टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर (119) हैं, जिसमें 51 शतक और 68 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं, कैलिस और पोंटिंग ने 103-103 बार 50+ रन बनाए हैं। रूट का यह रिकॉर्ड उस वक्त आया जब वे पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे थे। पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान में शानदार 262 रन बनाने के बाद, वे लगातार 7 पारियों में 50 का आंकड़ा पार नहीं कर सके थे। हालांकि, दूसरे टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने धैर्य से शतक लगाकर इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। दूसरी पारी में भी उन्होंने अर्धशतक लगाने के अलावा हैरी ब्रूक के साथ 95 रनों की अहम साझेदारी की और 50 रन का आंकड़ा पार किया। उनकी इस पारी ने इंग्लैंड की स्थिति को और मजबूत कर दिया। इसके अलावा, रूट 2024 में टेस्ट क्रिकेट में 1,500 रन बनाने की उपलब्धि के करीब हैं। इस साल अब तक 1,417 रन बना चुके रूट को यह रिकॉर्ड बनाने के लिए सिर्फ 83 और रन चाहिए। एक से ज्यादा बार एक कैलेंडर ईयर में 1,500 टेस्ट रन बनाने का यह रिकॉर्ड अब तक सिर्फ रिकी पोंटिंग के नाम है, जिन्होंने 2003 और 2005 में यह कारनामा किया था। रूट ने पहले 2021 में 1,500 रन का आंकड़ा पार किया था।

## भारत में मोटर स्पोर्ट्स के गॉडफादर इंदु चंडोक का निधन

चेन्नई, एजेंसी



भारतीय मोटरस्पोर्ट्स के दिग्गज इंदु चंडोक का शनिवार सुबह निधन हो गया। वे छह दशकों से भी अधिक समय से भारतीय मोटरस्पोर्ट्स से जुड़े रहे। वे 93 वर्ष के थे और अपने पीछे दो बेटे, एक बेटी, सात पोते-पोतियां और चार परपोते-परपोतियां छोड़ गए हैं।

इंदु चंडोक के बेटे और मद्रास मोटर स्पोर्ट्स क्लब (एमएमएससी) के उपाध्यक्ष विक्की चंडोक ने कहाः चंडोक परिवार के मुखिया का आज सुबह नींद में निधन हो गया। वे एक महान व्यक्ति थे। बीआईसी ने अपने जीवन को अंत तक हास्य की भावना से भरपूर जिया। वे एक शानदार पिता और संरक्षक थे। एक तरह से, वे भारतीय मोटरस्पोर्ट्स के मुखिया भी थे, जिन्होंने खेल के विकास के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ बड़ी तस्वीर देखी। परिवार और मोटरस्पोर्ट्स बिरादरी उन्हें याद करेगी।

एमएमएससी के अध्यक्ष अजीत थॉमस ने कहाः इंदु चंडोक के निधन से एमएमएससी और भारतीय मोटरस्पोर्ट्स ने एक दिग्गज और संस्थागत हस्ती खो दी है। भारत में मोटरस्पोर्ट्स को निश्चित दिशा प्रदान करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान था और अब हम उनके अथक प्रयासों का फल भोग रहे हैं। उन्होंने एमएमएससी को आज की स्थिति तक पहुंचाया। हम उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं।

22 जुलाई, 1931 को कोलकाता में जन्मे और फिर 1932 में चेन्नई (तत्कालीन मद्रास) चले गए, असीम ऊर्जा और विविध रुचियों से संपन्न इंदु चंडोक ने एक सक्रिय जीवन जिया। वे 1953 में मद्रास मोटर स्पोर्ट्स क्लब के संस्थापक सदस्यों में से एक थे और बाद में 1971 में फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया के वे अध्यक्ष (1978-79) भी थे। इसके अलावा वे ट्रस्ट का भी अभिन्न हिस्सा थे, जिसने श्रीपेरंबदूर के पास और चेन्नई से लगभग 40 किलोमीटर दूर इरुंगटकोट्टई में मद्रास इंटरनेशनल सर्किट (तत्कालीन मद्रास मोटर रेस ट्रैक) को खरीदा और विकसित किया।

इंदु चंडोक को देश में मोटरस्पोर्ट्स के विकास में उनके लंबे और स्थायी योगदान के लिए जाना जाता था। पिछले 60 वर्षों से मोटरस्पोर्ट्स से जुड़े रहने के कारण, पहले एक प्रतियोगी के रूप में और बाद में एक आयोजक के रूप में, उन्हें भारत में मोटर स्पोर्ट्स के गॉडफादर की उपाधि मिली। उन्होंने अपने मोटरस्पोर्ट्स जीन को अपने बेटे विक्की चंडोक, जो एक पूर्व राष्ट्रीय रैली चैंपियन हैं, और पोते करुण चंडोक, जो भारत के दूसरे फॉमूर्ला वन ड्राइवर (नारायण कार्तिकेयन के बाद) हैं, को दिया, जो अब एक प्रसिद्ध एफ1 रेस कमेंटेटर और विश्लेषक हैं।

## सैंडर स्कॉटहेम ने जीता अंतरराष्ट्रीय फेयर प्ले पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली । नॉर्वे के डेकाथलीट सैंडर स्कॉटहेम ने विश्व एथलेटिक्स पुरस्कार 2024 में अंतरराष्ट्रीय फेयर प्ले का पुरस्कार जीता। प्रशंसकों से प्राप्त नामांकन के बाद, अंतरराष्ट्रीय फेयर प्ले समिति (सीआईएफपी) और विश्व एथलेटिक्स के सदस्यों ने 2024 में एथलेटिक्स में पांच फेयर प्ले क्षणों की एक सूची पर निर्णय लेने के लिए एक निर्णायक मंडल का गठन किया, जिसके बाद स्कॉटहेम को विजेता घोषित किया गया।

स्कॉटहेम के लिए निष्पक्ष खेल का क्षण पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में आया, जहाँ पोल वॉल्ट पदक की दौड़ से बाहर होने के बावजूद विश्व इनडोर और यूरोपीय रजत पदक विजेता स्कॉटहेम ने प्रतिस्पर्धा जारी रखने का फैसला किया। इस प्रक्रिया में स्कॉटहेम ने अपने हमवतन मार्कस रूथ का समर्थन किया, और अंतिम अनुशासन - 1500 मीटर में अपने साथी की मदद की। रूथ ने 8796 अंकों के राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्कोर के साथ नॉर्वे के लिए स्वर्ण पदक जीता, और 48 अंकों से ओलंपिक खिताब जीता।

विश्व एथलेटिक्स के हवाले से स्कॉटहेम ने कहा, मैं यह पुरस्कार पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। ओलंपिक मेरे लिए बहुत ही रोचक अनुभव था, क्योंकि मैंने बहुत अच्छी प्रतियोगिता की थी और फिर मैं पोल वॉल्ट में नो-हाइट हो गया और इसने मेरे पदक जीतने की संभावनाओं को बर्बाद कर दिया। उसी समय, मार्कस ने बहुत अच्छी पोल वॉल्ट प्रतियोगिता की जिसने उन्हें जीतने के लिए एक उत्कृष्ट स्थिति में ला दिया। स्कॉटहेम के इस वर्ष में 8635 का डेकाथलॉन पीबी हासिल किया था, जिसने उन्हें रोम में यूरोपीय रजत दिलाया और उनके 6407 के हेप्टाथलॉन राष्ट्रीय रिकॉर्ड ने विश्व इनडोर पदक दिलाया।

विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने कहाः मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि हमारा खेल एथलीटों के बीच निष्पक्ष खेल, ईमानदारी और सौहार्द के क्षणों के मामले में एक उदाहरण बना हुआ है। हम इसे सभी अलग-अलग एथलेटिक्स विषयों में देख रहे हैं - ट्रैक, फील्ड और रोड पर। जिस तरह से सैंडर ने वापसी की, वह एक महान एथलीट की पहचान है। चरित्र की असली परीक्षा मुश्किल समय में होती है, यह तब नहीं होता जब सब कुछ ठीक चल रहा हो, इसलिए मैं सैंडर को उनकी खेल भावना और लचीलेपन के लिए बधाई देता हूँ - वे इस पुरस्कार के योग्य हैं। सीआईएफपी के अध्यक्ष जेनो कामुती ने कहा, खेल जगत के सबसे महत्वपूर्ण मंच, ओलंपिक खेलों में एक एथलीट से इस तरह के निःस्वार्थ कार्य को देखना अद्भुत है। विश्व एथलेटिक्स के साथ हमारा संबंध अब 20 वर्षों से अधिक पुराना है, और अध्यक्ष कोए और उनकी टीम के साथ सहयोग करना एक खुशी की बात है। मुझे यह जानकर विशेष प्रसन्नता हो रही है कि हमने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप से आगे सहयोग का विस्तार किया है और अब हम पूरे वर्ष एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के प्रस्तावों का संयुक्त रूप से मूल्यांकन करते हैं। सैंडर स्कोथेम को बधाई।

सीआईएफपी की स्थापना 60 साल पहले खेल में निष्पक्ष खेल के सिद्धांतों को बढ़ावा देने के लिए की गई थी। यह उन लोगों को सम्मानित करता है जो खेल के लिखित और अलिखित नियमों का सम्मान करते हैं, जिसमें ईमानदारी, एकजुटता, सहिष्णुता, देखभाल, उत्कृष्टता और खुशी शामिल है, और जो मैदान पर और बाहर दूसरों के लिए एक उदाहरण स्थापित करते हैं। सीआईएफपी का विश्व एथलेटिक्स के साथ पहला सहयोग पेरिस में 2003 की विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप से शुरू हुआ। तब से बारह पुरस्कार दिए जा चुके हैं।

**संक्षिप्त खबरें**

### ब्रिस्बेन टेस्ट में खेलने की उम्मीद : हेजलवुड

एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा कि उन्हें भारत के खिलाफ आगामी ब्रिस्बेन टेस्ट में खेलने की उम्मीद है। हेजलवुड साइड स्ट्रेन के कारण चल रहे डे-नाइट एडिलेड टेस्ट से चूक गए, जिसके कारण स्कॉट बोलैंड ने उनकी जगह प्लेइंग इलेवन में जगह बनाई। हेजलवुड ने कहा कि उन्होंने कुछ बॉक्स पहले ही टिक कर लिए हैं और कुछ और टिक करने हैं।

उन्होंने कहा, शरीर काफी अच्छा महसूस कर रहा है। मेरा मतलब है, टेस्ट के बीच लंबा अंतराल है, इसलिए इसने मुझे ठीक होने की कोशिश करने के लिए कुछ और दिन दिए हैं। मैंने इस सप्ताह में अब तक कुछ बॉक्स टिक किए हैं, और चौथे दिन एक बड़ा टिक करने की उम्मीद कर रहा हूं झ पूरे दिन कुछ स्पैल गेंदबाजी करूंगा और देखूंगा कि यह कैसा रहता है। इसलिए, उस दिन के लिए उंगलियां क्रॉस की हुई हैं। हेजलवुड ने डिनर ब्रेक के दौरान ब्रॉडकास्टर चैनल सेवन से कहा, ह्लमैंने मुख्य प्रशिक्षण के दिनों में से एक पर थोड़ा गेंदबाजी की थी, और तब मैं लगभग 70 फीसदी फिट था। इसलिए, कल मैंने नेट पर 80 से 90 प्रतिशत तक टिक किया और बस इसी पर काम जारी रखूंगा। पिछले कुछ सालों से यह टीम मेरे लिए थोड़ी परेशानी का सबब रही है। यह एक मामूली तनाव है; कुछ बॉक्स पहले ही टिक कर लिए हैं और कुछ और टिक करने हैं, इसलिए उम्मीद है कि यह ठीक रहेगा। हेजलवुड ने इस बात पर भी जोर दिया कि मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई सेट-अप अब तक के सबसे कड़े सेट-अप में से एक है, क्योंकि पर्थ टेस्ट के तीसरे दिन उनकी टिप्पणियों ने ड्रेसिंग रूम में विभाजन की चिंता को जन्म दिया था। यह शायद मेरे पूरे करियर में सबसे कड़े सेट-अप में से एक है जिसका मैं हिस्सा रहा हूं। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं। मुझे लगता है कि (मेरे उद्धरण) को थोड़ा अलग संदर्भ में लिया गया है। यह शायद एक सलामी बल्लेबाज से अगले दिन 10 विकेट लेने की कोशिश करने के बारे में पूछने जैसा है। आप इसका बड़ा हिस्सा नहीं हैं। नंबर 11 के दृष्टिकोण से शायद उस समय मेरी यही सोच थी। मुझे लगता है कि इसे थोड़ा बेहतर तरीके से कहा जा सकता था, लेकिन निश्चित रूप से प्लेइंग ग्रुप के साथ कोई दिक्कत नहीं है।

# हरियाणा स्टीलर्स ने पटना पाइरेट्स को हराया

**पुणे, एजेंसी**





हरियाणा स्टीलर्स ने एक बेहद नाटकीय मैच में तीन बार के चैंपियन पटना पाइरेटस को हराकर प्लेऑफ की ओर एक बड़ा कदम बढ़ा लिया है। बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 96वें मैच में हरियाणा ने पटना को 42-36 के अंतर से हराया। इस जीत के साथ हरियाणा ने शीर्ष पर अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली है। 16 मैचों में 13वीं जीत हासिल करने वाली हरियाणा के लिए शिवम पटारे ने 11, मोहम्मदरेजा शादलू ने 9 और संजय ने 5 अंक लिए जबकि 16 मैचों में छठी हार झेलने वाली पटना के लिए देवांक ने 13 अंक लिए। देवांक को हालांकि रेफरी से बहस करने पर पीला कार्ड मिला। इसी तरह का कोच हरियाणा के कोच मनप्रीत सिंह को भी मिला।

बहरहाल, हरियाणा ने अच्छी शुरूआत करते हुए सात मिनट में ही पटना को आलआउट की ओर धकेल दिया था लेकिन पटना ने सुपर टैकल के साथ स्कोर 7-7 कर दिया। फिर देवांक ने जयदीप को आउट कर पटना को लीड दिला दी। 10 मिनट के बाद पटना 8-7 से आगे थे। ब्रेक के बाद नवदीप ने शिवम को लपक हरियाणा के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। हरियाणा ने हालांकि इस स्थिति से खुद को निकाल स्कोर 9-9 कर लिया। इस बीच विनय ने अंकित को बाहर कर पटना के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। पटना ने इसके बाद लगातार दो अंक लेकर 11-10 की लीड ले ली।

हरियाणा के लिए सुपर टैकल ऑन था। देवांक गए और साहिल को आउट कर दिया। फिर पटना ने आलआउट लेते हुए 16-11 की लीड ले ली। आलइन के बाद हरियाणा को 1 के मुकाबले पांच अंक मिले। हालांकि पटना ने 17-16 स्कोर पर पाला बदला लेकिन उसके लिए सुपर टैकल आन था। ब्रेक के बाद पटना ने शादलू को सुपर टैकल कर 19-16 कर दिया। इस दौरान देवांक ने सीजन में 200 रेड प्वाइंट्स पूरे किए। देवांक ने इसके बाद मल्टी प्वाइंट रेड के साथ पटना को 23-17 से आगे कर दिया लेकिन शिवम ने सुपर रेड के साथ हरियाणा की वापसी करा दी लेकिन 25-25 के स्कोर पर देवांक ने सुपर रेड के साथ पटना को 28-25 से आगे कर दिया।

अब हरियाणा के लिए सुपर टैकल आन था। शादलू ने हालांकि देवांक को सुपर टैकल कर स्कोर 27-29 कर दिया। हरियाणा की टीम यही नहीं रुकी एक और सुपर टैकल के साथ 30-29 की लीड ले ली। हालांकि इस दौरान कोच मनप्रीत को येलो कार्ड मिला। इससे बेखबर हरियाणा ने पटना को आलआउट की ओर धकेला और इसे अंजाम देकर 37-30 की लीड ले ली। इस बीच देवांक को येलो कार्ड मिला। ढाई मिनट बचे थे और हरियाणा 40-30 से आगे थे। इसके बाद 42-30 के स्कोर पर हरियाणा ने एक बार फिर पटना के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। इस बीच पटना ने सुपर टैकल और दीपक के सुपर रेड के साथ स्कोर 35-42 कर दिया औ इसके बाद विनय को लपक इस मैच से एक अंक प्राप्त किया।

# तमिल थलाइवाज ने हार का सिलसिला तोड़ा, गुजरात जायंट्स को 13 अंक से हराया

**पुणे, एजेंसी**



पुणे। मोइन शफागी (13) और डिफेंस में आशीष (6) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत तमिल थलाइवाज ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 95वें मैच में गुजरात जाएंट्स को 40-27 के स्कोर से हराकर दो मैचों से चला आ रहा हार का सिलसिला तोड़ा दिया। थलाइवाज को 16 मैचों में छठी जीत मिली। उसके लिए हिमांशु (7) और सौरव (7) ने भी अच्छा प्रदर्शन किया जबकि 15 मैचों में 10वीं हार झेलने वाली गुजरात के लिए हिमांशु (11) ही अपनी चमक दिखा सके। थलाइवाज ने रेड में 16 के मुकाबले 23 और डिफेंस में 7 के मुकाबले 13 अंक लेकर वर्चस्व कायम किया।

शुरूआती तीन मिनट में स्कोर 2-2 था लेकिन हिमांशु ने मल्टी प्वाइंट रेड के साथ थलाइवाज को 4-2 से आगे कर दिया। फिर आशीष ने गुमान को लपक फासला 3 का कर दिया। इसके बाद हालांकि रोहित ने डू ओर डाई रेड पर शफाजी को लपक स्कोर 3-5 कर दिया। इसके बाद सौरव ने इसी तरह की रेड पर राकेश को लपक हिसाब बराबर कर दिया। फिर सौरव ने सोमवीर को बाहर कर गुजरात को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया लेकिन नबी ने उसे इस स्थिति से निकाल लिया। 10 मिनट की समाप्ति तक थलाइवाज 7-4 से आगे थे लेकिन ब्रेक के बाद हिमांशु ने सौरव को आउट कर फासला 2 का कर दिया। हालांकि थलाइवाज ने डू ओर डाई रेड पर हिमांशु सिंह को लपक लिया।

थलाइवाज ने जल्द ही गुजरात को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया। गुजरात को इसका लाभ नहीं मिला और थलाइवाज ने आलआउट लेते हुए 14-5 की लीड ले ली। ब्रेक के बाद थलाइवाज ने 2 के मुकाबले 4 अंक लेकर अपनी स्थिति और मजबूत की। गुजरात एक बार फिर सुपर टैकल सिचुएशन में थे लेकिन रोहित ने उसे उबार लिया। थलाइवाज ने 19-8 की लीड के साथ पाला बदला। हाफटाइम के बाद शफागी ने हिमांशु को आउट कर गुजरात को फिर से सुपर टैकल सिचुएशन में डाला। गुजरात फिर इसका लाभ नहीं ले सके और आलआउट हो गए। थलाइवाज अब 25-8 से आगे थे। गुजरात ने हालांकि आलइन के बाद पांच अंक लेकर वापसी की कोशिश की लेकिन इस दौरान पांच अंक लुटा भी दिए। अब थलाइवाज के लिए सुपर टैकल आन था। इस बीच हिमांशु सिंह ने डू ओर डाई रेड पर रौनक और आशीष को आउट कर थलाइवाज को आलआउट की ओर धकेल दिया। अब 10 मिनट बचे थे और स्कोर 30-15 था। ब्रेक के बाद आलआउट बचाने सचिन लाए गए लेकिन गुजरात के डिफेंस ने उन्हें लपक स्कोर 18-30 कर दिया। आलइन के बाद गुजरात ने एक अंक लिया तो शफागी ने सुपर रेड के साथ पासा पलट दिया। साथ ही शफागी ने सुपर-10 भी पूरा किया। थलाइवाज अब 34-19 से आगे थे। इसके बाद गुजरात ने लगातार तीन अंक हासिल किए। गुजरात ने वापसी की पुरजोर कोशिश की लेकिन थलाइवाज ने अपनी पकड़ बनाए रखी और यह मुकाबला 13 अंक से जीतते हुए लगातार दो मैचों से चले आ रहे हार के सिलसिले को खत्म किया।

# ओमान में महिला जूनियर एशिया कप में भारत की नजर खिताब बचाने पर

मस्कट। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ओमान के मस्कट में महिला जूनियर एशिया कप में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार है, क्योंकि उनका लक्ष्य पिछले साल का अपना खिताब बचाना है। 7 से 15 दिसंबर तक होने वाला यह टूर्नामेंट एफआईएच जूनियर विश्व कप 2025 के लिए क्वालीफाइंग इवेंट भी है, जो चिली में आयोजित किया जाएगा।

भारत का नेतृत्व कोच तुषार खांडेकर, कप्तान ज्योति सिंह और उप कप्तान साक्षी राणा करेंगे। टीम में दीपिका, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीता टोप्पो और मुमताज खान जैसी खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो पिछले साल की खिताबी जीत के बाद से सीनियर टीम के लिए खेल रही हैं और टूर्नामेंट के दौरान बाकी खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगी। 2023 में, भारत ने फाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर पहली बार खिताब जीता। भारत को पूल ए में रखा गया है और उसका मुकाबला चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश से होगा। पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल हैं। प्रत्येक टीम अपने पूल में प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी से एक बार खेलेगी और प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें न केवल सेमीफाइनल में जगह पक्की करेंगी, बल्कि अगले साल एफआईएच जूनियर विश्व कप में भी जगह बनाएंगी। प्रत्येक पूल में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम जूनियर विश्व कप में अंतिम स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। कप्तान ज्योति सिंह ने कहा, हम मैदान पर उतरने और टूर्नामेंट की मजबूत शुरूआत करने के लिए उत्साहित हैं। खिताब का बचाव करना चुनौतीपूर्ण होगा, लेकिन मुझे यकीन है कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी और अपने देश को गौरवान्वित करेंगी। यह टूर्नामेंट बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि जूनियर विश्व कप के लिए योग्यता दांव पर है, इसलिए हम फिर से खिताब जीतने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उप कप्तान साक्षी राणा ने कहा,टीम ने टूर्नामेंट से पहले कड़ी मेहनत की है और अब प्रदर्शन करने का समय है। हमारे पास बहुत प्रतिभा और जुनून वाली एक अनुभवी टीम है। हमें विश्वास है कि हम अपने खिताब का बचाव कर सकते हैं। भारतीय टीम अपना पहला मैच रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ 20:30 (भारतीय समयानुसार) बजे खेलेगी। अगर भारत पूल ए में शीर्ष दो टीमों में से एक के रूप में समाप्त होता है, तो वे सेमीफाइनल में पहुंच जाएंगे जो 14 दिसंबर को खेला जाएगा। दोनों सेमीफाइनल के विजेता 15 दिसंबर को खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# नौंवी बार एशिया फतह करने के इरादे से उतरेगी भारत की यूथ ब्रिगेड

दुबई। मोहम्मद अमान के नेतृत्व वाली भारतीय टीम रविवार को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप अंडर 19 के खिताब के साथ साथ टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में सेमीफाइनल में पड़ोसी देश से मिली हार का हिसाब बराबर करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारत और बांग्लादेश 2024 सेमीफाइनल के दोबारा मुकाबले में आमने-सामने होंगे। यह गत चैंपियन और सबसे अधिक आठ बार एसीसी अंडर एशिया कप ट्रॉफी वाले देश के बीच मुकाबला होगा। मैच रविवार को सुबह सवा दस बजे दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा जिसका सजीव प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जायेगा। मौजूदा प्रतियोगिता में पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में मिली हार को छोड़ दें तो भारत ने अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को बड़े अंतर से हराया है, जिसमें श्रीलंका के खिलाफ कल का सेमीफाइनल मैच भी शामिल है, जहां उन्होंने 28 ओवर शेष रहते हुए सात विकेट से आसानी से जीत हासिल की। दूसरी ओर, बांग्लादेश भी उतना ही प्रभावशाली रहा है, जिसने ग्रुप चरण में श्रीलंका से केवल एक मैच हारा और दिन के दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को सात विकेट से हराया। भारत के लिए, आयुष म्हात्रे और 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी ने अब तक खेले गए चार मैचों में क्रमशः 175 और 167 रन के साथ सबसे अधिक स्कोरिंग की है। बांग्लादेश के लिए उनका हथियार गेंदबाजी आक्रमण है जो अब तक विरोधी टीम के लिये घातक साबित हुआ है। मोहम्मद अल फहद 10 विकेट के साथ विकेट लेने वालों की संख्या में सबसे आगे हैं, उनके बाद मोहम्मद इकबाल हसन इमोन हैं, जिनके पास भी इतने ही विकेट हैं। कुल मिला कर देखा जाये तो यह भारत के रोमांचक बल्लेबाजी क्रम और बांग्लादेश की मजबूत गेंदबाजी लाइन-अप के बीच टकराव होगा। टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में बांग्लादेश ने सेमीफाइनल मैच में भारत को 43 गेंद शेष रहते चार विकेट से हराया था जिसके बाद उसने मेजबान संयुक्त अरब अमीरात को फाइनल में हरा कर खिताब अपने नाम किया था। दूसरी ओर भारत 1989, 2003, 2012, 2013झ14, 2016, 2018, 2019, 2021 में एशिया कप की प्रतिष्ठित ट्राफी अपने घर लाने में सफल रहा है।

## ब्रिस्बेन टेस्ट में खेलने की उम्मीद : हेजलवुड



एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा कि उन्हें भारत के खिलाफ आगामी ब्रिस्बेन टेस्ट में खेलने की उम्मीद है। हेजलवुड साइड स्ट्रेन के कारण चल रहे डे-नाइट एडिलेड टेस्ट से चूक गए, जिसके कारण स्कॉट बोलैंड ने उनकी जगह प्लेइंग इलेवन में जगह बनाई। हेजलवुड ने कहा कि उन्होंने कुछ बॉक्स पहले ही टिक कर लिए हैं और कुछ और टिक करने हैं। उन्होंने कहा, शरीर काफी अच्छा महसूस कर रहा है। मेरा मतलब है, टेस्ट के बीच लंबा अंतराल है, इसलिए इसने मुझे ठीक होने की कोशिश करने के लिए कुछ और दिन दिए हैं। मैंने इस सप्ताह में अब तक कुछ बॉक्स टिक किए हैं, और चौथे दिन एक बड़ा टिक करने की उम्मीद कर रहा हूं झ पूरे दिन कुछ स्पैल गेंदबाजी करूंगा और देखूंगा कि यह कैसा रहता है। इसलिए, उस दिन के लिए उंगलियां क्रॉस की हुई हैं। हेजलवुड ने डिनर ब्रेक के दौरान ब्रॉडकास्टर चैनल सेवन से कहा, मैंने मुख्य प्रशिक्षण के दिनों में से एक पर थोड़ा गेंदबाजी की थी, और तब मैं लगभग 70 फीसदी फिट था। इसलिए, कल मैंने नेट पर 80 से 90 प्रतिशत तक टिक किया और बस इसी पर काम जारी रखूंगा। पिछले कुछ सालों से यह टीम मेरे लिए थोड़ी परेशानी का सबब रही है। यह एक मामूली तनाव है; कुछ बॉक्स पहले ही टिक कर लिए हैं और कुछ और टिक करने हैं, इसलिए उम्मीद है कि यह ठीक रहेगा। हेजलवुड ने इस बात पर भी जोर दिया कि मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई सेट-अप अब तक के सबसे कड़े सेट-अप में से एक है, क्योंकि पर्थ टेस्ट के तीसरे दिन उनकी टिप्पणियों ने ड्रेसिंग रूम में विभाजन की चिंता को जन्म दिया था। यह शायद मेरे पूरे करियर में सबसे कड़े सेट-अप में से एक है जिसका मैं हिस्सा रहा हूं। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं। मुझे लगता है कि (मेरे उद्धरण) को थोड़ा अलग संदर्भ में लिया गया है। यह शायद एक सलामी बल्लेबाज से अगले दिन 10 विकेट लेने की कोशिश करने के बारे में पूछने जैसा है। आप इसका बड़ा हिस्सा नहीं हैं। नंबर 11 के दृष्टिकोण से शायद उस समय मेरी यही सोच थी। मुझे लगता है कि इसे थोड़ा बेहतर तरीके से कहा जा सकता था, लेकिन निश्चित रूप से प्लेइंग ग्रुप के साथ कोई दिक्कत नहीं है।

## वेस्टइंडीज में अगले साल तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगा ऑस्ट्रेलिया : निक हॉकली

एडिलेड। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के सीईओ निक हॉकली ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम अगले साल जून-जुलाई में वेस्टइंडीज के दौरे पर तीन टेस्ट मैच खेलेगी, जबकि पहले यह तय था कि केवल दो मैच होंगे। नई विश्व टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया को वेस्टइंडीज में सिर्फ दो टेस्ट खेलने थे। लेकिन हॉकली ने बताया कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और क्रिकेट वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज कराने का फैसला किया है। इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच हुई दो टेस्ट मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही थी। ऑस्ट्रेलिया 2015 के बाद पहली बार वेस्ट इंडीज में टेस्ट सीरीज खेलने जाएगा। उस समय ऑस्ट्रेलिया ने डोमिनिका और जमैका में दोनों टेस्ट जीते थे। हॉकली ने कहा, मुझे खुशी है कि अब तीन टेस्ट मैच खेले जाएंगे। हालांकि वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड से तारीखों और स्थानों को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा का इंतजार है, लेकिन यह निश्चित रूप से तीन मैचों की बड़ी सीरीज होगी, जैसी होनी चाहिए।उन्होंने आगे कहा, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नियमों के अनुसार हमें कम से कम दो मैच खेलने थे। लेकिन खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए तीन मैच बेहतर है, क्योंकि दो मैचों की सीरीज में 1-1 की स्थिति से कोई संतुष्ट नहीं होता। जब उनसे पूछा गया कि क्या इन तीन मैचों में से कोई एक पिंक बॉल डे-नाइट टेस्ट होगा, तो उन्होंने कहा, यह अभी तय नहीं हुआ है। समय आने पर जानकारी दी जाएगी। शुक्रवार को एडिलेड टेस्ट के दौरान अंतिम सत्र में दो बार लाइट्स बंद होने की घटना पर उन्होंने कहा, यह स्विचिंग का मामला था। हमें भरोसा दिलाया गया है कि अब यह दोबारा नहीं होगा।

# ट्रेविस हेड ने लगाया डे-नाइट टेस्ट का सबसे तेज शतक, भारत के खिलाफ फिर साबित हुए खतरनाक

**वेलिंगटने, एजेंसी**



ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने अपनी बल्लेबाजी से कई बार मैचों का रुख बदला है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट की पहली पारी में भी उन्होंने कुछ ऐसा ही किया है। इस पारी में ट्रेविस हेड ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में 141 गेंदों पर 140 रनों की तूफानी पारी खेली।

हेड के काउंटर अटैक के कारण ऑस्ट्रेलिया ने डे-नाइट टेस्ट मैच में भारत पर 150 रनों से अधिक की बढ़त हासिल कर ली है जो मैच के नतीजे के लिए निर्णायक भी साबित हो सकती है। ट्रेविस हेड ने अपनी पारी में 17 चौके और 4 छक्के लगाए। इसके चलते ही ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन डिनर ब्रेक तक 8 विकेट के नुकसान पर 332 रनों का स्कोर बना लिया है।

ऑस्ट्रेलिया को फिलहाल भारत के पहली पारी के स्कोर 180 रन पर 152 रनों की बड़ी बढ़त मिल गई है। इसमें हेड की भूमिका बड़ी अहम है। हेड ने यह डे-नाइट टेस्ट मैचों में अब तक का सबसे तेज शतक भी लगाया है। उन्होंने 111 गेंदों पर शतक लगाया। इससे पहले हेड ने ही इंग्लैंड के खिलाफ होबार्ट में साल 2022 में 112 गेंदों पर शतक लगाया था। ट्रेविस हेड डे-नाइट टेस्ट मैचों में अब तक तीन शतक लगा चुके हैं। यह तीनों ही शतक काफी तेज स्ट्राइक रेट के साथ लगाए गए हैं। हेड से ज्यादा डे-नाइट टेस्ट शतक केवल उनके हमवतन मार्नस लाबुशेन ने लगाए हैं। मिडिल ऑर्डर के दाएं हाथ के बल्लेबाज ने गुलाबी गेंद टेस्ट में चार बार शतक लगाए हैं।

वहीं, भारत के खिलाफ हेड के रिकॉर्ड की बात करें तो उनका बल्ला भारतीय गेंदबाजी के खिलाफ खूब चला है। हेड ने भारत के खिलाफ पिछली छह टेस्ट पारियों में 90(163), 163(174), 18(27), 11(13), 89(101) और ताजा स्कोर 140(141) का बनाया है। करियर की बात करें तो हेड ने अब तक 51 टेस्ट मैचों में 8 शतक और 17 अर्धशतक लगाए हैं। उन्होंने 43.20 की औसत के साथ बल्लेबाजी करते हुए 66.17 का तेज स्ट्राइक रेट निकाला है।

वहीं मैच में अब तक भारतीय गेंदबाजी की बात करें तो दूसरे दिन डिनर तक जसप्रीत बुमराह ने 59 रन देकर 4 और मोहम्मद सिराज ने 95 रन देकर 2 विकेट हासिल किए हैं। बुमराह इस सीरीज में अभी तक शानदार रहे हैं। उनको पहले मैच में ह्यप्लेयर ऑफ द मैच अवार्डह्न भी मिला था। भारत ने सीरीज का पहला टेस्ट पर्थ में 295 रनों के बड़े अंतर से जीता था।

# जो रूट बने टेस्ट क्रिकेट में 50 प्लस स्कोर की सेंचुरी लगाने वाले पहले अंग्रेज बल्लेबाज

**वेलिंगटने, एजेंसी**



इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में 50 या उससे ज्यादा रन बनाने का कारनामा 100 बार करके इतिहास रच दिया है। वह ऐसा करने वाले पहले इंग्लिश बल्लेबाज और दुनिया के चौथे खिलाड़ी हैं। रूट ने यह उपलब्धि न्यूजीलैंड के खिलाफ बेसिन रिजर्व में दूसरे टेस्ट मैच के दौरान हासिल की। यह उनका 151वां टेस्ट मैच था। तीसरे सत्र में 76 गेंदों में 65वां अर्धशतक लगाकर उन्होंने यह रिकॉर्ड बनाया। 33 वर्षीय रूट फिलहाल दुनिया के नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज हैं। उनके नाम अब 35 शतक और 65 अर्धशतक हैं। उन्होंने कुल 276 पारियों में 13,000 से ज्यादा टेस्ट रन बना लिए हैं। इस सूची में रूट ने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर, जैक्स कैलिस और रिकी पोंटिंग का साथ पाया है। सचिन तेंदुलकर के नाम टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर (119) हैं, जिसमें 51 शतक और 68 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं, कैलिस और पोंटिंग ने 103-103 बार 50+ रन बनाए हैं। रूट का यह रिकॉर्ड उस वक्त आया जब वे पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे थे। पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान में शानदार 262 रन बनाने के बाद, वे लगातार 7 पारियों में 50 का आंकड़ा पार नहीं कर सके थे। हालांकि, दूसरे टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने धैर्य से शतक लगाकर इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। दूसरी पारी में भी उन्होंने अर्धशतक लगाने के अलावा हैरी ब्रूक के साथ 95 रनों की अहम साझेदारी की और 50 रन का आंकड़ा पार किया। उनकी इस पारी ने इंग्लैंड की स्थिति को और मजबूत कर दिया। इसके अलावा, रूट 2024 में टेस्ट क्रिकेट में 1,500 रन बनाने की उपलब्धि के करीब हैं। इस साल अब तक 1,417 रन बना चुके रूट को यह रिकॉर्ड बनाने के लिए सिर्फ 83 और रन चाहिए। एक से ज्यादा बार एक कैलेंडर ईयर में 1,500 टेस्ट रन बनाने का यह रिकॉर्ड अब तक सिर्फ रिकी पोंटिंग के नाम है, जिन्होंने 2003 और 2005 में यह कारनामा किया था। रूट ने पहले 2021 में 1,500 रन का आंकड़ा पार किया था।

# भारत में मोटर स्पोर्ट्स के गॉडफादर इंदु चंडोक का निधन

**चेन्नई, एजेंसी**



भारतीय मोटरस्पोर्ट्स के दिग्गज इंदु चंडोक का शनिवार सुबह निधन हो गया। वे छह दशकों से भी अधिक समय से भारतीय मोटरस्पोर्ट्स से जुड़े रहे। वे 93 वर्ष के थे और अपने पीछे दो बेटे, एक बेटी, सात पोते-पोतियां और चार परपोते-परपोतियां छोड़ गए हैं।

इंदु चंडोक के बेटे और मद्रास मोटर स्पोर्ट्स क्लब (एमएमएससी) के उपाध्यक्ष विक्की चंडोक ने कहाः चंडोक परिवार के मुखिया का आज सुबह नींद में निधन हो गया। वे एक महान व्यक्ति थे। बीआईसी ने अपने जीवन को अंत तक हास्य की भावना से भरपूर जिया। वे एक शानदार पिता और संरक्षक थे। एक तरह से, वे भारतीय मोटरस्पोर्ट्स के मुखिया भी थे, जिन्होंने खेल के विकास के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ बड़ी तस्वीर देखी। परिवार और मोटरस्पोर्ट्स बिरादरी उन्हें याद करेगी।

एमएमएससी के अध्यक्ष अजीत थॉमस ने कहाः इंदु चंडोक के निधन से एमएमएससी और भारतीय मोटरस्पोर्ट्स ने एक दिग्गज और संस्थागत हस्ती खो दी है। भारत में मोटरस्पोर्ट्स को निश्चित दिशा प्रदान करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान था और अब हम उनके अथक प्रयासों का फल भोग रहे हैं। उन्होंने एमएमएससी को आज की स्थिति तक पहुंचाया। हम उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं।

22 जुलाई, 1931 को कोलकाता में जन्मे और फिर 1932 में चेन्नई (तत्कालीन मद्रास) चले गए, असीम ऊर्जा और विविध रुचियों से संपन्न इंदु चंडोक ने एक सक्रिय जीवन जिया। वे 1953 में मद्रास मोटर स्पोर्ट्स क्लब के संस्थापक सदस्यों में से एक थे और बाद में 1971 में फेडरेशन ऑफ मोटर स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया के वे अध्यक्ष (1978-79) भी थे। इसके अलावा वे ट्रस्ट का भी अभिन्न हिस्सा थे, जिसने श्रीपेरंबदूर के पास और चेन्नई से लगभग 40 किलोमीटर दूर इरुंगटकोट्टई में मद्रास इंटरनेशनल सर्किट (तत्कालीन मद्रास मोटर रेस ट्रैक) को खरीदा और विकसित किया।

इंदु चंडोक को देश में मोटरस्पोर्ट्स के विकास में उनके लंबे और स्थायी योगदान के लिए जाना जाता था। पिछले 60 वर्षों से मोटरस्पोर्ट्स से जुड़े रहने के कारण, पहले एक प्रतियोगी के रूप में और बाद में एक आयोजक के रूप में, उन्हें भारत में मोटर स्पोर्ट्स के गॉडफादर की उपाधि मिली। उन्होंने अपने मोटरस्पोर्ट्स जीन को अपने बेटे विक्की चंडोक, जो एक पूर्व राष्ट्रीय रैली चैंपियन हैं, और पोते करुण चंडोक, जो भारत के दूसरे फॉमूर्ला वन ड्राइवर (नारायण कार्तिकेयन के बाद) हैं, को दिया, जो अब एक प्रसिद्ध एफ1 रेस कमेंटेटर और विश्लेषक हैं।

# सैंडर स्कॉटहेम ने जीता अंतरराष्ट्रीय फेयर प्ले पुरस्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली । नॉर्वे के डेकाथलीट सैंडर स्कॉटहेम ने विश्व एथलेटिक्स पुरस्कार 2024 में अंतरराष्ट्रीय फेयर प्ले का पुरस्कार जीता। प्रशंसकों से प्राप्त नामांकन के बाद, अंतरराष्ट्रीय फेयर प्ले समिति (सीआईएफपी) और विश्व एथलेटिक्स के सदस्यों ने 2024 में एथलेटिक्स में पांच फेयर प्ले क्षणों की एक सूची पर निर्णय लेने के लिए एक निर्णायक मंडल का गठन किया, जिसके बाद स्कॉटहेम को विजेता घोषित किया गया।

स्कॉटहेम के लिए निष्पक्ष खेल का क्षण पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों में आया, जहाँ पोल वॉल्ट पदक की दौड़ से बाहर होने के बावजूद विश्व इनडोर और यूरोपीय रजत पदक विजेता स्कॉटहेम ने प्रतिस्पर्धा जारी रखने का फैसला किया। इस प्रक्रिया में स्कॉटहेम ने अपने हमवतन मार्कस रूथ का समर्थन किया, और अंतिम अनुशासन - 1500 मीटर में अपने साथी की मदद की। रूथ ने 8796 अंकों के राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्कोर के साथ नॉर्वे के लिए स्वर्ण पदक जीता, और 48 अंकों से ओलंपिक खिताब जीता।

विश्व एथलेटिक्स के हवाले से स्कॉटहेम ने कहा, मैं यह पुरस्कार पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। ओलंपिक मेरे लिए बहुत ही रोचक अनुभव था, क्योंकि मैंने बहुत अच्छी प्रतियोगिता की थी और फिर मैं पोल वॉल्ट में नो-हाइट हो गया और इसने मेरे पदक जीतने की संभावनाओं को बर्बाद कर दिया। उसी समय, मार्कस ने बहुत अच्छी पोल वॉल्ट प्रतियोगिता की जिसने उन्हें जीतने के लिए एक उत्कृष्ट स्थिति में ला दिया। स्कॉटहेम के इस वर्ष में 8635 का डेकाथलॉन पीबी हासिल किया था, जिसने उन्हें रोम में यूरोपीय रजत दिलाया और उनके 6407 के हेप्टाथलॉन राष्ट्रीय रिकॉर्ड ने विश्व इनडोर पदक दिलाया।

विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने कहाः मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि हमारा खेल एथलीटों के बीच निष्पक्ष खेल, ईमानदारी और सौहार्द के क्षणों के मामले में एक उदाहरण बना हुआ है। हम इसे सभी अलग-अलग एथलेटिक्स विषयों में देख रहे हैं - ट्रैक, फील्ड और रोड पर। जिस तरह से सैंडर ने वापसी की, वह एक महान एथलीट की पहचान है। चरित्र की असली परीक्षा मुश्किल समय में होती है, यह तब नहीं होता जब सब कुछ ठीक चल रहा हो, इसलिए मैं सैंडर को उनकी खेल भावना और लचीलेपन के लिए बधाई देता हूँ - वे इस पुरस्कार के योग्य हैं। सीआईएफपी के अध्यक्ष जेनो कामुती ने कहा, खेल जगत के सबसे महत्वपूर्ण मंच, ओलंपिक खेलों में एक एथलीट से इस तरह के निःस्वार्थ कार्य को देखना अद्भुत है। विश्व एथलेटिक्स के साथ हमारा संबंध अब 20 वर्षों से अधिक पुराना है, और अध्यक्ष कोए और उनकी टीम के साथ सहयोग करना एक खुशी की बात है। मुझे यह जानकर विशेष प्रसन्नता हो रही है कि हमने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप से आगे सहयोग का विस्तार किया है और अब हम पूरे वर्ष एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के प्रस्तावों का संयुक्त रूप से मूल्यांकन करते हैं। सैंडर स्कोथेम को बधाई।

सीआईएफपी की स्थापना 60 साल पहले खेल में निष्पक्ष खेल के सिद्धांतों को बढ़ावा देने के लिए की गई थी। यह उन लोगों को सम्मानित करता है जो खेल के लिखित और अलिखित नियमों का सम्मान करते हैं, जिसमें ईमानदारी, एकजुटता, सहिष्णुता, देखभाल, उत्कृष्टता और खुशी शामिल है, और जो मैदान पर और बाहर दूसरों के लिए एक उदाहरण स्थापित करते हैं। सीआईएफपी का विश्व एथलेटिक्स के साथ पहला सहयोग पेरिस में 2003 की विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप से शुरू हुआ। तब से बारह पुरस्कार दिए जा चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बुर्किना फासो के कार्यवाहक राष्ट्रपति ने सरकार भंग करने की घोषणा की

औगाडौगू। पश्चिम अफ्रीका में देश बुर्किना फासो के कार्यवाहक राष्ट्रपति इब्राहिम ट्रोरे ने देश की सरकार को भंग करने और प्रधानमंत्री को बर्खास्त करने का फैसला किया है। बुर्किनाबे समाचार पोर्टल लेफासो ने शुक्रवार को इस आदेश का हवाला देते हुए बताया कि इस्तीफा देने वाली सरकार तब तक काम करती रहेगी, जब तक कि नई सरकार नियुक्त नहीं हो जाती।

### सीरिया: संघर्ष में तीन लाख 70 हजार लोग विस्थापित हुये

संयुक्त राष्ट्र। सीरिया के सशस्त्र बलों और हयात तहरीर अल-शाम आतंकवादी समूह के बीच जारी संघर्ष बढ़ने के बाद से करीब 3 लाख 70 हजार लोग अपने घरों से विस्थापित हुये हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने शनिवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने आज कहा कि सीरिया में शत्रुता बढ़ने के बाद से करीब 3,70,000 पुरुष, महिलाएं और बच्चे विस्थापित हुये हैं। इनमें से एक लाख ऐसे लोग शामिल हैं, जो एक से अधिक बार अपने घर छोड़कर गए हैं। गौरतलब है कि सीरिया में 2011 से सशस्त्र संघर्ष जारी है। यहां हयात तहरीर अल-शाम आतंकवादी समूह (जिसे पहले नुसरा फ्रंट के नाम से जाना जाता था और यह रूस में प्रतिबंधित है) और कई अन्य सशस्त्र समूहों ने 29 नवंबर को सीरियाई सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया, जो इदलिब के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के उत्तर से अलेप्पो और हमा शहरों की ओर बढ़ रहा है। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने पांच दिसंबर को कहा है कि आतंकवादियों के साथ भीषण लड़ाई के बाद सीरियाई सशस्त्र बल हमा शहर से हट गए।

### इक्वाडोर में बस-कार की टक्कर से 16 लोगों की मौत

क्विटो। दक्षिणी इक्वाडोर में एक बस के कार से टकरा जाने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गयी और आठ अन्य घायल हो गए। प्रिमिसियास अखबार ने आपातकालीन सेवा के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक दुर्घटना लोजा और कैटामायो शहर को जोड़ने वाले राजमार्ग पर हुई , जहां कार से टक्कर होने के बाद बस पलट गयी। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### जॉर्जियाई पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर की पानी की बौछार

जॉर्जिया। जॉर्जियाई दंगा पुलिस इकाइयों ने त्बिलिसी में संसद भवन के पास प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया।

स्पूतनिक संवाददाता ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार शाम त्बिलिसी के केंद्र में रुस्तवेली एवेन्यू पर नौवीं विपक्षी रैली हो रही थी, जो यूरोपीय संघ में देश की सदस्यता पर वार्ता के अधिकारियों के निलंबन से असंतुष्ट थी। संसद के सामने कई हजार लोग एकत्र हुए, उनमें से सबसे सक्रिय लोग आक्रामक व्यवहार कर रहे थे। वे संसद के पास तैनात पुलिस अधिकारियों पर पत्थर और पटाखे फेंक रहे थे। बाद में, भीड़ को यहां से हटाने के लिये पानी की बौछार की।

गौरतलब है कि विपक्ष के विरोध प्रदर्शनों की नवीनतम श्रृंखला 28 नवंबर को जॉर्जिया में तब शुरू हुई, जब प्रधानमंत्री इराकली कोबाखिद्ज़े ने 2028 तक देश की यूरोपीय संघ में सदस्यता पर बातचीत शुरू करने के मुद्दे पर विचार को स्थगित करने के अपने फैसले की घोषणा की।

### सीरियाई सेना ने होम्स प्रांत में कई आतंकवादियों को मार गिराया

दमिश्क। रूसी और सीरियाई लड़ाकू विमानों के समर्थन से सीरियाई सशस्त्र बलों ने होम्स प्रांत के उत्तरी क्षेत्र में कई आतंकवादी को मार गिराया है।

सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा,हमारे सशस्त्र बलों ने होम्स प्रांत के उत्तरी क्षेत्र में एक सफल अभियान चलाया। इस दौरान, सीरियाई और रूसी लड़ाकू विमानों और तोपखाने की मदद से सीरियाई सशस्त्र बलों के संयुक्त प्रयास से कई आतंकवादियों को मार गिराया और बड़ी संख्या में उनके उपकरण तथा हथियार नष्ट कर दिये।

# ब्रिटेन : दो ब्रिटिश भारतीयों से किंग चार्ल्स तृतीय ने वापस लिए सम्मान

लंदन/एजेंसी



ब्रिटिश भारतीय समुदाय की दो प्रमुख हस्तियों झ्र रामी रेंजर और हिंदू काउंसिल यूके के मैनेजिंग ट्रस्टी अनिल भनोट झ्र को मिले सम्मान किंग चार्ल्स तृतीय ने वापस ले लिए हैं। किंग ने करोड़पति रेंजर से सीबीई (कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर) की उपाधि और लीसेस्टर में सामुदायिक कला केंद्र चलाने वाले एक प्रैक्टिसिंग अकाउंटेंट भनोट से ओबीई (ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर) की उपाधि छीन ली। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को लंदन गजट में यह घोषणा की गई। दोनों से अपना प्रतीक चिन्ह बकिंघम पैलेस को लौटाने के लिए कहा जाएगा। एक जब्ती समिति उन मामलों पर विचार करती है जिनमें सम्मान धारक को सम्मान प्रणाली को बदनाम करने वाला माना जा सकता है। जब्ती संबंधी समिति की सिफारिशें ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के माध्यम से राजा को सौंपी गईं। रेंजर और भनोट ने इस कदम की निंदा करते हुए इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताया। सामुदायिक सामंजस्य के लिए ओबीई सम्मान पाने वाले भनोट ने कहा कि जनवरी में जब्ती कमेटी ने उनसे संपर्क किया था और उन्होंने अपना पक्ष रखा था। उन्होंने कहा, मुझे लगा कि यह ठीक रहेगा, लेकिन जाहिर तौर पर ऐसा नहीं हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक भनोट ने जानकारी दी कि इस्लामोफोबिया का आरोप लगाने वाली शिकायत, 2021 में बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा के बारे में उनके ट्वीट्स के बारे में थी। एक वेबसाइट ने इन ट्वीट्स के बारे में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान और चैरिटी कमीशन से शिकायत की थी और दोनों ने ही उन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के आधार पर बरी कर दिया। भनोट ने बताया कि उन्हें नहीं पता कि जब्ती समिति से किसने शिकायत की। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि उसने इस्लामोफोबिक कुछ भी कहा था। भनोट ने कहा, उस समय हमारे मंदिरों को नष्ट किया जा रहा था और हिंदुओं पर हमला किया जा रहा था लेकिन मीडिया इसका कवरेज नहीं कर रहा था। मुझे उन लोगों के लिए सहानुभूति महसूस हुई। मुझे लगा कि किसी को कुछ कहना चाहिए। यह वैसा ही था जैसा कि अब हो रहा है, लेकिन छोटे पैमाने पर। मैं संवाद और विधायी उपायों की मांग कर रहा था। मैंने कुछ भी गलत नहीं किया और न ही मैंने सम्मान प्रणाली को बदनाम नहीं किया। इंग्लैंड में अब अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अतीत की बात हो गई है। मैं इससे काफी परेशान हूं। क्योंकि यह एक सम्मान है, मुझे नहीं लगता कि उन्होंने मेरी दलील पर बिल्कुल भी ध्यान दिया। कंजर्वेटिव पार्टी के समर्थक और ब्रिटेन स्थित एफएमसीजी फर्म सन मार्क लिमिटेड के संस्थापक, लॉर्ड रामी रेंजर के प्रवक्ता ने फैसले को अन्यायपूर्ण बताया और कहा कि रेंजर इसे चुनौती देंगे।

रेंजर को दिसंबर 2015 की नए साल की सम्मान सूची में दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की ओर से ब्रिटिश व्यापार और एशियाई समुदाय के लिए की गई सेवाओं के लिए सीबीई से सम्मानित किया गया था।

हालांकि यूके कैबिनेट कार्यालय की जब्ती समिति ऐसी सिफारिशों के पीछे अपने कारणों को स्पष्ट नहीं करती है, लेकिन यह कदम पिछले साल लॉर्ड्स जांच के बाद उठाया गया, जिसमें निष्कर्ष निकाला गया कि रेंजर ने धमकाने और उत्पीड़न से संबंधित संसदीय आचार संहिता का उल्लंघन किया था। लॉर्ड रेंजर के प्रवक्ता ने कहा कि वे अन्यायपूर्ण निर्णय को चुनौती देने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, लॉर्ड रेंजर ने कोई अपराध नहीं किया है और न ही उन्होंने कोई कानून तोड़ा है, जबकि इस तरह से अपना सम्मान रद्द करने वाले अधिकांश लोगों ने अपराध किया है या कानून तोड़ा है।

प्रवक्ता ने आगे कहा कि वह अपने लिए खुले विभिन्न कानूनी रास्तों के माध्यम से अपील के लिए सभी विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। लॉर्ड रेंजर अपने सीबीई के योग्य प्राप्तकर्ता थे। जिस तरह से यह उनसे छीना गया है, वह शर्मनाक है।

# दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ने मार्शल लॉ लागू करने के लिए मांगी माफी

## वादा किया अब ऐसा कोई प्रयास नहीं किया जाएगा

सोल/एजेंसी



दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने शनिवार को देश की जनता से माफी मांगी। उन्होंने कहा इस सप्ताह की शुरूआत में लगाए मार्शल लॉ को लेकर वो ईमानदारी से खेद प्रकट करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने वादा किया कि वे फिर से ऐसा कोई प्रयास नहीं करेंगे। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यून ने अपने खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पर संसदीय मतदान से कुछ घंटे पहले टेलीविजन पर सार्वजनिक संबोधन में कहा, मुझे इसके लिए गहरा खेद है। जिन्हें मेरे इस फैसले से तकलीफ हुई उनसे मैं ईमानदारी से माफी मांगता हूं।

यून ने यह टिप्पणी मंगलवार रात मार्शल लॉ घोषित करने के बाद पहली बार सार्वजनिक तौर पर की। उन्होंने मंगलवार (3 दिसंबर 2023) को छह घंटे बाद फैसला पलट दिया था। इससे ठीक पहले नेशनल असेंबली ने उनके खिलाफ मतदान किया था।

अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति के रूप में हताशा के कारण मार्शल लॉ लगाया था।

उन्होंने स्वीकार किया कि अचानक लिए गए निर्णय से लोगों को चिंता और असुविधा हुई। यून ने कहा, मैं मार्शल लॉ की इस घोषणा के लिए अपनी कानूनी और राजनीतिक जिम्मेदारी से नहीं बचूंगा। मार्शल लॉ को फिर से लागू करने की बात चल रही है, लेकिन मैं स्पष्ट कर दूं कि दूसरा मार्शल लॉ कभी नहीं होगा।

उन्होंने कहा, मेरे साथी नागरिकों, मैं अपने कार्यकाल सहित देश को स्थिर करने का काम अपनी पार्टी को सौंपूंगा। भविष्य में देश के मामलों के प्रबंधन के लिए मेरी पार्टी और सरकार पूरी तरह जिम्मेदार होगी। मैं एक बार फिर सिर झुकाकर लोगों को हुई परेशानी के लिए माफी मांगना चाहता हूं। यून को मई 2022 में पांच साल के कार्यकाल के लिए चुना गया था।

दक्षिण कोरियाई सांसदों ने राष्ट्रपति यून सुक येओल पर मार्शल लॉ लागू करने के उनके अल्पकालिक प्रयास के लिए महाभियोग चलाने का प्रस्ताव शनिवार को लाने की तैयारी विरोधी पार्टियों ने कर ली है।

हालांकि ये स्पष्ट नहीं है कि विपक्षी सांसदों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को आवश्यक दो-तिहाई बहुमत मिलेगा या नहीं। शुक्रवार को यून की अपनी पार्टी के नेता ने उनकी संवैधानिक शक्तियों को निलंबित करने की मांग की थी। कहा था कि अब वो इस पद पर बने रहने के काबिल नहीं हैं।

यून पर राष्ट्रपति पर पद छोड़ने का दबाव बढ़ रहा है, क्योंकि उन्होंने राज्य विरोधी ताकतों को जड़ से उखाड़ने के लिए मार्शल लॉ लगाकर देश को चौंका दिया था। उन्होंने विपक्ष पर महाभियोग प्रस्तावों और प्रस्तावित बजट कटौती के साथ सरकारी कामकाज को पंगु बनाने का आरोप लगाया था।

विपक्षी गुट, जिसके पास 300 सदस्यीय नेशनल असेंबली में कुल 192 सीटें हैं, शाम करीब 5 बजे उनके महाभियोग प्रस्ताव पर मतदान करने वाला है। प्रस्ताव के लिए सत्तारूढ़ दल से कम से कम आठ वोटों की आवश्यकता है, जिसके पास 108 सीटें हैं। दो मिनट के संबोधन के बाद, मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता ली जे-म्यांग ने यून के तत्काल इस्तीफे और महाभियोग की बात दोहराई। पीपीपी नेता हान डोंग-हून ने भी यून के शासन करने की क्षमता पर सवाल उठाते हुए इस्तीफे की मांग उठाई।

## रोमानिया : अदालत ने रद्द की राष्ट्रपति चुनाव प्रक्रिया, प्रमुख उम्मीदवार के खिलाफ जांच शुरू



बुखारेस्ट/एजेंसी। रोमानिया के संवैधानिक न्यायालय (सीसीआर) ने राष्ट्रपति चुनाव की पूरी प्रक्रिया को रद्द करने का फैसला किया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे दौर से ठीक दो दिन पहले शुक्रवार को फैसला सुनाया गया। चुनाव में मुख्य मुकाबला स्वतंत्र उम्मीदवार कैलिन जॉर्जेसकु और सेव रोमानिया यूनियन की नेता एलेना लासकोनी के बीच मुकाबला होना है। केंद्रीय निर्वाचन ब्यूरो द्वारा पिछले सप्ताह घोषित राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर के परिणामों के अनुसार, जॉर्जेस्कु ने 2,120,401 वोट (22.94 प्रतिशत) के साथ बढ़त हासिल की, उसके बाद सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी से लासकोनी (19.18 फीसदी) और प्रधानमंत्री मार्सेल सिओलाकू (19.15 प्रतिशत) का स्थान रहा। विभिन्न संस्थाओं और रोमानियाई नेशनल कंजर्वेटिव पार्टी के उम्मीदवार क्रिस्टियन टेरेस की शिकायतों के बाद चुनाव रद्द करने का फैसला आया। टेरेस को पहले चरण में 95,782 वोट मिले थे, जो कुल मतों का 1.04 प्रतिशत था। सीसीआर ने सोमवार को, 24 नवंबर को आयोजित 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर के परिणामों को रद्द करने की मांग वाली टेरेस की याचिका को खारिज कर दिया था। हालांकि, सीसीआर ने शुक्रवार के अपने फैसले में सरकार को एक नई चुनाव तिथि और समय सारिणी निर्धारित करने का आदेश दिया है, जिससे चुनावी प्रक्रिया पूरी तरह से फिर से शुरू हो जाएगी।

राष्ट्रपति क्लॉस इओहन्निस ने घोषणा की कि वे नए राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण तक पद पर बने रहेंगे। उन्होंने दोहराया कि उनका रोमानिया का प्रधानमंत्री बनने का कोई इरादा नहीं है। उम्मीदवारों ने चुनाव प्रक्रिया रद्द होने के बारे में अलग-अलग राय रखी। लास्कोनी ने इसे लोकतंत्र के लिए झटका बताया और तर्क दिया कि चुनावी प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए थी। उन्होंने रनऑफ जीतने में अपना विश्वास व्यक्त किया। सिओलाकू ने सीसीआर के फैसले को एकमात्र सही समाधान कहा। उन्होंने हस्तक्षेप के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के लिए जांच की आवश्यकता पर जोर दिया और रोमानिया की यूरोपीय विकास पथ के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

शुक्रवार को ही, रोमानिया के संगठित अपराध और आतंकवाद जांच निदेशालय ने रोमानिया की सुप्रीम काउंसिल फॉर नेशनल डिफेंस से प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर जॉर्जेसकू के राष्ट्रपति अभियान से जुड़े कथित साइबर अपराधों की आपराधिक जांच शुरू की।

## जॉर्डन ने सीरिया से लगने वाले बॉर्डर को बंद किया

अम्मान/एजेंसी



जॉर्डन के गृह मंत्री माजेन फराया ने दक्षिणी सीरिया में बिगड़ते हालात को देखते हुए जाबेर बॉर्डर को बंद करने की घोषणा की है। शुक्रवार को मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, इस निर्णय के तहत जॉर्डन के नागरिकों और ट्रकों को राज्य में लौटने की अनुमति दी जाएगी, लेकिन सीरियाई क्षेत्रों में जाने वाले पर प्रतिबंध रहेगा। बयान के अनुसार, मंत्रालय ने कहा कि जॉर्डन सीरिया पर बारीकी से नजर बनाए हुए है। वहीं सीमाओं पर सशस्त्र बल तैनात है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, जाबेर क्रॉसिंग दमिश्क-अम्मान अंतर्राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है (सीरिया में नासिब क्रॉसिंग के नाम से जाना जाता है) जो दोनों देशों को जोड़ने वाला कॉमर्शियल बॉर्डर है। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार, शुक्रवार को सीरिया में नासिब क्रॉसिंग के पास झड़प हुई थी, जहां सशस्त्र विद्रोही समूहों ने कथित तौर पर क्षेत्र में घुसपैठ की और सीरियाई सेना के ठिकानों पर हमला किया।

2011 में सीरियाई गृहयुद्ध की शुरूआत के बाद से क्रॉसिंग को कई बार बंद किया गया है। अप्रैल 2015 में इसे तीन साल के लिए बंद किया गया था। हालांकि, अक्टूबर 2018 में इसे फिर से खोला गया था। जॉर्डन और सीरिया दो मुख्य बॉर्डर क्रॉसिंग साझा करते हैं। अल-गोमरुक अल-कादिम क्रॉसिंग, जिसे जॉर्डन की तरफ रामथा के नाम से जाना जाता है, सीरियाई संघर्ष के कारण वर्षों से बंद है। दूसरी ओर, नासिब क्रॉसिंग जो दोनों देशों की सीमा को जोड़ती है कई विपरीत स्थितियों में काम करती रही है।

सीरिया में 27 नवंबर के बाद से विद्रोही ताकतों और सीरियाई सैनिकों के बीच संघर्ष चरम पर है। 29 नवंबर तक विद्रोही समूहों ने अलेप्पो पर कब्जा कर लिया और इसके अगले दिन इदलिब प्रांत पर भी नियंत्रण हासिल कर लिया था।

शुक्रवार को विद्रोही पश्चिमी अल-वायर जिले की ओर बढ़े थे। दिसंबर की शुरूआत में, सीरियाई राष्ट्रीय सेना ने अलेप्पो प्रांत और पूर्वोत्तर सीरिया में तेल रिफात के बीच विद्रोही गुटों द्वारा अपना दबदबा बनाए जाने के प्रयासों को विफल करने के लिए ऑपरेशन डॉन ऑफ फ्रीडम शुरू किया। यह ऑपरेशन पीकेके/वाईपीजी आतंकवादियों से तेल रिफात को मुक्त कराने में सफल रहा।

## रात भर सीरिया-लेबनान बॉर्डर पर किया एयर स्ट्राइक

### हिजबुल्लाह की यूनिट 4400 तबाह करना उद्देश्य : इजरायल



यरूशलम/एजेंसी

इजरायली वायु सेना ने सीरिया-लेबनानी सीमा के पास हथियार तस्करी मार्गों और सैन्य बुनियादी ढांचे पर रात भर हवाई हमले किए, इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में इस बात की पुष्टि की। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने रिपोर्ट की कि शुक्रवार को आईडीएफ के अनुसार, इन मार्गों का उपयोग हिजबुल्लाह द्वारा हथियारों के ट्रांसपोर्ट के लिए किया जाता था। बयान में कहा गया, यह हमला आईडीएफ द्वारा हाल के हफ्तों में सीरियाई-लेबनानी सीमा पर सीरियाई शासन द्वारा संचालित हथियार-तस्करी मार्गों को नष्ट करने के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। आईडीएफ ने कहा, हमलों का उद्देश्य हिजबुल्लाह की यूनिट 4400 को कमजोर करना था, जो इजरायली नागरिकों और सैनिकों के खिलाफ आतंकवादी हमलों के लिए इस्तेमाल किया गया था। बयान में कहा गया, आईडीएफ हिजबुल्लाह को फिर से हथियार बनाने या अपनी क्षमताओं को दोबारा निर्माण करने की अनुमति नहीं देगा। इजरायल ने हाल के वर्षों में सीरिया में कई हवाई हमले किए हैं, जिसमें उसने दावा किया है कि हथियार डिपो, परिवहन वाहन और ईरान और हिजबुल्लाह समेत सहयोगी समूहों से जुड़ी सुविधाएं हैं। इन अभियानों की अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने आलोचना की है। गुरुवार को, हिजबुल्लाह नेता नईम कासिम ने कहा कि उनका समूह विद्रोही हमलों के बीच सीरियाई सरकार का समर्थन करना जारी रखेगा। कासिम ने अमेरिका और इजरायल पर गाजा में अपनी विफलताओं के जवाब में सीरिया में हालात बिगाड़ने का आरोप लगाया। कासिम ने दावा किया कि आतंकवादी गुटह्न इजरायल के हितों को ध्यान में रखकर काम कर रहे हैं। इससे पहले लेबनान की समाचार वेबसाइट एलनाश्रा ने गुरुवार शाम को बताया था कि साउथ लेबनान के एक सीमावर्ती गांव को निशाना बनाकर इजरायल ने हवाई हमले किए थे जिसमें पांच लोग घायल हो गए थे। समाचार वेबसाइट के अनुसार, इजरायली सेना ने ऐतरौन गांव में कई घरों पर बम गिराए, जिससे वो तबाह हो गए।

## यूक्रेन के शहरों पर रूसी हमलों में 12 की मौत, कई घायल

कीव। यूक्रेन पर हुए रूसी हमलों में लगभग 12 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 39 लोग घायल हो गए। राज्य आपातकालीन सेवा ने शुक्रवार को बताया कि दक्षिणी शहर जापोरीज्जिया में हवाई बमों के हमले में दस लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। वहीं, एक कार सर्विस स्टेशन में भी आग लग गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, आग 250 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैल गई थी। हालांकि, आग पर तो काबू पा लिया गया। लेकिन, आग की वजह से छह वाहनों को नुकसान पहुंचा। शहर की रक्षा परिषद के प्रमुख ओलेक्सांद्र विलकुल ने बताया है कि मध्य यूक्रेन के क्रिवी रीह शहर में एक बैलिस्टिक मिसाइल एक प्रशासनिक भवन पर गिरी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया है कि हमले में छह अपार्टमेंट की इमारतें, पांच निजी घर और कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए।

## इटली-लेबनान संबंध : रोम का वादा लेबानानी आर्मी को जारी रहेगा समर्थन



बेरूत। इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो ने शुक्रवार को अपने लेबनानी समकक्ष मौरिस स्लिम के साथ बैठक के दौरान लेबनानी सेना को रोम के निरंतर समर्थन पर जोर दिया। उन्होंने कहा, इटली लेबनानी सेना की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए उसे समर्थन देना जारी रखेगा, विशेष रूप से इस महत्वपूर्ण चरण में। दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय संबंधों, लेबनान के घटनाक्रम, दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग और लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) में इतालवी यूनिट की भूमिका के महत्व पर चर्चा की। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी के हवाले से यह जानकारी दी। स्लिम ने लेबनान को दिए गए समर्थन और सेना को दी गई मदद के लिए इटली को धन्यवाद दिया। उन्होंने यूएनआईएफआईएल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति लेबनान भूमिका पर जोर दिया। लेबनानी रक्षा मंत्री ने कहा, सेना यूएनआईएफआईएल के साथ सहयोग करने के लिए उत्सुक थी और रहेगी।

लेबनान के मंत्री ने इजरायली दुश्मन द्वारा की जा रही लगातार शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों पर प्रकाश डाला, जो दोनों पक्षों के बीच संघर्ष विराम समझौते का घोर उल्लंघन है, जबकि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 के सभी प्रावधानों के प्रति लेबनान की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। अमेरिका और फ्रांस द्वारा मध्यस्थता किया गया संघर्ष विराम नवंबर के अंत में प्रभावी हुआ, जिसका उद्देश्य इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच लगभग 14 महीने से चल रही लड़ाई को रोकना था।

**फैसला** वे उन लोगों से ईमानदारी से माफी मांगते हैं जो मार्शल लॉ की घोषणा से बहुत हैरान हुए

# पीपुल्स पावर पार्टी को मेरे कार्यकाल पर फैसला लेने की आजादी : राष्ट्रपति यून

सोल/एजेंसी



दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक-योल ने शनिवार को कहा कि वह अपने कार्यकाल के बारे में सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी को फैसला लेने देंगे। इस तरह उन्होंने कार्यकाल में कटौती को स्वीकार करने की अपनी इच्छा का संकेत दिया।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, यून ने टेलीविजन पर दिए गए संबोधन में कहा कि वह राजनीतिक स्थिति को स्थिर करने के फैसले सत्तारूढ़ पार्टी को लेने देंगे, जिसमें उनका शेष राष्ट्रपति कार्यकाल भी शामिल है। उन्होंने कहा कि पार्टी और सरकार मिलकर राज्य के मामलों की जिम्मेदारी लेंगे।

संकटग्रस्त राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें बहुत खेद है और वे उन लोगों से ईमानदारी से माफी मांगते हैं जो मार्शल लॉ की घोषणा से बहुत हैरान हुए। उन्होंने कहा कि वे इसके लिए अपनी कानूनी और राजनीतिक जिम्मेदारी से बच नहीं सकते।

यून ने कैमरों के सामने सिर झुकाते हुए इस बात पर जोर दिया कि कोई और मार्शल लॉ घोषित नहीं किया जाएगा।

यून ने मंगलवार रात को आपातकालीन मार्शल लॉ घोषित किया था, लेकिन कुछ ही घंटों बाद इस फैसले को वापिस ले लिया। उनके इस कदम का न सिर्फ विपक्षी दलों बल्कि उनकी अपनी ही पार्टी ने विरोध किया।

मुख्य उदारवादी विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी और पांच अन्य छोटी पार्टियों ने बुधवार को यून पर महाभियोग चलाने के लिए प्रस्ताव पेश किया, जिस पर शनिवार दोपहर को मतदान हो सकता है।

सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी के नेता हान दोंग-हून ने कहा कि राष्ट्रपति यून का जल्द इस्तीफा जरूरी है। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में राष्ट्रपति के लिए सामान्य रूप से अपना कर्तव्य निभाना असंभव है।

हान ने कहा कि वह प्रधानमंत्री के साथ लोगों की आजीविका और महत्वपूर्ण मुद्दों पर बारीकी से चर्चा करके लोगों को होने वाली परेशानियों से बचाने की कोशिश करेंगे।

मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता ली जे-म्यांग ने कहा कि वे यून के संबोधन से बहुत निराश हैं, जो लोगों की सोच के अनुरूप नहीं था और इससे लोगों में विश्वासघात और गुस्से की भावना और बढ़ गई।

ली ने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रपति के तत्काल इस्तीफे या महाभियोग के अलावा अशांति को स्थिर करने का कोई और तरीका नहीं है, उन्होंने यून को पद छोड़ने या उनके खिलाफ महाभियोग के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने की कसम खाई।

## अमेरिकी नागरिकों से सीरिया छोड़ने का आग्रह

वाशिंगटन। अमेरिकी विदेश विभाग ने अमेरिकी नागरिकों से सीरिया छोड़ने का आग्रह करने के लिए एक सुरक्षा चेतावनी जारी की है। सीरिया में अमेरिकी दूतावास ने एक बयान में कहा, पूरे देश में सशस्त्र समूहों के बीच सक्रिय झड़पों के कारण सीरिया में सुरक्षा स्थिति अस्थिर और अप्रत्याशित बनी हुई है। राज्य विभाग अमेरिकी नागरिकों से सीरिया छोड़ने का आग्रह करता है। जबकि दमिश्क में वाणिज्यिक विकल्प उपलब्ध हैं।

बयान में बताया गया कि दमिश्क में अमेरिकी दूतावास ने 2012 में अपना परिचालन निलंबित कर दिया था। इसकी वजह यह बतायी गयी कि अमेरिकी सरकार सीरिया में अमेरिकी नागरिकों को कांसुलर सेवाएं प्रदान करने में असमर्थ है। बयान में कहा गया, चेक गणराज्य सीरिया में अमेरिकी हितों की रक्षा करने वाली शक्ति के रूप में कार्य करता है।

हयात तहरीर अल-शाम आतंकवादी समूह (जिसे पहले नुसरा फ्रंट के नाम से जाना जाता था और रूस में प्रतिबंधित था) और कई अन्य सशस्त्र समूहों ने 29 नवंबर को उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के उत्तर से आगे बढ़ते हुए सीरियाई सरकार के खिलाफ इदलिब अलेप्पो और हमा शहरों की ओर बड़े पैमाने पर अभियान चलाया।। इसके एक दिन बाद सीरिया का दूसरा सबसे बड़ा शहर अलेप्पो, 2011 में देश में संघर्ष की शुरूआत के बाद पहली बार आतंकवादियों के पूर्ण नियंत्रण में आ गया। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने 5 दिसंबर को कहा कि सीरियाई सशस्त्र बल आतंकवादियों के साथ भीषण लड़ाई के बाद हमा शहर से हट गए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129